काशीहिन्दूविश्वविद्यालयेन प्रकाशितायां ग्रहगणित ज्यौतिषग्रन्थमालायां

द्वितीयं पुष्पम्

सिद्धान्तशिरोमणिः

द्वितीयो भागः

(स्पष्टाधिकार-त्रिप्रश्नाधिकारात्मकः)

श्रीमद्भास्कराचार्योपज्ञवासनाभाष्यसहितः
मुनीश्वरापरनामविश्वरूपविरचित "मरीचि" भाष्यसंवलितः
स्वनिर्मित संस्कृतदीपिकाटीकया तथा शिखानुवादेन च सनाथः

काशिकहिन्दूविश्वविद्यालयीयसंस्कृतमहाविद्यालयज्यौतिषशास्त्र
प्राध्यापकेन गणितफलितज्यौतिष शास्त्राचार्येण
श्रीकेदारदत्त जोशी शास्त्रिणा
यथामति संशोध्य सम्पादितः

हिन्दूविश्वविद्यालयेन सम्मुद्रय प्रकाशं नीतश्च

विक्रम संवत् २०२० ईसवी सन् १९६४

केन्द्रीय-अनुदान-समिति-अनुमत्या
बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी प्रेस
लक्ष्मीदासेन मुद्रितम्

मूल्यम् २०) रूप्यकम्

BHĀSKARĀCHĀRYĀ'S

SIDDHĀNTA SHIRŌMANI

SPASHTADHIKĀRA AND TRIPRASHNĀDHIKĀRA

OF

GRAHA GAṆĪTADHYĀYA

WITH

VĀSANĀBHĀSHYA OF BHĀSKARĀCHĀRYA

MARĪCHI OF VISHVARŪPA ALIAS MUNISHVARA

DĪPIKĀ IN SAṂSKRIT

AND SHIKHĀ IN HINDI OF K. D. JOSHI

Edited By

KEDAR DATTA JOSHI

GANITA PHALITA JYOTISHASHĀSTRĀCHĀRYA

READER IN JYOTISHA

SAMSKRIT MAHĀVIDYĀLAYA

BANARAS HINDU UNIVERSITY

VARANASI 5

1964

Publisher
©The Banaras Hindu University
Varanasi—5.

Price Rs. 20/-

Printed by
LAKSHMI DAS
at the
Banaras Hindu University Press
Varanasi-5 (India)

Pandit Kedardatt Joshi of the Samskrit Mahavidyalaya, Banaras Hindu University, has rendered in-valuable service to Indian Astronomy by editing for the first time, Marichi (a Sanskrit commentary by Muneeswara on Bhaskaracharya's Siddhanta Shiromani) and bringing together in a series of volumes, the texts of Siddhanta Shiromani, and its Commentaries Vasana Bhashya and Marichi. Pt. Kedardatt has also included in this edition his own Deepika (notes in Samskrit on Marichi) and Shikha (an extensive elucidation in Hindi) thus increasing its usefulness to a wider range of scholars.

The careful editing of Marichi is by itself a work of great credit worthy of the best labours of a scholar and would entitle Pandit Kedardatta to a place in the galaxy of traditional scholars. Such a claim is further strengthened by his Deepika and fully substantiated by his lucid Shikha which is a distinct contribution to scientific literature in Hindi.

The scientists of our country are desperately struggling to coin technical words in Indian languages according to their own lights. The present work of Pandit Kedardatt should awaken them to a realisation that a rich store of technical vocabulary exists in several well-known Sanskrit works on different branches of knowledge.

Pandit Kedardatt deserves hearty congratulations on his monumental work, which, it is expected, will spur him on to still greater service to Ancient Indian Astronomy.

R. K. ASUNDI
Retired Professor of Spectroscopy,
Banaras Hindu University.

BANARAS HINDU UNIVERSITY
December 18, 1963.

श्रीमद्भास्कराचार्यविरचित—

सिद्धान्त शिरोमणेः

वासनाभाष्य सहित गणिताध्यायः
तस्य मरीच्यभिधया टीकया, दीपिका टीकया, सपरिष्कारेण शिखानुवादेन च सहितस्य
स्पष्टाधिकार-त्रिप्रश्नाधिकारयोर्विषयानुक्रमणिका ।

स्पष्टाधिकारे

विषयाः		पृष्ठ संख्या
स्पष्टाधिकारप्रयोजनम्	...	१०७
चतुर्विंशतिसंख्याकजीवाङ्कसाधनम्	...	१११
अभीष्टचापतो जीवासाधनम्	...	११८
जीवातो धनुः करणम्	...	१२०
परमक्रान्तिज्यादिकथनम्	...	१२७
भोग्यखण्डस्पष्टीकरणम्	...	१३३
भोग्यखण्डस्य धनुः करणाय स्फुटीकरणम्	...	१४३
केन्द्राद्धनर्णकल्पनं भुजकोटिकल्पनञ्च	...	१४६
मन्दपरिध्यानयनम्	...	१५४
भौमादीनां चलपरिध्यानयनम्	...	१५८
भुजकोटयोः फलानयनम्	...	१६४
प्रकार चतुष्टयेन कर्णानयनम्	...	१६७
लघुज्यया लघुप्रकारेणार्केन्दोर्मन्दफलानयनम्	...	१७८
अर्केन्दोर्गति स्पष्टीकरणम्	...	१८०
भौमादीनां शीघ्रफलानयनम्	...	१८२
प्रकारान्तरेण फलानयनम्	...	१८४
फलानयनपूर्वकग्रहस्पष्टीकरणम्	...	१९०
गतिस्फुटीकरणम्	...	१९९
गतेः शीघ्रफलसाधनम्	...	२०६
गतिफलदूषणम्	...	२१६
भौमादीनां वक्रतासम्भवकथनम्	...	२२३
भौमादीनामुदयास्तसंभवकथनम्	...	२२७
स्फुटग्रहान्मध्यग्रहानयनम्	...	२३४

विषयाः		पृष्ठ संख्या
पलभाज्ञाननिरूपणम्	···	२३७
पञ्चज्या साधनम्	···	२४०
प्रकारान्तरेण चरज्यानयनम्	···	२४३
दिनरात्रिमानानयनम्	···	२४७
ग्रहाणां चरकर्मकथनम्	···	२४९
लङ्कोदयसाधनम्	···	२५१
प्रकारान्तरेण लङ्कोदयसाधनम्	···	२५४
द्रेष्काणनवांशाद्युदयकथनम्	···	२६०
स्वदेशोदय साधनम्	···	२५७
भुजान्तरसाधनम्	···	२६२
उदयान्तरानयनम्	···	२६३
उदयान्तर-भुजान्तर-चरान्तररूपकर्मत्रय कथनम्	···	२६७
तिथिकरणभयोगानां साधनम्	···	२७३
नतकर्मानियनम्	···	२७६
स्फुटग्रहस्य तात्कालिकीकरणनिरूपणम्	···	२८३
सूक्ष्मफलानयनम्	···	२८५
राशिसङ्क्रान्तिमानं भतिथिकरणयोगानां सन्धिमानानयनञ्च	···	२९२

त्रिप्रश्नाधिकारः

त्रिप्रश्नाधिकारप्रयोजनम्	···	२९७
लग्नसाधनम्	···	२९९
लग्नात्कालानयनम्	···	३०८
दिग्ज्ञानसंबंधथनम्	···	३२३
छायातः कर्णः, कर्णात् छायाज्ञानकथनम्	···	३२४
शङ्कुसंज्ञाविशेषकथनम्	····	३२६
अक्षक्षेत्राणां कथनम्	···	३२८
एषामक्षक्षेत्राणामेकस्य दोः कोटिकर्णैः परस्परमन्यानि दोः कोटिकर्णानि भवन्तीति निरूपणम्	···	३३७···३४६
कोणशङ्कोरानयनम्	···	३४८
नतोन्नतसाधनम्	···	३६१
शङ्कुदृग्ज्ययोः साधनम्	···	३६३
प्रकारान्तरेण शंकुसाधनम्	···	३६४
हृत्यन्त्ययोः साधनम्	···	३६७
अन्त्यातो हृतिं हृतेश्चान्त्या कथनम्	···	३६८
अन्त्याहृतिभ्यां दिनार्द्धशङ्कुसाधनम्	···	३६९
दिनार्द्धदृग्ज्याकथनम्	···	३७२

विषयाः		पृष्ठ संख्या
प्रकारान्तरेण दृग्ज्याकथनम्	...	३७३
छायाकर्णयोस्साधनम्	...	३७५
उन्मण्डलछायार्थं परस्य साधनम्	...	३७८
उन्मण्डलकर्णान्मिध्यकर्णसाधनम्	...	३८१
एकप्रकारेणेच्छादिक्छाया कथनम्	...	३८२
दिग्ज्याज्ञान कथनम्	...	३८४
इच्छादिक्च्छायानयनम्	...	३८६
इच्छादिक्च्छायासम्बन्धे विशेष कथनम्	...	३९०
प्रकारान्तरेणेच्छादिक्साधनम्	...	३९६
मन्दानां प्रतीत्यर्थं कर्णाग्रया बाहुसाधनपुरःसरं दिग्ज्या साधनम्	...	४११
कालनियमेन छाया कथनम्	...	४१३
प्रकारान्तरेण कलायाः साधनम्	...	४१३
यष्टेः साधनम्	...	४१७
इष्टान्त्येष्टहृत्योरानयनम्	...	४१८
इष्टशङ्कु साधनम्	...	४१९
नतकालाच्छंकुसाधनम्	...	४१९
प्रकारान्तरेणेष्टशङ्कर्थं विशेष कथनम्	...	४२१
इष्टान्त्यकेष्टहृतिभ्यामिष्टशंकु साधनम्	...	४२२
प्रकारान्तरैश्छायाकर्ण कथनम्	...	४२४
तत्र विशेषकथनम्	...	४२५
तथा तत्र अन्यविशेषकथनम्	...	४२७–४३०–४३४
छायातः कालज्ञान कथनम्	...	४३५
तत्र विशेष कथनम्	...	४३७
उन्नतकालस्य प्रकारान्तर कथनम्	...	४३८
छायातोऽर्कानयनम्	...	४३९
क्रान्तिज्ञाने सति पलज्ञानम्	...	४४३
छायातो भुजज्ञानम्	...	४४३
इदानीं सोत्तराः प्रश्नाः	...	४४७...५०४
नलकयन्त्रेण ग्रहविलोकनप्रकार कथनम्	...	५०५
नलकयन्त्रेण जले ग्रहविलोकन प्रकार कथनम्	...	५१०
नलकयन्त्रेण ग्रहविलोकनप्रकरणस्योपसंहार श्लोक कथनम्	...	५१२

प्रस्तावना

श्रीमन् ।

भास्कराचार्य कृत सिद्धान्त शिरोमणि ज्योतिर्विज्ञान का अप्रतिम ग्रन्थ है। उसकी महत्ता ज्योतिर्विदों के लिये सर्वमान्य है।

इस महत्त्वपूर्ण-ग्रन्थ के मध्यमाधिकार पर श्री पं० केदारदत्त जी बड़ी उपयोगी विशद टीका लिखकर प्रकाशित कर चुके हैं। आज उसी ग्रन्थ के स्पष्टाधिकार पर नवीन टीका लिखकर प्रकाशित करने जा रहे हैं। मैंने प्रकाशित, से प्राङ्मुद्रित-अंश का अवलोकन किया। अवश्य ही श्री पण्डित जी का यह श्रम अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। सुविदित वासना भाष्य के साथ ही मुनीश्वर कृत मरीचि टीका का भी उसमें समावेश किया गया है। यह टीका दुर्लभ वस्तु है। मैंने अपने अध्ययन काल में इसके कुछ अंशों को देखा था, और सूर्य पण्डित की व्याख्या का अवलोकन भी किया है। मरीचि टीका अद्यावधि अप्रकाशित है, उसे स्पष्ट कर तथा पाठों को परिमार्जित कर जिस श्रम एवं अध्यवसाय से, उपयोग में लिया गया है वह वस्तुतः श्लाघ्य ही है।

श्री जोशी जी ने अपनी दीपिका-टीका में वस्तु-विषय का सुन्दर विवेचन किया है। साथ ही यह प्रसन्नता की बात है कि हिन्दी भाग में भी शिखा-नामक टीका लिख कर गम्भीर विषय को सरलता से समझाने का स्तुत्य प्रयास हुआ है। शिखा-टीका में पण्डित जी ने विषय का विशद विवेचन करके ग्रन्थ को सर्वांगीण बनाने का सफल-यत्न किया है। निःसन्देह शिरोमणि का यह सव्याख्या-स्पष्टाधिकार विबुधजनों से लेकर विद्यार्थियों तक सब के लिये हितकर सिद्ध होगा।

विश्वविद्यालय आयोग ने इसमें पूर्ण योग देकर एक महत्वपूर्ण ग्रन्थ के प्रकाशन का श्रेय प्राप्त किया है।

मुझे पूर्ण आशा है कि श्री पण्डित केदारदत्त जी का यह श्रम और अध्यवसाय पूर्णतया सार्थक और सफल सिद्ध होगा, मेरा अभिनन्दन।

सूर्यनारायण व्यासः ।
(पद्मभूषण) उज्जैन ।

प्राक्कथन

गणित के मुख्य पाँच भेदों में ग्रहगणित सर्वापेक्षया विशेष महत्त्व रखता है (१) अंकगणित, (२) बीजगणित, (३) रेखागणित, (४) त्रैकोणमितिक गणित, (५) ग्रहगोलगणित। गणित के इन पाचों भेदों का उत्तरोत्तर ग्रहगोलगणित में पर्यवसान होने से ग्रहगोलगणित की महत्ता स्वयं सिद्ध है।

इन पाँचों गणितों की एक रूपता हमें आर्यभट्ट प्रथम के 'आर्य भट्टीय तन्त्र' से मिलने लगती है। ज्यौतिश्शास्त्र प्रवर्त्तक मुख्यत्वेन सूर्य, पितामह, व्यास, वसिष्ठ, अत्रि, पराशर, लोमश, यवन, सूर्य, च्यवन, कश्यप, भृगु, पुलस्त्य, मनु, पौलिश, शौनक, अङ्गिरा, गर्ग और मरीचि ये अठारह आचार्य कहे गये हैं। (यह कश्यप का शास्त्रान्तर वचन है)।

किन्तु आश्चर्य की बात है कि उक्त ज्योतिश्शास्त्र प्रवर्त्तक एवं ज्योतिष के संहिता आदि ग्रन्थों के प्रणेता आचार्यों ने महात्मा लगध की चर्चा कहीं भी नहीं की है। "कालज्ञानं प्रवक्ष्यामि लगधस्य महात्मनः" महात्मा लगध का कालज्ञान सर्वोपरि है, क्योंकि महात्मा लगध ने हमें "वेदांग" मूलक ज्यौतिष शास्त्र के पञ्च वर्षात्मक युग बर्णन का एक सिद्धान्त बताया है। इसी मूल सिद्धान्त की भित्ति पर आज तक का ज्योतिश्शास्त्र आधारित है। महात्मा लगध प्रणीत इस वेदांग ज्यौतिष में ऋग्वेद के तथा कुछ यजुर्वेद के छन्दोबद्ध कुछ मन्त्र मिलते हैं। इसमें ग्रहों में केवल सूर्य चन्द्रमा दोनों की ही चर्चा मिलता है, एवं दिन रात्रि के ह्रास वृद्धि, आश्लेषार्द्ध से दक्षिणायन की प्रवृत्ति धनिष्ठा से उत्तरायण की प्रवृत्ति के प्रतिपादन के साथ साथ इसमें आश्विन्यादि नक्षत्रों का गणना क्रम भी परिलक्षित होता है, तथापि इस ग्रन्थ को ग्रहगणित सिद्धान्त के लक्षणों की चरितार्थता के अभाव में सिद्धान्त ग्रन्थ नहीं कहा जा सका है।

साथ ही आचार्य "लगध" के इस ग्रन्थ में ज्यौतिश्शास्त्र के गणित स्कन्ध की स्तुति भी नय रूप में मिलती है कि वेदांग शास्त्रों में (शिक्षा, कल्प, निरुक्त, व्याकरण, छन्द और ज्यौतिष) गणित ज्यौतिष ही मूर्धन्य है। जैसे—

"यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा, तद्वेदांगशास्त्राणां ज्यौतिषं (गणितं) मूर्ध्नि संस्थितम्। यह ग्रन्थ महाभारत से प्राचीन है ऐसा ऐतिहासिकों का मत है।

इस ग्रन्थ में लगधाचार्य ने परम दिनमान ३६ घटी (१४ घण्टा २४ मिनिट) का माना है। उत्तर भारत में इतना बड़ा दिन आजकल के सम्पात की गति से प्रायः २३ जून के आसपास कश्मीर में ही हो सकता है। काशी, प्रयाग, हरिद्वार में सबसे बड़ा दिन प्रायः ३४ घटी (१३ घण्टा ३६ मिनिट) तक का हो जाता है। इसी से सुधावर्षिणी कार के मत से यह स्थान काश्मीर में हो सकता है।

किन्तु—"एक और भी सम्भाव्य कल्पना हो सकती है कि सूर्य की परम उत्तर क्रान्ति के समय २९°, ३०° के अक्षांशीय देशों में (भूमध्यरेखा से उत्तर) ऋषियों की तपोभूमि

तपोवनों में मान सरोवर, बदरिकाश्रम, अमरनाथ, श्रीनगर, ज्योतिष्पीठ, (जोशी मठ) जैसे प्राचीन धार्मिक स्थलों की ज्ञानागार गुफाओं में से किसी एक में महात्मा लगध ने ज्योतिश्शास्त्र का ज्ञान प्राप्त किया था जो उक्त वेदांग ज्यौतिष द्वारा हमें आज उपलब्ध है। और हिमालय की चोटियों में भूपृष्ठीयस्तर की अधिक ऊँचाई के कारण सूर्योदय में सूर्य किरणों का प्रथम प्रसार एवं सूर्यास्त के पश्चात् कुछ समय तक किरणों का आंशिक दर्शन स्वभावतः होने से यह देश ३६ घटी दिनमान के (१४½ घण्टा) अवश्य होते हैं—इस दृष्टि से यही ज्योतिश्शास्त्र की पृष्ठभूमि कही जा सकती है।

महात्मा "लगध" के वेदाँग ज्यौतिष के पश्चात् का सिद्धान्त लक्षण घटित ग्रहगणित का सर्व प्रथम ग्रन्थ 'आर्य भट्टीय' ही अभी तक उपलब्ध हुआ है। यद्यपि इसके पूर्व में 'सूर्यप्रज्ञप्ति' जैसे जैन सम्प्रदाय के ज्यौतिष के मौलिकग्रन्थ अवश्य समादरणीय हैं, किन्तु इनमें ग्रहगणित के सिद्धान्त के कुछ ही अंशों में घटित होने से इन ग्रन्थों की स्थिति तब से आज तक वहीं पर है, संभवतः यह स्थिति आज तक आगे नहीं बढ़ी है।

आर्यभट

ज्योतिश्शास्त्र के इतिहास में आर्यभट्ट का पौरुषेय ग्रन्थ "आर्य-भट्टीय" ही उपलब्ध है। आर्य भट्ट ने २३ वर्ष की अपनी अवस्था में शक सं० ४२१ अर्थात् ई० सन् ५५६ में ज्यौतिष सिद्धान्त के 'आर्य भटीय तन्त्र' नामक ग्रन्थ की रचना कर ली थी।

आर्य भट्टीय के अंक संकेतों की विशेषता

आर्य भट्ट ने विलक्षण संकेत रीतियों से अंकों का परिचय एक ही श्लोक में दे दिया है। जैसे—

वर्गाक्षराणि वर्गेऽवर्गेऽवर्गाक्षराणि कात् ङ मौ यः।
ख द्वि नवके स्वरा नव वर्गेऽवर्गे नवान्त्य वर्गे वा॥

पुष्पपुर (पटना) के नालन्दा जैसे शिक्षा केन्द्र में बसते हुये आर्य भट्ट ने तपोबल से ज्ञान सम्पादन कर अपने शिष्यों के अतिरिक्त विरोधी सम्प्रदाय को उक्तज्ञान परम्परा सुलभ न हो, इस विचार से उक्त संकेतों को गोपनीय भी उन्होंने स्वयं किया था। यह संकेत निम्नभांति हैं जो आर्य भट्ट ने कहे हैं क=१, ख=२, ग=३, घ=४, ङ=५ च=६···ञ=१०, ट=११···ण=१५, त=१६···न=२०, प=२१···म=२५। ङ और म ङमौ अर्थात् ५+२५=३० कहा है।

अर्थात् य=३० इस प्रकार र=४०। ल=५०। व=६०। श=७०। ष=८०। स=९० ह=१००

नौ स्वरों को, अ इ उ ऋ लृ ए ऐ ओ औ वर्गाक्षर और अवर्गाक्षरों में मिलाने से इकाई दहाई आदि १८ स्थान द्योतक अंकों की स्थितियों का परिचायक बताया है। जैसे—

क्+अ=क=१
क्+इ=कि=१००

क्+उ=कु=१०००

: : :

क्+औ=कौ=१००००००००००००००००

इसी प्रकार ख्+अ=ख=२

ख्+इ=खि=२०

ख्+उ=खु=२००

इसी प्रकार य्+अ=य=३०

य्+इ=यि=३०००

य्+उ=यु=३००००० इत्यादि ।

ह्रस्व और दीर्घ स्वर और वर्णों से भी (जैसे कि और की से) १०० ही समझना चाहिए ।

उपयोग में जैसे–निदर्शनार्थ यदि पृथ्वी की सूर्य के चारों तरफ की परिक्रमा की संख्या १ एक कल्प में समझनी है तो आर्यभट के भगणाध्याय से—

"युग रवि भगणाः ख्युघृ" इति ऐसे पाठ की अंक संख्या निम्न भांति समझी जानी चाहिये ।

जैसे खु=२०००० । यु=३००००० । घृ=४०००० इनका योग

यु=३०००००

घृ=४००००००

४३२०००० यह ब्रह्मगुप्त, श्रीपति, लल्ल, भास्कराचार्य के रवि भगणों की संख्या (कोटि गुणिता रदाब्धयः) के तुल्य (रद=दांत=३२, अब्धि=समुद्र=४, अंकों की वामगति की प्रणाली से ४३२) संख्या हुई जिसे कोटि गुणित करने से ४३२००००००० यह एक कल्प की सूर्य बुध और शुक्र की भगरण संख्या हुई । १०००० सहस्र से इसमें भाग देने से यह संख्या ४३२०००० उक्त आर्य भट्ट के संकेत प्रणाली से ज्ञात भगण के तुल्य हो जाती है । इसी प्रकार सर्वत्र आर्य भट्ट का क्रम समझना चाहिए ।

आर्यभट्ट की उक्त संकेत कल्पनाओं पर विद्वानों के अपने अनेक विचार हैं, जिन्हें यहाँ पर देना आवश्यक नहीं है ।

विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह है कि सर्वप्रथम आर्यभट ने ही पृथ्वी के अपने अक्ष पर भ्रमण करने की बात कही है, किन्तु आर्य भट्ट के परवर्ती लल्ल, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिरादि आचार्यों ने आर्य भट के भूभ्रमण मत का न तो समर्थन ही किया और न कहीं पर खण्डन ही किया है । और न तो कहीं उल्लेख ही किया है ।

ग्रह कक्षाओं का क्रम सूर्य केन्द्राभिप्रायिक है । प्राचीनों की बुद्धि में भी यह बात अच्छी तरह आयी थी, किन्तु लोक व्यवहार या लोकमत के भय के कारण संभवतः आर्यभट्ट के उक्त मत पर प्राचीनों ने मूक ही रहना अच्छा समझा होगा । अथवा यह भी संभव है कि पृथिवी और सूर्य दोनों में किसी एक की स्थिरता और दूसरे बिम्ब की चालनता (गतिशीलता) से गणित में कोई विकार नहीं होन से भी प्राचीन आचार्य लोक व्यवहार के अनुसार आज तक

सूर्योदय और सूर्यास्त लिखने की ही पद्धतियों को उचित समझते हैं और नवीन भी इसी पद्धति को सहर्ष स्वीकार करते आ रहे हैं।

"दिनोन्मुखेऽर्के दिनमेव तन्मतम्"······॥
दिनं सुराणा मयनं यदुत्तरम्······॥
महत्त्वान्मण्डलस्यार्कः स्वल्पमेवापकृष्यते।
मण्डलाल्पतया चन्द्रस्ततो बह्वपकर्षते॥

इत्यादि सिद्धान्त ग्रन्थों के—

उक्त वाक्यों का स्पष्ट अर्थ है कि–देवतारूप उच्चसंज्ञक शक्तिकेन्द्र का नाम आकर्षण विन्दु है। ग्रहों की कक्षाओं में ग्रहों की तरह बड़े दीर्घ समय में चलित होने वाले ग्रहों के आकर्षण विन्दु से ग्रह पिण्ड के नैकट्य और दूरस्थता वश ग्रहों का आकर्षण करने से ग्रह पिण्ड पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और नीचे तथा ऊपर की तरफ उच्च से प्रक्षिप्त (खिंचाव) से किये जाने के कारण बहुविध गतियों को प्राप्त होते हैं।

जैसे—

सौर मण्डल के शक्तिकेन्द्र का नाम उच्च है। हमारे भारतीय शास्त्रों में इस शक्ति केन्द्र को देवता कहा गया है। इसलिये उच्च देव से महान् ग्रहपिण्ड का आकर्षण कम होने से मध्यम मानीय ग्रह राश्यादि मान में आकर्षण फल स्वल्प होता है।

चन्द्रमा का बिम्ब, जलमय पिण्ड या नवनीत (मक्खन) या पीयूष पिण्ड है। सूर्य और पृथ्वी आदिक ग्रह पिण्डों की अपेक्षा इसका वजन कम होने से उच्च देव से ये अधिक खिंच जाने से, सूर्य और पृथ्वी आदि की अपेक्षा इसका आकर्षण फल अधिक होता है। इस प्रकार भौम बुध गुरु प्रभृति ग्रहों का वजन कम होने से ये अत्यधिक आकृष्ट होते हैं। फलस्वरूप उच्च (शक्ति) की वायु रज्जुओं से ये अधिक खींचे जाते हैं। अर्थात् इन ग्रहों की दैनन्दिनीय गतियाँ अधिक होती हैं। इस प्रकार उच्च, पात आदिक दैवशक्ति केन्द्रों से तथा आकाश और वायु के समवाय सम्बन्धों से वे ग्रह-पिंड आकाश में अपनी-अपनी कक्षाओं में दैवदत्त मर्यादा पथों में भ्रमण करते हैं।

सूर्यसिद्धान्त के उक्त कथन से सभी ग्रहों के उच्चों में आकर्षण शक्ति समान है तथा स्वयं बड़े ग्रह पिण्ड में बृहदाकर्षण शक्ति एवं लघु ग्रह पिण्ड में लघ्वाकर्षण शक्ति सिद्ध होती है। क्योंकि बड़े पिण्ड की आकर्षण शक्ति रहित उच्च की शक्ति, अल्प पिण्ड के आकर्षण रहित उच्च-शक्ति से कम होती है। इसीलिये बड़े ग्रह पिण्ड का परम खिचाव कम, एवं लघु ग्रहपिण्ड का खिचाव (आकर्षण) अधिक होता है।

यहाँ पर उच्च (शक्ति केन्द्र) और ग्रहपिण्ड के आकाशीय एक धरातलीय अन्तर रूप रज्जु (सूत्र) रेखा के वर्ग की न्यूनाधिकता से आकर्षण फल भी न्यूनाधिक होता है अथवा ग्रह पिण्ड का (नैकट्य और दूरस्थता से) परिमाण जैसे जैसे बढ़ता है तैसे तैसे आकर्षण शक्ति भी उपचीयमान, (वर्धमान) तथा दोनों पिण्डों का अन्तर सूत्र वर्ग जैसे जैसे बढ़ता है तैसे तैसे आकर्षण शक्ति भी अपचीयमान (न्यून) होती है—इत्यादि ऊपर का यह आकर्षण-विचार अत्यन्त स्पष्ट रूप में अपने प्राचीन सूर्य सिद्धान्त में उपलब्ध होता है।

यूरप के प्रसिद्ध गणितज्ञ न्यूटन का (सन १६४१-१७१७ तक) भी यही सिद्धान्त है जिसे कि भारतीय ग्रह गणितज्ञों ने बहुत पहले ही बता दिया था।

पाठकों के सामने एक और उदाहरण रखना आवश्यक है—वह है

पृथ्वी के घनफल निकालने का सिद्धान्त। यह सिद्धान्त भारतीय ज्यौतिष में ईसवी सन् की प्रथम द्वितीयादि शताब्दियों से मिल रहा है। भास्कराचार्य (सन् ११५०) में यह सिद्धान्त अत्यन्त परिस्फुट और निर्दोष सिद्ध हो गया था। जैसे—कल्पना कीजिये अ इ प ल यह एक ठोस गोल है। किसी भी वृत्त के सैकड़ों विभाग किये जाने से वृत्त का चापाकार विभाग सरल रेखा की तरह होता है अर्थात् चापीय रेखा और सरल रेखा में अभेद हो जाता है।



और भी कल्पना कीजिए कि इस वृत्त के अनेक विभाग अर्थात् न अपरमित संख्या के तुल्य कर दिये गये। इसका एक भाग प ल है। इस प्रकार इस वृत्त में ल प के बराबर न संख्या तुल्य अनेक त्रिभुज उत्पन्न होंगे। एक त्रिभुज के क्षेत्रफल को न संख्या के तुल्य त्रिभुज संख्या से गुणा करने पर समग्र वृत्त का क्षेत्रफल निकल जावेगा।

इस त्रिभुज की एक भुजा का मान परिधिमान में न संख्या से भाग देने से ज्ञात होगा। और इस त्रिभुज में $\frac{\text{व्यास}}{२}$ = लम्ब का मान है। अतः एक त्रिभुज का क्षेत्र फल, प्राचीन आचार्यों के "लम्ब गुणं भूम्यर्धं स्पष्टं त्रिभुजे फलं भवतीति" के अनुसार "त्रिभुज के आधार को त्रिभुज के लम्ब से गुणित कर २ से भाग देने से ज्ञात होता है" यथा—

$\frac{\text{परिधि}}{\text{न}} \times \frac{\text{व्या०}}{२} \times \frac{१}{२} = \frac{\text{परिधि} \times \text{व्यास}}{४ \times \text{न}}$, यह एक त्रिभुज का क्षेत्रफल है। इस क्षेत्रफल को न संख्या से गुणा करने से

$\frac{\text{परिधि} \times \text{न} \times \text{व्यास}}{४ \times \text{न}} = \frac{\text{परिधि} \times \text{व्यास}}{४}$, यह वृत्त का क्षेत्रफल हुआ। "वृत्त क्षेत्रे परिधि गुणितः व्यास पादः फलन्तत्" यह भास्कराचार्य का सिद्धान्त सम्यगुपपन्न हो रहा है।

"कन्दुकस्येव जालम्" कन्दुक को जाल से आवृत्त करने से जाल का क्षेत्रफल = कन्दुक पृष्ठफल = गोल पृष्ठफल = (यदि पृथ्वी को कन्दुक मानें तो) पृथ्वी का पृष्ठ फल = $\frac{\text{परिधि} \times \text{व्यास} \times ४}{४}$ = परिधि × व्यास।

"परिधिव्यासाहतेः प्रस्फुटम्" अर्थात् परिधि और व्यास के गुणनफल के तुल्य किसी भी गोल का पृष्ठ फल होता है। (विस्तार भय से यहाँ उपपत्ति प्रकार नहीं दिया जा रहा है।)

किसी भी गोल घनत्व का घनफल जानने के लिये गोल पृष्ठ बिन्दु से गोल गर्भ तक की त्रिज्या=व्यासार्ध का ज्ञान आवश्यक है। पृथ्वी की गहराई=पृथ्वी का व्यासार्ध $= \frac{\text{व्यास}}{२}$, यह वेध के तुल्य है।

"क्षेत्रफलं वेधहतं, तथा समखातफल त्र्यंशःसूची खाते फलं भवति" इन नियमों से समखात क्षेत्रफल का तृतीयांश सूची खात क्षेत्रफल होता है—

$\frac{\text{पृष्ठ फल} \times \text{व्यास}}{२} \times \frac{१}{३} = \frac{\text{पृष्ठ फल} \times \text{व्यास}}{६}$, यतः यहाँ पर पूर्व रीति से पृष्ठफल= परिधि × व्यास के तुल्य है, अतः पृष्ठ फल में उत्थापन देने से—

$\frac{\text{परिधि} \times \text{व्यास} \times \text{व्यास}}{६} = \frac{\text{पृष्ठफल} \times \text{व्यास}}{६}$ यह "गोलस्यैवं तदपि च फलं पृष्ठजं व्यासनिघ्नं षड्भिर्भक्तं भवति नियतं गोलगर्भे घनाख्यम्" अर्थात् गोल के पृष्ठफल को व्यास से गुणा कर ६ से भाग देने से किसी भी गोल पिण्ड का घनफल हो जाता है—

इसी आधार से संभवतः एक छोटे से भूचाप के माप के क्षेत्रफल ज्ञान से उसे वजन रूप में परिणामित कर, पृथ्वी का भार का भी ज्ञान सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है।

इस प्रकार के ग्रहगणित सिद्धान्त यहाँ १०वीं ११वीं शताब्दी तक में प्रतिष्ठित हो चुके थे।

अब यहाँ इस प्रसंग पर उक्त प्रकार को जिसको पाश्चात्य देशीय गणितज्ञ न्यूटन ने भी निर्मित किया था, देखना चाहिए—



यहाँ सामने के क्षेत्र में इ क ग के रूप में वृत्त का एक चतुर्थांश है। इ, क, इन चाप प्रान्तों से की हुई स्पर्श रेखाओं से इ अ क ग वर्ग क्षेत्र उत्पन्न होता है। अ ग रेखा कीजिये। इ और ग इन दोनों बिन्दुओं को स्थिर कर, इ ग आधार के चारों तरफ इ अ क ग वर्गक्षेत्र भ्रमण से एक गोलार्ध तथा इ अ ग त्रिभुज भ्रमण से एक समसूची उत्पन्न होती है। इस प्रसंग के अनेक समतल-मस्तक शंकु क्षेत्र के आधार को समानान्तर धरातल से छेदन करने इत्यादि उपकरणों के द्वारा—

$\because \angle$ अ ग इ $= \angle$ ग अ इ। $\therefore \angle$ ग च व $= \angle$ व ग च (रेखागणित से)

अतः च व=व ग। तथा व $\text{ग}^२ +$ व $\text{प}^२ =$ ग $\text{प}^२$

अथवा व $\text{च}^२ +$ व $\text{प}^२ =$ व $\text{न}^२$, क्योंकि प ग=व न

$\text{४ व च}^{2} + \text{४ व प}^{2} = \text{४ व न}^{2},\ (\text{२ व च})^{2} + (\text{२ व प})^{2} = (\text{२ व न})^{2}$

= व च व्यासार्धोत्पन्नवृत्तक्षेत्रफल + व प व्यासार्धोत्पन्न वृत्त क्षेत्रफल

= व न व्यासार्धोत्पन्न वृत्त क्षेत्रफल (क्षेत्रमिति से)

इस प्रकार इ क चाप के प्रत्येक विन्दु से समानान्तर भूतलच्छिन्न करने पर इसी प्रकार क्षेत्रफलों का योग सम्बन्ध होगा। समान पक्षों में समान योग वियोग गुणन भजनादि से समता ही रहती है—इस युक्ति से

समतलमस्तकशंकु क्षेत्रफल = गोलार्ध घनफल + सूची घनफल

∴ समतलमस्तक क्षेत्रफल = गोलार्ध घनफल

अथवा

$$\text{वृत्तक्षेत्रफल} \times \text{त्रिज्या} - \frac{\text{वृत्तक्षेत्रफल} \times \text{त्रिज्या}}{\text{३}} = \text{गोलार्ध घनफल}$$

$$= \frac{\text{२} \times \text{त्रिज्या} \times \text{वृत्तक्षेत्रफल}}{\text{३}} = \frac{\text{व्यास} \times \text{वृत्त क्षेत्रफल}}{\text{३}}$$

$$\text{अतः गोलघन फल} = \frac{\text{२} \times \text{व्यास} \times \text{वृत्त क्षेत्रफल}}{\text{३}} = \frac{\text{४} \times \text{व्यास} \times \text{वृत्त क्षेत्रफल}}{\text{६}}$$

१८वीं शताब्दी के कैंब्रिज विश्वविद्यालय के गणित के प्रोफेसर गणक "न्यूटन" निर्मित पृष्ठफल = ११वीं शताब्दी के सह्य पर्वत के निकटस्थ रहने वाले एक भारतीय गणितज्ञ भास्कराचार्य निर्मित भूमि के पृष्ठफल के तुल्य।

पाठक महोदय स्वयं विचार कर सकते हैं कि भारतीय ग्रहगणित जब विकसित होकर यत्र तत्र प्रसारित हो रहा है, तब अन्यत्र उक्त प्रकार के सिद्धान्तों का सृजन हो रहा है। या यह भी कहा जा सकता है कि सुदूर पश्चिम और पूर्व का आदान प्रदान बराबर होते रहने से भी इस ज्ञान की पृष्ठभूमि अमुक जगह ही है इदमित्थं भी नहीं कहा जा सकता है।

किन्तु हमें उस समय बहुत दुख होता है जब कि गणितज्ञों की चर्चा में छोटी श्रेणी तक के बालकों के मुख से विदेशी विद्वानों की चर्चा सुनते हैं और अपने विद्वान् पूर्वजों की, जिन्होंने हमारे लिये बहुत कुछ दे रखा है, चर्चा तक नहीं होती। सुनने का तो प्रश्न ही नहीं उठता।

यही नहीं हमारे ग्रहगणित के प्रसिद्ध आचार्य गणेश दैवज्ञ (ई० १५०७) जिन्होंने १३ वर्ष की ही अवस्था में ग्रह गणित का सर्व व्यापक, सर्व प्रसिद्ध और सभी मतों का संयोजक परम आदरणीय 'ग्रहलाघव' ग्रन्थ लिखा, उक्त ग्रन्थ के आधार पर ही उसी के श्लोकों को यथा स्थान रखते हुये और उक्त सौरोक्त मूल सिद्धान्तों को जान कर—'केतकी ग्रहगणित' ग्रन्थ कर्त्ता वेंकटेश केतकरने (१९२९) ने प्राचीन ग्रह गणित पद्धति में स्थूलता एवं गणित क्लेश बाहुल्य माना है—

जैसे—

विच्छुक्रक्षितिभौमजीवशनयो दीर्घेषु वृत्तेषु।
तन्नाभिस्थित सूर्यकर्षणबलात् शश्वद्भ्रमन्तीति सत् इत्यादि।

केतकी ग्रहगणित भाष्य श्लोक ७ और इसकी व्याख्या का अनुवाद—

सूर्य सिद्धान्तकार तथा ग्रहलाघवकार गणेशदैवज्ञ ने प्राङमध्यमे चलफलस्य दलं प्रदद्यात्······इत्यादि से ग्रह स्पष्टीकरण की जो पद्धति निर्मित की है, वह बार बार गणित करने से केवल कष्ट प्रद ही नहीं अपितु सूक्ष्म दृक्प्रतीति में सर्वथा असमर्थ भी कही गई है।

बुध, शुक्र, भू, कुज, गुरु और शनि ये ६ ग्रह उक्त क्रम से सूर्य के चारों तरफ दीर्घवर्त्तुल कक्षा में भ्रमण करते हैं। दीर्घवृत्त के शंकुच्छिन्न (Conic Sections) नियम से दो (नाभियाँ) केन्द्र होते हैं। एक केन्द्र में सूर्य और दूसरी नाभि रिक्त होती है। सूर्य के प्राकृतिक जाल नियन्त्रित आकर्षण बल से ये भ्रमण करते हैं। यह आधुनिक सूक्ष्मज्ञान संभव मत है जो प्रतीतिजनक है और दृगैक्यकर भी है।

केतकीकार ने इस प्रसंग पर आर्यभट्ट भानामधः शनैश्चर वृहस्पति कुज अर्क शुक्र बुध चन्द्राः। तेषामधः भूमिर्मेदी भूता···इत्यादि दिया है।

पञ्चसिद्धान्तिका—"चन्द्रादूर्ध्वं बुधसितरविकुजजीवार्कजास्ततो भानि" इति

ब्रह्मगुप्त—शशिबुधासितार्ककुजगुरुशनिकक्षावेष्टितो भकक्षान्तः इति

लल्लमत से—चन्द्रज्ञभार्गवदिनेशकुजार्यसौरि भानि क्षिते क्रमत ऊर्ध्वं गतिस्थितानि इति—

श्रीपति के सिद्धान्त शेखर में—ग्रहनक्षत्रधरित्री संस्थानस्येह दर्शनोपायः गोल इति कथ्यतेऽसौ क्षेत्रविशेषो गणितगम्यः।

अधोभचक्राच्छनिजीवभौमसूर्यास्फुजिद्बोधनशीतभासां कक्षा क्रमेणाकसुतादयोऽमी स्मृताश्च शीघ्रा कलिकाञ्च भुक्त्या।

भास्कराचार्य—अपने शिष्यों से कह गये हैं—दलीकृताभ्यां प्रथमं फलाभ्यामित्यादिति···यतो विचित्रा फल वासनाऽत्र।

आदि सिद्धान्त तथ्य संगत नहीं हैं और उपपत्ति युक्त भी नहीं हैं। प्राचीन आचार्यों ने भूमि को स्थिर मान कर भूमि के चारो तरफ अपनी अपनी कक्षाओं में ग्रहों की परिक्रमा होती हैं ऐसा कहा है, जो सदोष है। क्योंकि बुध और शुक्र के कर्णों (भूमिगभ से या भूमि पृष्ठ से बुध और शुक्र बिम्बों के गर्भ केन्द्रगत सूत्र का नाम ग्रह कर्ण है) में महान् अन्तर होता है, इन दोनों का शुक्रोदय और शुक्रास्त बुधोदय और बुधास्त ठीक घटित नहीं होता है। भूस्थिर मत के आधार से मन्द और शीघ्रफल की उपपत्तियों का निपुणता से स्पष्टी करण नहीं होता है। ग्रहगतियों की उपपत्ति के लिये प्राचीनों ने मन्दनीचोच्च वृत्तों की कल्पना की है। ऐसी कल्पना से मन्द और शीघ्र कर्ण की अभेद की संभावना से व्याकुलता की स्थिति आ सकती है। इस व्याकुलता को दूर करने में प्राचीन आचार्य असमर्थ रहे। भास्कराचार्य के फल की उपपत्ति अति विचित्र है। प्रथम तो मन्दफल का आधा मध्यम ग्रह में संस्कार कर पुनः उससे शीघ्रफल लाकर—अर्थात् प्रथम फलों का आधा पुनः समग्र फल संस्कारपुरः सर प्राचीनों ने स्पष्ट ग्रह का ज्ञान किया है।



जैसे—

ग्रहों की भ्रमण कक्षा दीर्घवृत्ताकारिका है। एक नाभि में रविबिम्ब स्थिर है। रवि केन्द्राभिप्रायिक बुध शुक्र पृथ्वी मंगल गुरु और शनि की कक्षाएँ हैं। सूर्य से शनि ही सर्वाधिक दूरी पर हैं।

बार बार वेध करते हुये ता० १ जुलाई को रवि का परम लघु विम्ब ३१। ३१ कलादिक उपलब्ध हुआ। दिसम्बर की अन्तिम तारीख को ३२।३५।६ कलादिक रविविम्ब उपलब्ध हुआ। मध्य में क्रमशः हानि वृद्धि हुई।

अर्थात् परम अधिक बिम्ब में सूर्य भूमि के समीप नीचस्थ होता है। परम उच्च बिम्ब भूमि से दूरी पर उच्च बिन्दु पर होता है।

(इस जगह पर केतकर ने, प्राचीन आचार्यों की युक्तियाँ स्वीकार की हैं और प्रमाणी भूत वाक्य अपने केतकी ग्रन्थ में भी सादर लिखे हैं। सम्पादक)

किन्तु वर्त्तुल गोलीकक्षा कल्पना में इससे भिन्न भिन्नान्तर का संभव नहीं है। अर्थात् भूमि कक्षा वर्त्तुलाकार नहीं है। इसलिये भूमि कक्षा का स्वरूप निर्णीत कर रहा हूँ।

दिसम्बर के अन्तिम दिन से सूर्यबिम्ब, और भोग दिन दिन एक वर्ष के अन्त तक वेध से जानते हुये उन उन स्थानों के परिलेख से कक्षा का क्रम जानना चाहिए।

जैसे किसी दिन वेध से वेधित सूर्य को उक्त क्षेत्र में देखिये।

P EK AD. यह भू कथा, S सूर्य, C केन्द्र, F रिक्त नाभि, P नीच, A उच्च, E किसी विशिष्ट समय में भूमि की स्थिति है। Q=क्यू=भूगोल की कोणीय गति मान। As, Ps, भू और सूर्य का अन्तर है। Sc केन्द्रच्युति। सूर्य और भूमि के कम अन्तर में बिम्ब की वृद्धि एवं अधिक अन्तर में बिम्ब की न्यूनता होती है, अत एव व्यत्क्रम से बिम्बमान साधन होगा।

बिम्ब मानद्वय से SP, SA इन दोनों अन्तरों को साधित करते हैं। जैसे— $\frac{SP}{SA}=\frac{३१.५}{३२.६}$ अर्थात् $\frac{SP}{SP+SA}=\frac{SP}{PA}=\frac{३१\cdot५}{(३१\cdot५+३२\cdot६)}=\frac{३१\cdot५}{६४\cdot१}$, यहाँ पर PA= २ अ, मान कर CP=CA=a (अ) PA=२ A (अ) लिखना चाहिए। $\frac{PS}{२a}=\frac{३१\cdot५}{६४\cdot१}$

तब $PS=\frac{२a\times ३१\cdot५}{६४\cdot१}=\frac{६३\times a}{६४\cdot१}=\cdot९८३\times a$=लघु अक्ष। $SA=२a-\cdot९८३\,a$ $=१\cdot०१७\times a$=बृहदक्ष। $SC=SA-CA=१\cdot०१७\times a-a=०\cdot०१७$ केन्द्रच्युति। SC+CF=द्विगुण च्युति। इस प्रकार यहाँ बृहद्व्यास और लघुव्यास (बृहदक्ष और

लघु अक्ष) और केन्द्रच्युति इत्यादि जो हमने प्राप्त की है ये सब दीर्घवर्त्तुल कक्षा के ही क्रम से प्राप्त होती है, इसलिये "दीर्घवृत्ते तत्तन्नाभीत्यादि उपपन्न होता है। (उद्धृत केतकरोप्वाह् श्री रामकृष्णसुनु श्री वेंकटेश विरचितम् स्वकृतया अंकविवृति कारकया सहितम्, सपरिशिष्टम् ग्रन्थ के पृष्ठ २९-३० के संस्कृत का हिन्दी अनुवाद)

यह सब प्राय: प्राचीनों की ही उक्तियाँ हैं जिन्हें केतकर महोदय ने उक्त भांति कहा। जैसे—

बड़े ग्रह पिण्डों के उच्चाकर्षण की अपेक्षा छोटे ग्रह पिण्डों का उच्चाकर्षण अधिक होता है—इत्यादि सिद्धान्त भारतीय ग्रह गणितज्ञों ने आर्य भट्ट के पहले या पश्चात् समझ लिये थे, जिसे हम आधुनिक सूर्य सिद्धान्त में देख रहे हैं।

भौमादयोऽल्प मूर्त्तित्वाच्छीघ्रमन्दोच्चसंज्ञकैः-
दैवतैरपकृष्यन्ते सुदूरमति वेगिताः ।।
अतो धनर्णं सुमहत्तेषां गतिवशाद्भवेत् ।
पूर्वापरापकृष्टास्ते गतिं यान्ति पृथग्विधामित्यादि ।

पृथ्वी और सूर्य में यदि एक को स्थिर कहा जाय तो अवश्य दूसरा चल कहा जावेगा। यदि सूर्य स्थिर है तो पृथ्वी चल है। इसलिये सूर्य की दैनन्दनीय या वार्षिक गतियों का सिद्धान्त ग्रन्थों में जो भी क्रम है, उस क्रम को पृथ्वी की दैनन्दनीय गतियों से समझना चाहिए। इन दोनों ग्रहपिण्डों में एक पिण्ड की अवश्य स्थिरता है इसमें पौर्वात्य तथा पाश्चात्य और प्राचीन या अर्वाचीन मतों में लेश मात्र का भी अन्तर नहीं है।

पृथ्वी अपनी धुरी पर $२३\frac{१}{२}^\circ$ का कोण बनाती हुई प्रवह वायु वेग से प्रतिदिन सूर्य की परिक्रमा करती हुई साल भर में पूर्वाभिमुखी गति से सूर्य की एक परिक्रमा करती है। प्राचीन या नवीन इस मत से हमारे ग्रह गणित में कोई भी अन्तर नहीं पड़ता है "दिनोन्मुखेऽर्के," 'दिन (सूर्य) की उन्मुखता जिस सूर्य से होती है', "दिनं सुराणामयनं यदुत्तरम्" 'देवताओं का दिन तब होता है जब उत्तर अयन (चलन) अर्थात् उत्तर चलन होता है' आदि इन वाक्यों में भी पृथ्वी के चलन की ध्वनि ध्वनित होती है। शास्त्रों में 'अचलाऽपि चलतीयं भूः' इत्यादि वाक्य उक्त भूचलन मत के पोषक हैं। और भी इस प्रसंग में उल्लेखनीय है कि—

दिनं दिनेशस्य यतोऽत्र दर्शने, तमी तमोहन्तुरदर्शने सति ।
कुपृष्ठगानां द्युनिशं यथा नृणां तथा पितृणां शशिपृष्ठवासिनाम् ।।

'जहाँ सूर्य दर्शन होता है वहाँ दिन तथा सूर्य का जहाँ अदर्शन है वहाँ रात्रि होती है'—यह कथन भी भूचल मत में चरितार्थ हो सकता है।

भूपृष्ठीय जन समाज के लिये दिन रात्रि का उक्त लक्षण समग्र सौर मण्डल के अन्य उपग्रह पिण्डों के पृष्ठस्थित पिण्डों के गुणानुसार उत्पन्न सृष्टि के चराचर जीवों के लिये भी हो सकता है। चन्द्र पृष्ठस्थ पितरों के लिये भी उक्त लक्षण लक्षित दिन रात्रि का पूर्ण धर्म घटित होता है।

विशेषता यही है कि जब चन्द्रमा की सौर मण्डल की एक परिक्रमा पूर्तिकाल में अर्थात् चान्द्रमान की हमारी ३० तिथियों में पितृलोक में एक अहोरात्र (२४ घण्टा) होता है। अर्थतः वहाँ १५ तिथियों का एक दिन एवं १५ तिथियों की एक रात्रि होती है। इत्यादि।

पृथ्वी में जो देश भूमध्य रेखा में पड़ते हैं उन देशों में अक्षांश ० शून्य होते हैं। अतएव इन देशों या नगरों को निरक्ष देश कहते हैं। विषुवत रेखा में स्थित देशों की भू परिधि का मान निकालने से उस परिधि में सबसे बड़ा व्यास बृहद्व्यास होता है। क्योंकि इस बृहद्व्यास को भुज मान कर, भूमध्यरेखागत नगर और उससे उत्तर या दक्षिण के किसी नगर (जो निरक्ष देश के याम्योत्तर वृत्त के धरातल में होता है) के अन्तर को कोटि मान कर उसके व्यास का साधन करते हैं तो वह छोटा व्यास होता है। इससे सिद्ध होता है कि पृथ्वी की भी परिधि सर्वात्मना वर्त्तुल नहीं है अपितु दीर्घवर्त्तुल ही है।

एक जगह ३९६३ क्रोश के तुल्य अन्यत्र ३९५० क्रोश के तुल्य भू-व्यासमान होने से ऐसे व्यास दीर्घवृत्ताकार परिधि में उपलब्ध होते हैं। इसी प्रकार प्राचीनों को दीर्घवृत्त में ही ग्रहों का भ्रमण ज्ञात था एवं सूर्य केन्द्राभिप्रयिक ही अन्य ग्रहों का चलन होता है, ऐसी उनको प्रतीति भी थी।

बुध और शुक्र के कर्णों का महान् अन्तर देखा गया है। यह अन्तर "भू-स्थिर मत" के मानने से तथा "सभी ग्रह सूर्य के चारों तरफ भ्रमण करते हैं"—इस मत की स्वीकृति से होता है ऐसा नवीनों का कथन है।

किन्तु—भास्कराचार्य के तथा भास्कर और पूर्व के माधवीय सिद्धान्त चूडामणि तथा सूर्य सिद्धान्त आदि ग्रन्थों में—

"ये चात्र पात भगणाः पठिताः ज्ञभृग्वोस्ते शीघ्रकेन्द्र भगणैरधिका यतः स्युः।
स्वल्पाः सुखार्थं मुदिताश्चलकेन्द्रयुक्तौ पातौ तयोः पठितचक्रभवौ विधेयौ।"

प्राचीनों ने बुध और शुक्र की याम्योत्तर रूप (शर) अन्तर की सिद्धि में मंगल, गुरु और शनि के सम्पात स्थानों में पात और उच्च का योग माना है, अर्थात् यहाँ पर सपात भुजज्या से अन्तर साधन किया है—इससे उनका दृढ़ निश्चय प्रकट होता है कि उनके मत से सभी ग्रहों का मध्यकेन्द्र रवि (सूर्य) है, अर्थात्–सभी ग्रह रवि केन्द्राभिप्रायिक होकर उसके चारों तरफ भ्रमण करते हैं इसे वे अच्छी तरह जानते थे। इसे जान कर भी लोक व्यवहार में पृथ्वी स्थित मानव की प्रत्यक्ष प्रतीति प्रद सूर्य परिभ्रमण मत की मान्यता को अस्वीकार करने में लोक संकोच करते थे।

अपनी कक्षा में भ्रमण करती हुई पृथ्वी का जो भाग सूर्य के अभिमुख भाग में होने से दिन तथा विपरीत भाग में होने से पृथ्वी की छाया रूप अन्धकार को रात्रि मानते हुये भी नवीन विज्ञान पृथ्वी का उदय या पृथ्वी का अस्त न लिख कर अभी तक सूर्योदय और सूर्यास्त लिखने की पद्धति में परिवर्त्तन करने में क्यों संकोच कर रहे हैं?

म० म० पं० सुधाकर द्विवेदी प्रणीत 'धराभ्रम' नामक लघुग्रन्थ में उक्त मतों का सम्यग्विवेचन किया गया है। नवीन और प्राचीन दोनों वादी प्रतिवादियों के शास्त्रार्थ

संग्रह रूप उक्त ग्रन्थ में भूभ्रम और भूअभ्रम का भयंकर भ्रम प्राचीनों की उक्तियों से ही भ्रामायमाण भंग किया गया है।

जैसे—सभी ग्रह रवि केन्द्राभिप्रायिक होकर सौर मण्डल की परिक्रमा करते हैं—

सर्वे भ्रमन्ति रवि केन्द्रगतासु खेटाः
कक्षासु तर्हि धरणीभ्रमणं न किंस्यात्।
प्राचीनवर्य्य रविकेन्द्रज कक्षिकायां
सर्वग्रहेषु नियमोऽत्र समोऽस्ति येन ॥४४॥

विशेष—दृश्य गणित के स्पष्टीकरण से (वेध गणित से) ग्रहों का जो स्पष्ट होता है, है उसी के तुल्य ही प्राचीन गणित के स्पष्टी करण से ग्रह स्पष्ट होता है। तब सूर्य और पृथ्वी में किसी का भी भ्रमण हो इस भ्रमण के भ्रम से गणित के फल में विकृति नहीं होती–अतएव भू-केन्द्राभिप्रायिक ग्रह कक्षा की कल्पना में हमारी कोई हानि नहीं है अथवा सूर्यकक्षाभिप्रायिक ग्रह कक्षा की कल्पना से भी गणित में कोई भी अन्तर नहीं होता है। इत्यादि।

एक और ध्यान देने की बात है—प्राचीन आचार्यों में भास्कराचार्य प्रभृति आचार्यों के ग्रहों के उदयास्ताधिकार—सम्मत

'प्राग्दृग्ग्रहः स्यादुदयाख्य लग्नं अस्ताख्यकं पश्चिमदृग्ग्रहः सः।
प्रागदृग्ग्रहोऽत्र यदीष्ट लग्नाद्गतो गमिष्यत्युदयं बहुश्चेत् ॥१॥
ऊनोऽधिकः पश्चिमदृग्ग्रहश्चे दस्तं गतो यास्यति चेति वेद्यम्।'

इत्यादि वाक्य हैं, जिनका तात्पर्य यह है कि जिस दिन जिस समय जिस ग्रह का उदय या अस्त ज्ञात करना है, तात्कालिक ग्रह के उदय लग्न और इष्ट लग्न दोनों का साधन करना चाहिए। उदय लग्न को प्राग्दृग्ग्रह एवं अस्त लग्न को पश्चिम दृग्ग्रह मान कर इष्ट लग्न से प्रागदृग्ग्रह के कम होने से 'उदय' एवं अधिक होने से अस्त होगा ऐसा समझना चाहिए। इसी परम्परा से उदय और अस्त हो गये, हो रहे हैं और होंगे ऐसा समझना चाहिए। साथ ही भास्कराचार्य ने बुध और शुक्र के लिये और भी विशेष कहा है कि—

ज्ञशुक्रावृजू प्रत्यगुदगम्य वक्रां गतिं प्राप्य तत्रैव यातः प्रतिष्ठाम्।
ततः प्राक् समुद्गम्य वक्रावृजुत्वं समासाद्य तत्रैव चास्तं व्रजेताम् ॥

जब बुध और शुक्र यदि मार्ग गतिक हों तो अधिक गतिक होने से पश्चिम में उदय होकर वहीं वक्र होकर वहीं अस्त भी होते हुये, वक्र गति से ही पूरब में उदित होकर पुनः वक्रतात्याग के अनन्तर अधिक गतिक होने से पूरब में ही अस्त होते हैं। यह सब स्पष्ट उल्लेख प्राचीनों का है, तदनुसार कुछ विवेचन आवश्यक है जिससे भी दृश्य गणितज्ञों का भ्रम दूर हो सकता है यदि वह वेध के अतिरिक्त खगोल को भी उपयोग में लाने की चेष्टा करें—

सूर्य सिद्धान्त ने भी उक्त भास्कर मतानुसार कहा है—

सूर्यादभ्यधिकाः पश्चादस्तं जीवकुजार्कजाः। इत्यादि।

यहाँ पर सुधावर्षिणीकार का कथन उल्लेखनीय है—जिसका हिन्दी अनुवाद यह है।

'नवीन लोग ग्रहों की भ्रमण कक्षा दीर्घ वृत्ताकार मानते हैं। दीर्घ वृत्त में दो केन्द्र होते हैं। एक केन्द्र में रवि को स्थिर मानते हैं और स्वल्पान्तर से दीर्घवृत्त भी वृत्त की ही तरह देखा जाता है जिसके केन्द्र में रवि स्थिर है और पृथ्वी सूर्य के चारों तरफ अपनी कक्षा में घूमती है ऐसा भी नवीन कहते हैं।

यहाँ पृथ्वी (भू) को स्थिर मान कर शुक्र का सापेक्ष्यकक्षावृत्त, स्प क $उ_1$ $स्प_1$ $क_1$ स्प ख ख को कल्पना कर इससे अत्यन्त दूरी पर में स्प कं उ $कं^1$ $स्पं_1$ की कल्पना की जाते हुये (शराग्र में) क्रान्तिवृत्तीय पूर्व की ओर अपनी कक्षा में क $उ_1$ $क_1$ $स्प_1$ विन्दुओं में पहुँचा हुआ शुक्र क्रान्तिवृत्त में पृथ्वी निवासियों से क्रमशः स्पं कं उ $क_1$ $स्पं_1$ विन्दुओं में देखा जाता है।

स्प विन्दु से $स्प_1$ विन्दु तक अपनी कक्षा गत क्रान्तिवृत्तीयशुक्र स्पं विन्दु से $स्पं_1$ विन्दु तक गया हुआ मालूम पड़ता है। जब उ विन्दु में क्रान्तिवृत्त में शुक्र है तो रवि शुक्र दोनों एक दृक्सूत्र में होने से इस समय शुक्र का परम अस्त समय है। जब सूर्य के प्रकाशपुञ्ज से कालांश के अन्तर तुल्य शुक्र $कं_1$ विन्दु में होता है तब भू रवि



$उ_1$ उ रेखा में प्रवह से अस्तंगत रवि की स्थिति में $क_1$ बिन्दुगत शुक्र का पश्चिम में दर्शन होगा। इस प्रकार रवि और शुक्र का पश्चिम दिशा में नित्य उत्तरोत्तर अन्तर बढ़ता जावेगा, और शुक्र बिम्ब बहुत द्युतिमान देखा जायगा। तब अपनी कक्षास्थ शुक्र $स्प_1$ विन्दु में होगा। तब क्रमशः अपनी कक्षा में भ्रमण करता हुआ शुक्र क्रान्तिवृत्त में $स्पं_1$ बिन्दु से उत्तरोत्तर पश्चिम दिशा में देखा जावेगा। फिर वक्र गति से $कं_1$ स्थान गत शुक्र सूर्य

से कालांशान्तरित होने से पुनः अदृश्य हो जावेगा। वक्रत्याग के पश्चात् मार्ग होकर पुनः सन्ध्या समय पश्चिम में दीखेगा। पुनः वक्र गति प्राप्त कर वहीं पश्चिम में अस्त होगा। इस प्रकार वक्र गतिक शुक्र जब उ स्थान से कं बिन्दु गत होगा तब कालांशान्तरित होकर रात्रि शेष में सूर्योदय के पहिले पूर्व क्षितिज से ऊपर शुक्र का चमकीला बिम्ब दिखाई देगा। पश्चात् जब तक स्पं विन्दु गत दीखेगा तब सूर्य से पर्याप्त दूरी पर होगा। तब अपनी कक्षा म शुक्र स्प स्थान में होगा। भू स्प स्पं और भू स्प$_1$ स्पं$_1$ ये दोनों रेखा के स्थिर भू विन्दु से शुक्र सापेक्ष्य कक्षा पर स्पर्श रेखायें समझनी चाहिए। तब स्प स्थान से अपनी कक्षा में क्रमशः चलता हुआ शुक्र क्रान्तिवृत्त में मार्ग (अनुगामि, गतिक) देखा जावेगा। अतः मार्ग गतिक होने से पुनः सूर्य के आसन्न होने से पूर्व दिशा में अस्त देखा जावेगा। इसी प्रकार बुध की भी स्थिति समझनी चाहिए।

इससे नवीनों के मत से सूर्य सिद्धान्तीय बुध एवं शुक्र की उदयास्त की दिशाएं स्पष्ट रूप से उपपन्न होती हैं। इससे ज्ञात होता है कि प्राचीनों के मन में भी सूर्य केन्द्राभिप्रायिक ही ग्रहों का कक्षा क्रम था, किन्तु लोक प्रतीति के लिये भूमि के चारों तरफ ग्रहों की कक्षा उन्होंने प्रतिपादित की हैं। यह मत म० म० पं० सुधाकर द्विवेदी का है—नवीन विद्वान् इस पर ध्यान से विचार करें।

भास्कराचार्य द्वारा कहे गये बुध शुक्र के उदयास्त के सिद्धान्त भी इसी प्रकार सम्यगुपपन्न होने से सूर्य केन्द्राभिप्रायिक कक्षा की कल्पना प्राचीनों के मन में सुदृढ़ थी ऐसा कहा जा सकता है। उसी को मन में रखते हुये उन्होंने जिस प्रकार ग्रहों का स्पष्टीकरण ठीक होता देखा उसी प्रकार की विचित्र, अति उत्तम एवं अतिसुन्दर खगोल गणित की प्रक्रियायें हमें बताई हैं। इस क्लिष्ट गणित कर्म को सरल बनाने का श्रेय उन्हीं को है तभी उन्होंने—

'यतो विचित्रा फल वासनाऽत्र' भी कहा है। यहाँ विचित्र शब्द से उन्हें भ्रमित समझना या कहना भयंकर भूल होगी। अपने देश के गम्भीर एवं गहन गणित गौरव की दीक्षा भी नवीनों ने नहीं समझी। वस्तुतः यह विचित्रता नवीनों की है ऐसा कहना ही उचित होगा।

और भी एक विशेष ध्यान देने की बात है कि प्राचीन आचार्यों में भास्कराचार्य ने अपने गोलाध्याय के स्पष्टाधिकार में ग्रह भ्रमण मार्ग का केन्द्र भू केन्द्र नहीं है—इस मत का दृढ़ता से प्रतिपादन किया है—

भूमेर्मध्ये खलु भवलस्याऽपि मध्यं यतः स्यात्
यस्मिन्वृत्ते भ्रमति खचरो नास्य मध्यं कुमध्ये।
भूस्थो द्रष्टा नहि भवलये मध्यतुल्यं प्रपश्येत्
तस्मात् तज्ज्ञैः क्रियत इह तद्दोः फलं मध्यखेटे।

अश्विनी आदि नक्षत्रों सहित यह भपञ्जर भूमि के चारों तरफ समान अन्तर से है इसलिये इस राशि चक्र का केन्द्र विन्दु भू केन्द्र है। किन्तु जिस वृत्त परिधि में ग्रह का

चलन है, उस वृत्त परिधि का केन्द्र भू केन्द्र नहीं है। मध्यम मान के गणित से सिद्ध ग्रह बिम्ब को क्रान्ति वृत्त में भूमिस्थ नर नहीं देखते हैं। इसलिये आकाश में जहाँ पर ग्रह दृश्य होता है उस स्थान को जानने के लिये मध्यम मान के गणित से साधित मध्यम ग्रह में कम और अधिक संस्कार विशेष करते हुये स्पष्ट ग्रह (जो दृश्य ग्रह है) बनाना चाहिए। इस प्रकार आचार्यों ने अनेक सिद्धान्तों का सर्जन कर दृश्य ग्रह ज्ञान किया है।

इसी प्रसंग में यह सिद्धान्त कि—उच्च और नीच विन्दुओं पर क्रमशः ग्रहोंका आकर्षण कम और अधिक होता है, तथा बिम्ब मान भी न्यूनाधिक देखा जाता है यह कथन तो भी प्राचीनों का ही है, यह ज्ञान नवीनों की स्वयं की गवेषणा का तो कदापि नहीं है। यह सिद्धान्त तो भारतीय ज्योतिष के उत्पत्ति काल से ही चला आ रहा है। जैसे—

उच्चस्थितो व्योमचरः सुदूरे नीचस्थितः स्यान्निकटे धरित्र्याः।
अतोऽणुबिम्बः पृथुलश्च भाति, भानोस्तथासन्नसुदूरवर्त्ती॥

भूमि से परम अधिक दूरी का उच्च, अर्थात् भूमि से अत्यन्त दूर का ग्रह बिम्ब, (परम ग्रह कर्ण की स्थिति) एवं भूमि के अत्यन्त समीप नीच, भूमि के समीप के ग्रह बिम्ब की दूरी—(परम अल्प कर्ण)

भूमिपृष्ठ से दूर रहने से ग्रह बिम्ब प्राकृतिक नियम से छोटा दीखता है, समीप रहने से ग्रह बिम्ब प्राकृतिक दृष्टि दोष के नियम से बड़ा दीखता है।

ऐसी उत्तम एवं अकाट्य खगोल की युक्तियों को समझ कर स्पष्ट ग्रह का राश्यादि वृत्त में स्थान नियत किया गया है। जैसे नीचे के क्षेत्र के रचना कौशल को देखकर पाठक स्वयं समझने की चेष्टा करेंगे।

नवीन गणित की महत्त्वपूर्ण लहरें अधिक से अधिक १०० वर्षों से ही भारत में अच्छी तरह से आ पाई हैं, किन्तु हमारे यहाँ का ग्रह गणित धीरे-धीरे सदा से वर्धमान हुआ है और आगे ही सदा गया है। यह देश का दुर्भाग्य है कि इस बीसवीं शती में भी हमारे ग्रहगोल गणित की स्थिति उसी विन्दु पर स्थिर है जहाँ पहले थी। इसके अनेक कारण हैं, जिनमें सर्व प्रधान कारण यही है कि हमें पाश्चात्य गणित की सारिणियों से बड़ी सहूलियत मिल गई, केवल फल से ही प्रयोजन रह गया और मूल सिद्धान्तों के ज्ञान की उपेक्षा ही नहीं महती दुर्दशा हो गई। उनका पठन-पाठन लुप्त प्राय सा हो गया और इस देश के देशी पञ्चाङ्गों ने देश को भ्रम में डाल दिया। ग्रहगणित सिद्धान्त ज्योतिष की चर्चा तक में भी फलित ज्योतिष पूर्ण बाधक सा हो गया है।

वस्तुतः जो ज्ञान पश्चिम से हमें अब मिल रहा है, वह हमारे यहाँ नहीं था, ऐसा कथन अनुचित है। ज्ञान की स्तुति करनी ही चाहिए वह जहाँ का भी हो, किन्तु अपने ज्ञान क्रम का भी इतिहास लुप्त नहीं होने देना चाहिए। इस अभिप्राय से यहाँ पर ई० सन् १७०० के उद्भट ग्रहगोल मर्मज्ञ कमलाकर भट्ट की एक सूझ को दिखाना उचित होगा।

कमलाकर भट्ट का कथन है कि भूगोल ही चल है। जिसे ध्रुव तारा कहा जाता है और जो भूमध्य रेखा स्थित नगरों से रात्रि में उत्तर क्षितिज में पृथ्वी पर चिपकी हुई सी तारा दिखलायी पड़ती है वह ध्रुव तारा भी स्थिर नहीं है। वह भी चलती है। जैसे—

"ध्रुव तारां स्थिरां ग्रन्थे मन्यन्ते ते कुबुद्धयः।
साकं तैस्तु विवादोऽपि सतां मूढत्वमेव हि ॥"

अर्थात्—अपने ग्रन्थों में ध्रुव तारा को स्थिर मानने वाले कुबुद्धि हैं। उनके साथ विवाद करना ही विद्वान् द्वारा मूर्खत्व की प्राप्ति करना है।

विचारने की बात—

ध्रुव तारा के चल होने से विषुवद्वृत्त का पृष्ठीय केन्द्र ध्रुव तारानिष्ठ भू विन्दु पर नहीं होगा। ध्रुव तारा का चलन पश्चिम भी मानता है। वह चलन किधर का है? (प्राक् पश्चिम या ऊर्ध्व, अधो या याम्य या उत्तर)।

इस चलन से हमारे भू प्रदेशों का जो स्थिर अक्षांश है उसके चलित होने से एक ही नगर की पलभा (विषुवद्दिन के मध्यान्ह में यत्र तत्र भू पृष्ठ पर पड़ने वाली शंकु की छाया का नाम पलभा है) भी भिन्न-भिन्न होंगी।



जैसे ध्यान से क्षेत्र देखते हुये विचार कीजिये।

कल्पना कीजिए कि ख=ख स्वस्तिक। ख पृ=वास्तविक याम्योत्तर वृत्त है जो महा विषुवद्वृत्त के पृष्ठीय केन्द्र में गया है। विषुवद्वृत्त का पृष्ठीय केन्द्र=पृ।

ध्रुव के वेध से प्राचीन रीति से अक्षांश=अ, लम्बांश,=(९०—अक्षांश)=ख ध्रु= ९०—अ। ख पृ=वास्तविक अक्षांश की कोटि =९०—अक्षांश। न=नतकाल का मान। ख ध्रु=दृ। ख पृ=ल।

ल—दृ=ध्रुवोन्नतांश—वास्तविक अक्षांश=य। पृ ध्रु=द्युज्याचापांश=द्यु। चापीय त्रिकोण गणित से—

कोज्या दृ=कोज्या ल कोज्या द्यु+ज्याल ज्या द्यु कोज्या न।

=कोज्या (दृ+य) कोज्या द्यु+ज्या (दृ+य) ज्या द्यु कोज्या न=(कोज्या दृ— य ज्या दृ—$\frac{\text{य}^{२}}{२}$ कोज्या दृ+$\frac{\text{य}^{3}}{६}$ ज्या दृ $\cdots$)×(१+$\frac{१}{२}$ द्यु^{२})+(ज्या दृ+य कोज्या दृ — $\frac{\text{य}^{२}}{२}$ज्या दृ+$\cdots$) (द्यु—$\frac{\text{द्यु}^{3}}{६}$+$\cdots$) कोज्यान।

इस प्रकार द्युज्या के वर्ग घन आदि घात रूप श्रेढ़ी में लाया जाता है। इसमें ज्या दृ से भाग देने से लघु संख्या के चतुर्थ घातादि मानों को स्वल्पान्तर से त्याग करने से

$$\text{को स्प दृ} = \text{को स्प दृ} - \text{य} + \text{द्यु को ज्या न} - \frac{\text{य}^{२}}{२}\text{को स्प दृ} - \frac{\text{द्यु}^{२}}{२}\text{ को स्प दृ} + \text{द्यु य को स्प दृ कोज्या न} + \frac{\text{य}^{3}}{६} + \frac{\text{य द्यु}^{२}}{२} - \frac{\text{य}^{२} - \text{द्यु}}{२}\text{ को ज्या न } \frac{\text{द्यु}^{३}}{६}\text{ को ज्या न}$$

अतः $\text{य} = \text{द्यु को ज्या न} - \frac{१}{२}\text{ को स्प दृ } (\text{य}^{२} + \text{द्यु}^{२} - \text{२य द्यु को ज्या न}) + \frac{१}{६}\ (\text{य}^{3} + \text{३य द्यु}^{२} - \text{३य}^{२}\text{ द्यु को ज्या न} - \text{द्यु}^{3}\text{ को ज्या न})$ यहाँ पर द्वितीय तृतीय आदि पदों का त्याग करने से प्रथम $\text{य} = \text{द्यु को ज्या न}$।

$\text{य}^{२}$, आदि मानों में उत्थापन से

द्वितीय, $\text{य} = \text{द्यु को ज्या न} - \frac{१}{२}\text{ द्यु}^{२}\text{ को स्प दृ ज्या}^{२}\text{ न}$, यह मान य वर्ग में प्रथम य मान को य घन में उत्थापन से, $\text{य} = \text{द्यु को ज्या न} = \frac{\text{द्यु}^{२}}{२}\text{ को स्प दृ ज्या}^{२}\text{ न} + \frac{\text{द्यु}^{३}}{३}\text{ को ज्या न ज्या}^{२}\text{ न}$। यदि य को द्यु विकला में प्रकाशकरें तब $\text{य} = \text{द्यु को ज्या न} - \text{र}\ \frac{\text{द्यु}^{२}}{२}\text{ ज्या, }१''\text{ को स्प दृ ज्या}^{२}\text{ न} + \frac{\text{द्यु}^{3}}{३}\text{ को ज्या}^{२}\ १''\text{ को ज्या न ज्या}^{२}\text{ न}$।

अन्तिम पद की तात्कालिक गति को शून्य कल्पना कर महत्तम मान $\text{३ को ज्या}^{२} - १ = ०$, इस समीकरण से $\frac{२}{९\sqrt{३}}\text{ द्यु}^{3}\text{ ज्या}^{२}\ १''$ इसके तुल्य आता है।

आज कल वेध से द्युजा मान १° । ३० से कम आता है। इस लिये परम अधिक अन्तिम पद का मान ०'' ५ से कम को त्यागने से वास्तविक अक्षांश होते हैं।

$$\text{वास्तविक अक्षांश} = \text{अ} - \text{द्यु को ज्या न} + \frac{\text{द्यु}^{२}}{२}\text{ ज्या }१''\text{ स्प अ ज्या}^{२}\text{ न}$$।

फलित हुआ कि भूमध्य रेखा के वर्धित आकाशीय धरातल (जो आकाशस्थ ध्रुव तारा जहाँ पर की है) से जो ध्रुव तारा ९०° पर अभी तक मानी जाती थी वह इस समय ९०° की दूरी पर नहीं है। विषुवत् रेखा पृथ्वी में जहाँ पहिले थी वहीं आज भी है, किन्तु विषुवत् रेखा की याम्योत्तर रेखा से ९०° की दूरी पर उसके क्षितिज में उत्तर दक्षिण में ध्रुव विन्दु नहीं हैं जो पहले थे। वह अब खिसक गये हैं। यह नवीनों का (बीसवीं शताब्दी का) कथन युक्तियुक्त है जिसे १७ वीं शताब्दी में खगोल मर्मज्ञ कमलाकर भट्ट ने स्पष्ट बता दिया था।

राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग के अयनांश तथा प्राचीनों की त्रुटियों के सम्बन्ध के विचार

(राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग की भूमिका पृष्ठ ८···११)

राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग के सम्पादक ने अपने पञ्चाङ्ग को सार्थक सिद्ध करने के हेतु उस की भूमिका में कुछ स्पष्ट तथ्यों को सत्य रूप में देने के बदले ऐसे शोचनीय स्वरूप

में प्रस्तुत किया है जिसका तात्पर्य यह निकलता है कि भारतीय प्राचीन पद्धति के सभी पञ्चाङ्ग पूर्णरूप से अशुद्ध और मूलतः गलत सिद्धान्तों पर निर्मित होते आ रहे हैं। इस बात की पुष्टि हेतु उन्होंने जिन प्रमाणों को प्रस्तुत किया है उनकी विवेचना करने के पूर्व यहां पर उस आक्षेप की ओर ध्यान आकर्षित करना तात्कालिकतया आवश्यक है, जो निम्नलिखित हैं:—(१) पाश्चात्य देशों में आज के युग में जिस ग्रहगणित या पञ्चाङ्ग निर्माण पद्धति या गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त प्रभृति गणितप्रणालियों का प्रचलन है, उसका मूल स्रोत भारतवर्ष के उन्हीं आचार्यों की कृतियां हैं जिनका खण्डन हमारे राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग के निर्माता कर रहे हैं।

(२) छठीं शताब्दी में यह ज्ञान बहराम द्वितीय के राज्यकाल में भारत से फारस गया, वहां से अरब में, अरब से इटली में, इटली से सारे योरूप और इंगलैंड में (टर्को के यूरूप विजय के बाद) उक्त गणितज्ञान का प्रचार हो गया। (मैकडानल्ड. सं० सा० इतिहास)

यह सत्य है कि आजकल पाश्चात्य देशों के खगोल शास्त्रियों ने आधुनिकतम वेधशालाओं की सहायता से ग्रहों का गणित पूर्णतः निकटतम अंश तक करना सीख लिया है। पर उक्त लेखक की इस धारणा को देखकर बहुत बड़ा आश्चर्य होता है कि वे इस प्रकार के आधुनिकतम गणित के समानान्तर निकटतम अंशों तक ग्रह गणित करके रख देने वाले भारतीय ज्योतिषियों को ही इस ज्ञान से वञ्चित कहने के साहसिक कार्य करने में न तो सहमे न हिचके। वस्तुस्थिति यह है :—

शतपथ ब्राह्मण काल में महाविषुव संक्रान्ति का सम्पात विन्दु कृत्तिका नक्षत्र पर था जो २६-४० अंश से ४० अंश तक रहती है। तब से पाँचवीं शताब्दी तक यही नक्षत्र सम्पात विन्दु यदि बना रहा तब इसमें $\frac{२६००० \times ४०}{३६०} = २८८९$ वर्ष लगे लगभग। तबसे भारतीय आचार्यों ने गणित करने की जो उस २८८९ वर्षों तक प्रचलित रीति थी, उसको इसलिए अपनाये रखा कि वे शैलियाँ ऋषिप्रणीत हैं, उनके ज्ञान को दूसरे विद्वानों द्वारा आविष्कृत कहना अनुचित है। क्योंकि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति इसी मत भित्ति पर आधारित है। इसका हमें गर्व है दुख नहीं। उस शैली में यदि एक त्रुटि थी वह थी, वर्षमान में ५७-४५ (२३-६ मि०) पलाओं की कमी। वे इस कमी का वर्ष में ह्रास वृद्धि से सन्तुलन बराबर करते आ रहे हैं, जिसे वे अयन या अयनांश या सम्पात चलन कहते रहे। और वे परवर्ती ज्योतिषियों को यह आदेश देते गये हैं कि प्रति वर्ष वेध करके जो कमी प्रतीत हो उसे प्रति वर्ष के पञ्चाङ्गों के ग्रहगणितों में ठीक कर लिया जावे। जैसे—

भारतीय सभी प्रागाचार्यों ने अयन-चलन-सिद्धान्त समझ कर ही उसका ग्रह गणित में आवश्यकस्थल पर उपयोग किया है। सायन ग्रह से ही क्रान्ति, छाया, चर आदि का साधन किया है। क्योंकि क्रान्तिवृत्त और विषुवद्वृत्त के सम्पात से ही क्रान्ति की प्रवृत्ति होती है। क्रान्ति ज्ञान से चर का ज्ञान एवं चर और ग्रह के उन्नत काल से 'इष्टान्त्या' तब "इष्ट इति" ज्ञान के अनन्तर इष्ट शङ्कु का ज्ञान किया है। इष्ट शङ्कु ज्ञान से ही ग्रह की इष्टकालीन

छाया होती है, यह प्रत्यक्ष दृश्य छाया है। शंकु-वेध से उपलब्ध छाया से आगत क्रान्ति और गणितागत क्रान्ति में अन्तर पाया जाने से ग्रह गणित की सिद्धान्त परम्परा का ग्रहगणित में अपना एक स्वतन्त्र एवं महत्वपूर्ण स्थान रहा है। आकाश दर्शन से ग्रह गणित का जैसा क्रम प्राप्त हुआ उसे भी ग्रह गणित का आधारी भूत माप दण्ड माना है। वेध परम्परा के लिये शनि जैसे ग्रह के लिए या ग्रहों के आकर्षण विन्दुओं की अत्यन्त अल्पगति होने से किसी भी ग्रह खगोलज्ञ के एक जीवन में ग्रहगणित सिद्धान्त के उपपादन की संभव स्थिति नहीं होने से बहुत जगहों पर अनुमान से ही काम लिया गया है, पश्चाद्वर्त्ती आचार्यों ने पूर्ववर्त्ती आचार्यों के स्थूल सिद्धान्तों की समालोचनाएँ की हैं और उन्हें ठीक भी किया है।

आर्य भट्ट, लल्ल, वराहमिहिर ब्रह्मगुप्त प्रभृति ग्रहगणिताचार्यों ने अयनांश ज्ञान की स्पष्टताएँ नहीं लिखी हैं मुञ्जाल भट्ट के समय में प्रायः ३…५ अंश तक अयन चलन हो चुका था। उस समय तक भारतीय ज्यौतिष की महत्त्वपूर्ण गवेषणाएँ भी हो चुकी थीं। समग्र ग्रह गणित का धर्मशास्त्र से सम्बन्ध पुरातन काल से ही चला आ रहा है, इसलिये भी एक स्थिर रूप की निरयण गणना परम्परा से चली आ रही है, जो सर्वांश शुद्ध और तत्थ्य है। अयन चलन जितना भी इस समय है और आगे होगा उसे समय समय पर समझ लिया जाता रहा और आगे भी समझा जाता रहेगा।

उस अयन चलन से ऋतुओं में अन्तर नहीं पड़ा है और न आगे भी पड़ने की कदापि कोई आशङ्का है, "सूर्य सिद्धान्त" के सभी सिद्धान्त तथ्य एवं सर्व मान्य आज तक होते आये हैं, शृंगोन्नत्ति, एवं गहण गणित इसके प्रमाणी भूत हैं।

सूर्यसिद्धान्त का अयनांश ज्ञान पूरे खगोल से सम्बन्ध रखता है जैसे—

सूर्यसिद्धान्त का अयनांश

"त्रिशंत्कृत्यो युगे भानां चक्रं प्राक् परिलम्बते"॥ इत्यादि त्रिप्रश्नाधिकार श्लोक ९-१०॥

एक महायुग में नक्षत्र चक्र (क्रान्तिवृत्त) अथवा २७° सताईस अंशों का चक ६०० आवृत्तियों से अपने स्थान से पूरब की ओर लम्बित होता है। अतः कल्प कुदिन से अनुपात से इष्ट दिनों में उक्त चक्र के भगणों द्वारा इष्ट समय तक उक्त चक्र की स्थिति निकालनी चाहिए। जैसे—

$$\frac{\text{नक्षत्र चक्र के भगण} \times \text{इष्ट दिन संख्या में}}{\text{एक कल्प की दिन संख्या}} = \text{अयनांश के भगणादि।}$$ भगण (परिक्रमाओं का प्रयोजन नहीं है) का प्रयोजन नहीं है भगण शेष से अयनांश का ज्ञान किया है।

सूर्यसिद्धान्त की सुधावर्षिणीकार के मत से सृष्टि के आदि में क्रान्तिवृत्त और विषुवद्वृत्त का सम्पात २७° पूरब चलकर पश्चात् अपने पूर्व स्थान में आता हुआ पुनः २७° पश्चिम चलते हुए पुनः पूर्व गति से अपने निर्दिष्ट सृष्टि के आदि विन्दु पर पहुँचता है। इस प्रकार २७+२७+२७+२७=१०८ अंश चलने में अयनविन्दु की एक परिक्रमा (भगण) होती है।

अहर्गण से जिस अनुपात के द्वारा आगत राश्यादिक फल के भुजांशों में ९०° के तुल्य

में २७ अंश मिलता है तो इष्ट अयनांश भुजांश में $\frac{२७ \times \text{इष्टभुजांश}}{९०} = \frac{३ \times \text{इष्टभुजांश}}{१०}$ ।

यह अयनांश ज्ञान प्रकार सूर्यसिद्धान्त का है ।

यह चक्र पूर्व को चलित हुआ या पश्चिम को—इसका ज्ञान सूर्यसिद्धान्त के वेधगणित ने स्पष्ट कर दिया है—

"स्फुटं दृक्तुल्यतां गच्छेदयने विषुवद्वये
प्राक् चक्रं चलितं हीने छायार्कात् करणागते
अन्तरांशैरथावृत्य पश्चाच्छेषैस्तथाधिके ॥"

आशय—

चलसम्पातीय कर्कादि मकरादि या मेषादि तुलादि संक्रान्तियों के समय में उक्त इस राशि चक्र (क्रान्तिवृत्त) का चलन प्रत्यक्ष दृग्गोचर होता है ।

अर्थात् चल सम्पात से कर्क और मकरादि के सूर्य में, सूर्य की उत्तरा और दक्षिणा परम क्रान्ति, एवं मेषादि और तुलादि में उत्तरा किम्बा दक्षिणा क्रान्ति शून्य होती है ।

इस प्रकार ग्रह वेध करने से जिस दिन की क्रान्ति सर्वाधिक या जिस दिन की क्रान्ति शून्य उपलब्ध हुई हो उस दिन वेध से स्पष्ट सूर्य ३।०।०।० या ९।०।०।० या ०।०।०।० या ६।०।०।० होता है, यह गोल पर दृष्टि देने से नितान्त प्रत्यक्ष है ।

जैसे ता० १४ अप्रैल सन १९६३ को प्रातः (इण्डिया स्टै० टा०) ५।४० बजे (सूर्योदय सै० टा० ५।३९) गणित से सूर्य की मेष की संक्रान्ति हुई है ।

किन्तु वेध से ता० २१-३-६३ को सायं ७।२३ बजे ही सूर्य की मेष की संक्रान्ति हो चुकी थी ।

इसलिए २१-३-६३ (वेध संक्रान्ति से) सायं ७।२३ बजे से १४ अप्रैल प्रातः ५।४० बजे (गणित से जानी गई संक्रान्ति) तक २३ दिन १० घण्टा १७ मिनिट के पश्चात् अदृश्य संक्रान्ति हुई है ।

इतने समय में दृश्य संक्रान्ति पहिले होने से वर्त्तमान १४ अप्रैल १९६३ को सृष्टि के आदि का मेषादि विन्दु पश्चिम चलित हो गया है, ऐसा प्रत्यक्ष हुआ, इन दोनों संक्रान्ति कालों का अन्तर मान अयनांश काल है ।

राशि वृत्त में जिसका मान इस समय २३°।२०'।२१" है । इस प्रकार वेध से और गणित से आगत दोनों सूर्यों का अन्तर ही अयनांश होता है ।

(१) जिस दिन वेध से परम उत्तर क्रान्ति उपलब्ध होती है, उस दिन गणित से उपलब्ध रवि और ३ तीन राशि (९०°) का अन्तर अयनांश होता है ।

(२) जिस दिन वेध से परम दक्षिण क्रान्ति उपलब्ध होती है, उस दिन गणित से उपलब्ध रवि और ९ राशि (२७०°) का अन्तर भी अयनांश होता है ।

(३-४) इसी प्रकार क्रान्ति-अभाव के मेष और तुलादि विन्दुओं से भी उक्त भाँति से अयनांश (चलसम्पात) का ज्ञान "सूर्यसिद्धान्त" ने किया है ।

सम्पात का चलन प्राक् या पश्चिम कहाँ हुआ ?

इस समस्या के समाधान के लिए सूर्यसिद्धान्त की इस अकाट्य युक्ति पर नवीन गणितज्ञों को अवश्य ध्यान देना चाहिए :—

छाया से (वेध) ज्ञात रवि की राश्यादिक से, यदि करण ग्रन्थों के प्रकार से साधित रवि कम हो तो उक्त दोनों सूर्यों के अन्तरतुल्य अंशों से यह चक्र अर्थात् क्रान्तिवृत्त या राशि वृत्त पूरब में चलित हुआ तब यह धन अयनांश होगा। ऐसा प्रत्यक्ष होगा।

अथवा यदि छाया (वेध) से साधित रवि से करण ग्रन्थ प्रक्रिया से साधित रवि अधिक हो तो वह चक्र पश्चिम गया है। ऐसा स्पष्ट है तब अयनांश ऋण है इसमें क्या सन्देह है।

बड़ा आश्चर्य तो यह है कि आजकल जिस निरयण सायन ज्ञान को लेकर लोगों ने बहुत बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है, उसके आविष्कर्ता तो प्राचीन भारतीय ज्योतिष के ही आचार्य हैं, यदि वे इस ओर निम्नश्लोकों से विद्वानों का ध्यान आकर्षित नहीं कर देते तो सम्भवतः आज का यह गणितज्ञ संसार न जाने कितने अज्ञानान्धकार में रहता। उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के स्थान पर उनके वचनों का अनुसरण न कर सकने वाले गणितज्ञों के कारण भारतीय गणित पर यह लाञ्छन लगाना कि भारतीय गणित गलत है, सरासर अन्याय है। वर्षमान में जो २३…मिनट का अन्तर आता है उसे हमारे आज के पञ्चांगों तथा कुण्डलियों में निरन्तर दर्शाया जाता रहा है, जिससे कभी भी किसी पञ्चांग में इस संबंध की त्रुटि नहीं बताई जा सकती। इस सम्बन्ध में आचार्यो के विशेषतः भास्कराचार्य के स्पष्ट आदेशों को इस प्रकार उद्धृत कर दिया जाता है :—

क्रान्तिपात—मेष से विलोम भ्रमण करता है।

१—क्रान्तिपात से ६ राशि (१८०°) की दूरी पर दूसरा क्रान्ति पात विन्दु है, क्रान्ति-पात से परम क्रान्ति के तुल्य तीन राशि की दूरी (९०°) में जैसे विषुवद्वृत्त उत्तर की तरफ हो तथा दूसरी विभाग से परम क्रान्ति के तुल्य जैसे तीन राशि (९०°) की दूरी पर दक्षिण की तरफ हो वैसे वेधवलय (विषुवद्वृत्त) को रखना चाहिए। (गोल रचना प्रकरण)

२—जिस प्रकार क्रान्ति वृत्त के साथ विषुवद्वृत्त का सम्पात बनाया गया है, उसी प्रकार क्रान्तिवृत्त के साथ क्षेपवृत्तों (और और ग्रहों के भ्रमणमार्ग) का सम्पात करना चाहिए। इस क्षेप वृत्त में भी ३६०° के स्थान अङ्कित करने चाहिए।

अर्थात् विषुवद्वृत्त से परम याम्योत्तर अन्तर पर सूर्य भ्रमण (पृथ्वी भ्रमण) मार्ग है, जिसे क्रान्तिवृत्त कहते हैं, तथैव क्रान्तिवृत्त से परम याम्योत्तर दूरी पर तत्तद्ग्रह का भ्रमण मार्ग है। प्रत्येक ग्रह भ्रमण मार्ग के एक गोलीय एकधरातलीय जो दो सम्पात विन्दु हैं वे भी निरन्तर स्थिर नहीं हैं, वे भी चलित होते हैं। उनकी गतियों का नाम पातों की गति है, और ये पात की गतियाँ विलोम होती हैं, इसलिए पातों की भी कल्प या युग के दिनों में उनकी विपरीत परिक्रमाओं के आंकड़े आचार्यो ने दिये हैं। जिनके गणित में नवीन आचार्यो का कोई संशोधन नहीं है, अर्थात् उन्होंने इसे स्वीकार किया है। ये पात क्रमशः

चन्द्रपात, भौम पात, बुध शुक्रपात से प्रसिद्ध कहे गये हैं। क्रान्तिपात या अयन-चलन प्रकरण में भास्कराचार्य ने स्वयं कहा है--

इदानी क्रान्तिपातमाह---

"विषुवत्क्रान्तिवलययोः सम्पातः क्रान्तिपातः स्यादि"त्यादि (श्लोक १७···१९ सिद्धान्त-शिरोमणि गोलाध्याय गोलबन्धाधिकार) इस स्थल पर भास्कराचार्य ने अपनी वासना भाष्य में एक महत्त्व का संकेत किया है उसका हिन्दी अनुवाद निम्न भाँति है—

"ग्रह की स्पष्टा क्रान्ति के लिये नाड़ी विषुद्वृत्त के विपरीत गतिके पात (सम्पात) की आवश्यकता है। इन दोनों वृत्तों का सम्पात विन्दु मेषादि विन्दु पर सदा नहीं रहता है। यह सम्पात विन्दु भी चलित होता है। प्रसिद्ध जो अयनांश है, उसका नाम विलोमगतिक पात नाम है। अर्थात् मेष से अयनांश तुल्य की दूरी पर क्रान्तिवृत्त में विषुवद्वृत्त लगा है यह स्पष्ट अर्थ है।

क्रान्तिपात नहीं है, ऐसा नहीं कह सकते। प्रत्यक्ष में इसकी उपलब्धि होती है।

यदि ऐसी उपलब्धि होती है (उपलब्धि उपाय आगे कहेंगे) तो पूर्व के ब्रह्मगुप्ताचार्य जैसे कुशल गणितज्ञों ने इसका उल्लेख क्यों नहीं किया ? इसलिये कि उनके समय में अयनांश बहुत कम था। इस समय अयनांश बहुत हो गया है, अतएव आधुनिक आचार्यों ने इसका उल्लेख किया है। इसलिए अयन चलन होता है और उसकी गति है इसमें संशय नहीं है।

दूसरी शङ्का—यदि ब्रह्मगुप्तादिक आचार्यों के समय में अयनांश उपलब्ध नहीं था, सूर्यसिद्धान्त के ग्रहों की परिक्रमाओं की संख्या एवं मन्दनीचोच्चाकर्षण परिधियों का मान (उन्होंने सूर्यसिद्धान्त को आगम मानकर) अपने ग्रन्थों में, जैसे भी पूर्वाचार्यों ने लिये हैं वैसे ही सूर्यसिद्धान्त की अयन गति उन्होंनें क्यों नहीं ली, और उसका उल्लेख क्यों नहीं किया ? ऐसा प्रश्न ठीक है।

समाधान—यहाँ गणित स्कन्ध स्वयं उपपत्तिमान होने से स्वतः अपना प्रमाण रखता है। मन्दोच्च परिधियाँ आगम से ही उन्होंने ली हैं ऐसा नहीं कहना च.हिए, क्योंकि ग्रहों के मन्दोच्च के आकर्षण का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, और उस आकर्षण के शून्य स्थान का भी प्रत्यक्ष ज्ञान है, उसी स्थान को मन्दोच्च कहते हैं।

इसी प्रकार जहाँ पर ग्रहों के उत्तर दक्षिण अन्तर (शर) का अभाव देखा जाता है वहीं पर दोनों वृत्तों का सम्पात भी प्रत्यक्ष देखा जाता है। (वेध और गणित से) किन्तु इन सम्पातों की गति है कि नहीं सन्देह होता है।

परन्तु मन्दोच्चाकर्षक विन्दु की तो गति अवश्य है। चन्द्रवेध से चन्द्रमा के मन्दोच्च और चन्द्रमा के पात की गति के अनुमान से सिद्ध हुआ कि उक्त संपातों में भी गति है।

वह गति कितनी है, उसे कहा जा रहा है—कि जिस प्रकार की ग्रहों के एक कल्प या एक युग की परिक्रमाओं की कल्पना से गणित से उन सम्पातों की वस्तुस्थिति ज्ञात होती है, उन उन भगणों (परिक्रमा संख्या) से उत्पन्न वार्षिक या दैनन्दिदीय उनकी गति कल्पना करनी चाहिए।

पुनः शङ्का—उक्त प्रकार की गति, यदि किसी अन्य कल्पित भगण से आवे तो किस भगण संख्या को प्रामाण्य कहा जायगा? ठीक है—सम्प्रति की उपलब्धि के अनुसार की कोई भी गति स्वीकार करनी चाहिए।

कदाचित् ऐसी काल्पनिकता से कालान्तर में ग्रहगणित में दीर्घ समय में यदि दीर्घ अन्तर होजावेगा? तब किस उपाय का आश्रय लिया जावेगा ?

तब दीर्घकालीन दीर्घ अन्तर के संशोधन के लिये महामतिमान् "ब्रह्मगुप्ताचार्य" के सदृश कोई विभूति उत्पन्न होगी, वे उस समय की उपलब्ध गति के अनुसार शास्त्र (सिद्धान्त) उत्पन्न करेंगे।

इसलिये महान् मतिमानों से सेवित यह महान् गणित स्कन्ध अनादि अनन्त काल तक दोषयुक्त नहीं होता है। अतएव इस क्रान्ति पात के भगणों (परिक्रमाओं) की संख्या एक कल्प में सूर्यसिद्धान्त के अनुसार अयुत त्रय (३००००००) है।

तथा मुञ्जालभट आदि ने जिस अयन चलन की बात कही है वही यह अयन चलन है। मुञ्जाल के मत से एक कल्प में अयन के १९९६६९ के संख्या का अयन चलन का भगण है। अथ च जो कोई भी अयन चलन के भगण हों, निपुण लोग जिस समय जितना ज्ञात करें, उस समय का वही क्रान्तिपात या अयन चलन है। इस विलोमगतिक क्रान्तिपात को ग्रह में जोड़कर वास्तविक सम्पात विन्दु से ग्रह का ज्ञान कर उससे क्रान्ति चर और दृश्य ग्रह करना चाहिए"। इत्यादि।

भास्कराचार्य के उक्त कथन के अनन्तर सूर्यसिद्धान्त एवं सिद्धान्तशिरोमणि के सिद्धान्तों के अनुसार नवीन विद्वानों(पाश्चात्य गणितज्ञों) के समालोचनार्थ कतिपय उद्धरण प्रस्तुत किए जा रहे हैं :—

यथा—वर्तमान इस २३°।२०′।२१″अयनांश की स्थिति से विपरीत जाने पर नवीनों के मत से—

```
         ६५०
    २६०००० × २३°।२०′।२१″              ६५० × २३।२०।२१
    ─────────────────────              ───────────────
         ३६०                                 ९
          ९

                   २३।२०।२१
                   ६५०
              ──────────────────────
              १४९५० | १३००० | १३६५०
                २२० |   २२७ | १३०
          ९)  १५१७० | १३२२७ | १६५
                ९      १२०    १२०
               ६१      १२२    ४५०
               ५४      १२०    ४२०
               ७७       २७     ३०   (१६८५ वर्ष
               ७२
                ५०
                ४५
                 ५
```

आज से लगभग १६८५ वर्ष पूर्व में अयनांश ० शून्य था। अर्थात् आज से १६८५ वर्ष पूर्व या सन् १९६३-१६८५=ईसवी सन् २७८ में अयनांश का अभाव था। या यों भी कह सकते हैं कि शक वर्ष २०० तथा विक्रम सम्वत् ३३५ में क्रान्तिवृत्त और महा विषुवद्वृत का सम्पात अपनी प्राकृत स्थिति में, सृष्टि के आदि विन्दु पर, आगया था यह उक्त गणित से सिद्ध होता है।

सूर्यसिद्धान्त के गणित से भी, $\frac{\text{१ वर्ष} \times (२३।२०।२१) \times ३० \times ६० \times ६०}{५४''}$ अर्थात् २३°।२०′ की कलाएँ १४०० को ६० से गुणाकर इसमें २१ विकला जोड़ने से ८४०२१ विकलाओं में ५४ विकला से भाग देने से—

```
५४) ८४०२१ (१५५६
    ५४            स्वल्प अन्तर से
    ———
    ३००           लगभग १५५६ वर्ष पूर्व में
    २७०
    ———
     ३०२
     २७०
     ———
      ३२१
      ३२४
```

स्वल्पान्तर सेअयनांश की वार्षिक गति ५४′ मानने से।

अर्थात् आज से सन १९६३–१५५६=ईस्वी ४०७ सन, शक वर्ष ३२९, और विक्रम संवत् ४६४ में अयनांश ०शून्य आता है।

ग्रहलाघव प्रभृति ग्रन्थों ने ४४४ शक में अयनांश का अभाव कहा है।

परम अयनांश का मान कहीं पर कुछ एकदेशीय ज्योतिष के ज्ञाता आचार्यों ने २४° माना है, यह अवश्य उनका, भ्रम था, जिसका निराकरण कमलाकर भट्ट ने (१६५८ ई०) सम्यक् रीति से कर दिया है।

राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग ने आधुनिक गुरुत्वाकर्षण जैसे आविष्कारों के द्वारा लगभग २६००० वर्षों में राशिचक्र की एक परिक्रमा मानी है।

अतः एक महायुग के वर्षो में $\frac{४३२००००}{३६०००} = १६६\frac{४}{२६}$ इतनी संख्या की राशिचक्र की परिक्रमाएँ नवीन आचार्यो के मत से होती हैं। नवीनों ने लगभग २६००० वर्षो में जिस अयनांश भगण की एक परिक्रमा कही है, वह लगभग किस अभिप्राय से कही है? इसका कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया है। तथा नवीनों ने, आजकल तक अयनांश की गति निरन्तर बढ़ती जा रही है ऐसा स्पष्ट कहा है, किन्तु भारतीय परम्परा में मध्यम मान की एक रूप की स्थिर गति का नाम मध्या गति है, इस आधार से किसी पदार्थ का स्थूल ज्ञान करके पुनः उसकी क्षण क्षण की विलक्षण गतियाँ समझ कर वस्तु तथ्य पर पहुँचने की यह वैज्ञानिक भारतीय गणित पद्धति अनादि काल से प्रचलित है और आज तक सर्वांश शुद्ध और निर्दोष रही है। अतएव—

प्राचीनों ने अवान्तर कालों में ह्रास वृद्धि होने वाली १ वर्ष में अयनांश की स्थिर गति का मान लगभग १ कला माना है।

राशि चक्र के १२ × ३० × ६० = २१६०० कलाओं तक जाने में अयनांश विन्दु राशि चक्र का पूरा आवर्त्तन कर लेगा, जिस में २१६०० वर्ष लगेंगे। नवीनों ने यह संख्या २६००० वर्ष के लगभग कही है, यहाँ पर "लगभग" इस शब्द का अभिप्राय भी स्पष्ट नहीं किया गया है अतएव एक महायुग में—

$$\frac{\text{वर्षों में } ४३२०००० \times १ \text{ वर्ष}}{२१६०० \text{ कलाओं में}} = २०० \text{ परिक्रमाऐं चल अयन विन्दु की होती हैं।}$$

एक महायुग के भगण आदि को १००० से गुणा करने पर वे सब १ कल्प (सृष्टि आदि से सृष्टि के अन्त तक) की परिक्रमाऐं हो जाती हैं। इस अभिप्राय से २०० × १००० = २००००० परिक्रमाऐं एक कल्प में अयनांश की हुई। महायुग के अन्तिम परिक्रमा का अप्रयोजन होने से २०० — १ = १९९ ··· यह एक महायुग की परिक्रमा 'मुञ्जालभट्ट' ने कह रक्खी है। जो नवीनों की लगभग $१६६\frac{४}{९}$ से अत्यन्त सूक्ष्म कही जा सकती है।

तब भी प्राचीनों को इसका ज्ञान नहीं था ऐसा अनुचित कथन वे सज्जन ही कर सकते हैं जिन्होंने प्राचीन ज्योतिष के क्षेत्र की सीमा का स्पर्श तक नहीं किया है। यह अतिस्पष्ट है।

भारतीय पञ्चाङ्गों का वर्ष मान

१—सूर्य बिम्ब केन्द्र जिस समय उदय क्षितिज में होता है उस समय से ही भारतीय आचार्यों ने दिन का आरम्भ कहा है। न कि बिम्ब के एक प्रान्त के उदय काल को।

२—सूर्य बिम्ब का मध्यम बिम्ब मान ३२ कला तथा बिम्ब व्यासार्ध १६ कला का ही सर्वप्रथम भारतीय ग्रह गणितज्ञों ने माना है। तदनुसार ही संक्रान्ति का पुण्य काल निर्णय किया है। "संक्रान्ति कालावुभयत्र नाडिका पुण्या मता षोडश षोडशोष्णगोरिति" इस वाक्य से ग्रहबिम्ब की प्राक् पालि जिस समय राशि वृत्त के दूसरे विभाग को स्पर्श करती है उस समय से, १६ घटी में $\frac{\text{मध्यम मान की गति } ६० \text{ कला} \times ३२}{६० \text{ घटी}} = ३२ \text{ कला का} \times \frac{१}{२} =$ सूर्य का बिम्ब कासार्ध १६ कला होने से, रविबिम्ब का मध्य केन्द्र, उन्हीं दोनों पूर्वापर राशियों के विराम और आरम्भ सन्धिस्थ सीमा का जो अन्त वही दूसरी राशि का आदि विभाग होने से पूर्ण रूपेण होता है।

३—जिस समय अर्ध उदित सूर्य बिम्ब होता है, वहीं से दिन का आरम्भ मानते हुये जिस समय सूर्य बिम्ब का अर्ध बिम्ब अस्त होता है वहाँ तक दिन का मान मानने से नवीन और प्राचीन गणित में अन्तर नहीं पड़ेगा। यही पद्धति भारतीय आचार्यों की है, धर्मशास्त्रों में, 'अर्धोदितात्" और अर्धास्तात् ऐसे शास्त्र वचनों का स्पष्ट उल्लेख है।

४—इसी प्रकार जिस समय सूर्य बिम्ब का केन्द्र-विन्दु अर्थात् याम्योत्तर अहोरात्रवृत्त के सम्पात विन्दु खमध्य (मध्य आकाश) पर आता है, उस समय प्राचीन ग्रहगणितज्ञों ने मध्याह्न काल, एवं जिस समय सूर्य बिम्ब का केन्द्र विन्दु अधोयाम्योत्तराहोरात्रवृत्त के अधोभाग में जावेगा उसे मध्य रात्रि या अर्द्धरात्रि या निशीथ काल कहा है।

जिस युक्ति के द्वारा नवीन आचार्यों ने उदय और अस्त का मान विम्बोयैकदेश के उदय अथवा अस्त से (किरणवक्री भवन) कहा है उसी प्रकार की युक्तियों का आश्रय मध्याह्न काल और अर्द्धरात्रि काल के सम्बन्ध में नहीं ग्रहण किया है, अतः यह गणित का एक देशीय सिद्धान्त हो जाता है, अतएव भारतीय आचार्यो ने इस किरण विक्री भवन संस्कार को जानकर भी ग्रहगणित में इसका उपयोग नहीं किया है।

भारतीय मास और उनके दिनों की संख्याएँ पूर्णतया वैज्ञानिक हैं।

फलित ज्यौतिष में भी अयनांश का ज्ञान किया गया है। यहाँ पर अयनांश की गति पश्चिम की ही कही गई है। निरयण संक्रान्ति के पूर्व में, सायन संक्रान्तियों के होने की स्पष्ट चर्चाएँ स्पष्ट रूप से उपलब्ध होती हैं। "मुहुर्त्तचिन्तामणि" प्रमिताक्षरा टीका के अनुसार—

अयनांश को जानने की विधि सिद्धान्त ग्रन्थों से जाननी चाहिए ऐसा आशय व्यक्त करते हुये भी किसी सिद्धान्त विशेष का नाम नहीं दिया है। आगे भी कहा है—जैसे

ईश्वरेच्छा लोकादृष्टवशात्तत्तद्राश्यादि विभागस्य सूर्यतेजः सम्पर्कश्चलसंक्रमः मण्डल-मध्यसम्पर्कश्च राशि संक्रम इति विषयविवेकः। तत्र निरयण गणनयैव सकल व्यवहारः साध्यः। सायन गणना तु नियत विषयैव। अयनांशाः प्रदातव्या लग्ने क्रान्तौ चरागमे सत्रिभे पाते तथा दृक्कर्मपातयोरिति। एवं द्वयोरविमानयोरसङ्कीर्णे व्यवहार इति सर्वमनाकुलम्।

निरयण और सायन संक्रान्तियों में दोनों को मानने से व्यवहार में सङ्कीर्णता होगी। किन्तु सूर्य की सक्रान्तियों में दोनों में पुण्यकाल में पुण्य करना चाहिए—इस मत की भी पुष्टि मुहूर्त्त-चिन्तामणि कार अनन्त दैवज्ञ सुत श्रीराम दैवज्ञ ने की है। मुहूर्त्तचिन्तामणि प्रमिताक्षरा टीका श्लोक ९ देखिये। इस ग्रन्थ की रचना शक १५२२ सन् १६०० संवत् १६५७ में हुई है।

किसी भी चौथे वर्ष में वर्ष मान में १ जोड़कर वर्षमान की कमी की पूर्त्ति करने की शैली प्राचीन भारतीय ज्योतियों ने नहीं बताई है, उनका वर्ष मान नियत है।

सौरमान से राशियों के भोग काल के सावन दिनों की संख्याओं की नियत स्थिति यहाँ अनादि काल से चली आ रही है। निरयण १२ बारह महीनों के दिनों का योग प्रत्येक वर्ष मे ३६५ दिन ६ घण्टा १२-६···के ही तुल्य होता है।

प्रायः भारत में सर्वत्र, काश्मीर पञ्जाब कमायूं नैपाल बंगाल आदि विशेष प्रदेशों में ब्रह्मगुप्त के ब्रह्मसिद्धान्तीय पञ्चाङ्गों में सौर मास के (एक संक्रान्ति से दूसरी संक्रान्ति तक) के दिनों की संख्या निम्नभाँति की होती है, यहाँ पर प्लुत वर्ष में एक वर्ष के दिनों में १ अधिक जोड़ने की यह अवैज्ञानिक प्रथा कहीं भी नहीं है। संक्रान्ति जिस मास में प्रायः जितने सौर दिनों में होती है उतने ही दिन उस मास में होते हैं। जैसे:—

सूर्य की मीन राशि भोग के दिनों की संख्या ३१ दिनों की होती है।

मेष के रवि में सौर वैशाख मास के—३१ दिन होते हैं।

वृष	,,	,,	ज्येष्ठ मास	—३१	यह दिन संख्याएँ पूर्वापर महीनों में भी हो सकती हैं।
मिथुन	,,	,,	आषाढ़ मास	—३२	
कर्क	,,	,,	श्रावण मास	—३१	
सिंह	,,	,,	भाद्र मास के	—३१	
कन्या	,,	,,	आश्विनमास	—३१	

तुला „ „ कार्तिकमास —३१
वृश्चिक „ „ मार्गशीर्षमास —२९
धनु „ „ पौषमास के —२९
मकर „ „ माघ मास के —३०
कुम्भ „ „ फाल्गुन मास —३०
मीन „ „ चैत्र मास के —३०

उक्त मासों के सब दिनों का स्थूल योग ३६५ होता है। यहाँ वर्ष पूर्ति के ३६६ वाँ १ दिन का यह ६.७५ अवयव ३६५ में जोड़ते जाकर स्वतः अपने गणितागत समय में चतुर्थ वर्ष में वर्ष संख्या के सर्व सम्मत्त ये ३६६ दिन हो जाते हैं। चौथे वर्ष की दिन संख्या खगोल क्रम से किसी भी महीने में स्वयं एक अधिक हो ही जाती है।

विशेष ध्यान देने का सिद्धान्त

सृष्टि से आज तक किसी भी दिन तक के सौर, चान्द्र, अधिमास, क्षय मास और उनके अवयवों को जानने के लिए सिद्धान्त ग्रन्थों के आधार पर अहर्गण ज्ञान के इस प्रकार पर नवीनों ने अवश्य विचार करना चाहिए। जैसे—

गत वर्ष × १२ = वर्षादि क्षण में गत सौर मास।

$$\frac{\text{युग अधिक मास} \times \text{इसौर}}{\text{युग सौ र मास}} = \text{इष्ट अधिक मास} + \frac{\text{अ. शे.}}{\text{यु.सौ.मा.}}$$

सौ. मा. + अ. मा. = इ. चान्द्र मास।

इ. चा. मा × ३० = इ. चा. तिथि।

$$\frac{\text{यु. क्ष} \times \text{इचां}}{\text{यु. चां}} = \text{इ. क्ष} + \frac{\text{क्ष. शे.}}{\text{यु. चां}}।$$

इ. चां — क्षय = इष्ट सावन दिन = अहर्गण अथवा स्थिर सम्पात से इष्ट समय तक के दिनों का मान।

सं० २०१९ शके १८८४ चैत्र शुक्ल नवमी शुक्रवार तक सृष्टि के आरम्भ से (सृष्टि के आदि दिन रविवार से) कितने दिन हो गये ? इसे जानना है—

सृष्टि से—सत्य युग तक के वर्ष	१९६९०५६०००
सत्य युग मान	१७२८०००
त्रेता	१२९६०००
द्वापर	८६४०००
युधिष्ठिर वर्ष	३०४४
विक्रम शक.	१३५
१३ अप्रेल १९६२ तक शक वर्ष	१८८४
योग	१९७२९४९०६३
ब्रह्म सृष्टि काल (सृष्टि निर्माण में जो समय बीता)	- १७०६४०००
इसे ऋण करना चाहिए।	१९५५८८५०६३

३६० × ४७४००
= १७०६४०००

यह सृष्टि के आदि दिन रविवार से १३ अप्रैल की आधी रात १९६२ तक के सौर वर्ष हुये। इन्हें १२ से गुणा करने पर सृष्टि के आदि से १३ अप्रैल १९६२ तक की सौर मास संख्या होती है।

जैसे— १९५५८८५०६३ × १२

= २३४७०६२०७५६ यह सौर मास संख्या हुई।

अब सिद्धान्त ग्रन्थों के सिद्धान्त से

$$\frac{\text{युग के अधिक मास} \times \text{इष्ट सौर बर्ष या मास}}{\text{युग सौर वर्ष}} = \text{अधिमास} + \frac{\text{अधि शेष}}{\text{युग सौर वर्ष}} \text{ के आधार से}$$

$$\frac{\text{२३४७०६२०७५६} \times \text{१५९३३३६}}{\text{५१८४००००}}$$

पहिले गुणा करिये—

```
       २३४७०६२०७५६
           १५९३३३६
    ---------------
       १४०८२३७२४५३६
      ७०४११८६२२६८
     ७०४११८६२२६८
    ७०४११८६२२६८
   २११२३५५८६८०४
  ११७३५३१०३७८०
  २३४७०६२०७५६
  -----------------
  ३७३९६५८४९९२८८२०१६
```

भाग देने से

```
५१८४००००)३७३९६५७४९९२८८२०१६(७२१३८४७४१
          ३६२८८००००
          ----------
           ११०८५८४९९
           १०३६८००००
           ----------
             ७१७८४९९२
             ५१८४००००
             ---------
             १९९४४९९२८
             १५५५२००००
             ----------
              ४३९२९९२८८
              ४१४७२००००
              ----------
               २४५७९२८८२
               २०७३६००००
               ----------
                ३८४३२८८२०
                ३६२८८००००
                ----------
                 २१४४८८२०१
                 २०७३६००००
                 ----------
                   ७१२८२०१६
                   ५१८४००००
                   ---------
                   १९४४२०१६   अधिशेषम्
```

अधिक मासा जो सृष्टि के आदि से १३ अप्रैल सन १९६२ तक बीत गये।

आगे के—सिद्धान्त (सूत्र) से—

सौर मास+अधिमास=(चान्द्र मास) ये सृष्टि से १३ अप्रैल १९६२ तक चन्द्रमा के अभीष्ट महीने होंगें।

२३४७०६२०७५६
+७२१३८४७४१
२४१९२००५४९७ ये चान्द्र मास हुये।

एक चान्द्र मास में ३० तिथियां होती हैं अतः उक्त चान्द्र मासों को ३० से गुणा करने पर सृष्टि से १३ अप्रैल १९६२ तक के चान्द्र दिन (तिथियां) हुये—जो७२५७६०१६४९१० इतने होते हैं। इस दिन की गत तिथि संख्या ८ है इसको जोड़ने से ७२५७६०१६४९१८ ये इष्ट चान्द्र तिथियाँ हुई।

आगे के सिद्धान्त से

$$\frac{\text{युग अवम दिन (क्षयदिन)} \times \text{इष्ट चान्द्र तिथियों में}}{\text{युग चान्द्र मास में}} = \text{इष्ट अवम} + \frac{\text{अवम शेष}}{\text{युग चान्द्र दिन}}$$

एक महायुग के अवम दिन (क्षय दित)=२५०८२२५२

" " " युग चान्द्र दिन=१६०३०००००८०

७२५७६०१६४९१८
२५०८२२५२
१४५१५२०३२९८३६
३६२८८००८२४५९०
१४५१५२०३२९८३६
१४५१५२०३२९८३६
५८०६०८१३१९३४४
३६२८८००८२४५९००
१४५१५२०३२९८३६
१८२०३६९९३४८०३४८३५३३६ यह गुणन फल है।

परिक्रमाशेष × १२ / युग कुदिन = राश्यादिक ग्रह।

१५६८९१४६६४ × १२ / १५७७९१७८२८ = राशि।

१५७७९१७८२८) १८८२६९७५९६८ (११ राशियाँ
१५७७९१७८२८
३०४७७९७६८८
१५७७९१७८२८
१४६९८७९८६० = राशिशेष

राशिशेष × ३० / युग कुदिन = अंशादिक ग्रह।

१४६९८७९८६० × ३० / १५७७९१७८२८ = अंश।

१५७७९१७८२८) ४४०९६३९५८०० (२७अंश
३१५५८३५६५६
१२५३८०३९२४०
११०४५४२४७९६
१४९२६१४४४४ = अंश शेष

अंश शेष × ६० / युग कुदिन = कलादिक ग्रह।

१४९२६१४४४४ × ६० / १५७७९१७८२८

१५७७९१७८२८) ८९५५६८६६६४० (५६ कला।
७८८९५८९१४०
१०६६०९७५२४०
९४६७५०६९६८
११९३४६८२७२ = कला शेष।

कला शेष × ६० / युग कुदिन।

११९३४६८२७२ × ६० / १५७७९१७८२८

१५७७९१७८२८) ७१६०८०९६३२० (४५ विकला।
६३११६७१३१२
८४९१३८३२००
७८८९५८९१४०
*६०१७९४०६० = विकला शेष।

---

* भास्कराचार्य ने ग्रह के प्रति विकला शेष मात्र अवयव को जानकर, अपने लीलावती और बीज गणित ग्रन्थों में विलोम क्रिया गणित से, इस विकला शेष से मूल उदगम रूप ग्रह की एक कल्प की परिक्रमा संख्या, कल्पकुदिन और राश्यादि ग्रह ज्ञान के आश्चर्यप्रद गणित क्रियाएँ भी बताई हैं।

इस प्रकार ता० १३ अप्रैल सन १९६२ की मध्य रात्रि के समय रेखादेशीययाम्योत्तर अहोरात्र वृत्त सम्पात स्थान में ११।२७।५६।४५ यह मध्य राशिवृत्तीय स्थान का ज्ञान प्राचीन आचार्यों ने किया है।

इससे आगे स्पस्ट सूर्य का ज्ञान गणित प्रक्रिया से किया जाता ह। जैसे—

सूर्य का मन्दोच्च

मेषादि केन्द्र से आकर्षण फल धन होगा।

२।१४
—११।२७।५६।४५
२।१६।३।१५
९)७६।३(८
७२।०
४।३
६०
२४०
३
२४३(२७
१८
६३
६३
०

२०। ०।०
८।२७।०
११।३।३।०

८८।२९७
९।२६४।८९१
९७।१४।५१ } ÷ ६०
५७५
३५

सूर्य का मन्दोच्च से आकर्षण फल ज्ञान के सिद्धान्त से—

$$\frac{(\text{२०}-\text{केन्द्र})\frac{\text{केन्द्र}}{\text{९}}}{\text{५७} - \frac{\frac{(\text{२०}-\text{केन्द्र})}{\text{९}}\;\frac{\text{केन्द्र}}{\text{९}}}{\text{९}}}$$

९७।३५।५१

५७
९)९७।३५।५१(-१०।५०।३९
४६।९।२१
९०
७ × ६०
४२०
३५
४५५
५
६०
३००
५१
३५१
३५१
०

९७ × ६० + ३५ =
५८२०
५८५५
३५१३००

४६।९।२१
४६ × ६०
= २७६०
+ ९
२७६९ × ६०
१६६१४०

१६६१४०)३५१३००(२ अंश
३३२२८०
१९०२०
६०
)११४१२००(६ कला
९९६८४०
१४४३६०
६०
८६६१६००(५२
८३०७००
३५४६००
३३२२८०
२२३२०
४४६५०

अर्धाल्प शेष त्याज्य है।

```
१६०३०००८०)१८२०३६९९३४८०३४८३५३३६(११३५६०१८९८९
          १६०३०००००८०
          ─────────────
           २१७३६९८५४८
           १६०३००००८०
           ─────────────
            ५७०६९८४६८०
            ४८०९०००२४०
            ─────────────
             ८९७९८४४४०३
             ८०१५०००४००
             ─────────────
              ९६४८४४००३४
              ९६१८०००४८०
              ─────────────
               ३०४३९५५४८३
               १६०३००००८०
               ─────────────
               १४४०९५५४०३५
               १२८२४०००६४०
               ─────────────
                १५८५५५३३९५३
                १४४२७०००७२०
                ─────────────
                 १४२८५३३२३३३
                 १२८२४०००६४०
                 ─────────────
                  १४६१३३१६९३६
                  १४४२७०००७२०
                  ─────────────
                    १८६३१६२१६        क्षय शेषम्
```

चान्द्र दिन—क्षय शेष=सावन दिन

(चांदि—क्ष. दि.=सा. दि)

इस सिद्धान्त से—

```
  ७२५७६०१६४९१८
 −  ११३५६०१८९८९
 ─────────────────
  ७१४४०४१४५९२९
```

=अहर्गण या दिनवृन्द या दिन समुह या दिन संख्या।

इसमें अभीष्ट वार के लिये नियमानुसार १ जोड़ने से ७१४४०४१४५९३० यह सृष्टि के आदि दिन रविवार से १३ अप्रैल १९६२ तक के विशुद्धतम सावन दिनों की संख्या हुई।

सृष्टि के आदि से १३ अप्रैल सन १९६२ तक के इन दिन समूह से, सूर्य की (अथवा पृथ्वी की) सृष्टि के आदि से सृष्टि के अन्त तक की राशिवृत्ति के परिक्रमाओं के आकड़ों तथा एक सृष्टि के समस्त दिन समूहों के आधार पर अनुपात से १३ अप्रैल सन १९६२ को रेखादेश की मध्यरात्रि में मध्यम सूर्य ज्ञात किया जाता है—

सूत्र से (सिद्धान्त से)

सृष्टि से सृष्टि के अन्त तक की सूर्य की परिक्रमा संख्या को उक्त इष्ट
दिन के दिन समूह तक से गुणा कर सृष्ट्यन्त तक के
दिन समूह से भाग देना चाहिए।

अथवा—सृष्टि के अन्त तक के बड़े लम्बे आकड़ों के गुणन भजन में गौरव है, अतः युग से युग के अन्त तक की ग्रह की परिक्रमाओं एवं दिनों के अनुपात करने से भी फल तुल्य होता है, यह लाघव का प्रकार है। जैसे :— $\frac{१००}{१०} = \frac{५०}{५} = १०$

```
         ४३२००००×७१४४०४१४५९३०
        ------------------------
            १५७७९१७८२८
         ७१४४०४१४५९३०
                   ४३२
        ------------------
         १४२८८०८२९१८६०
        २१४३२१२४३७७९०
       २८५७६१६५८३७२०
      -----------------------------
१५७७९१७८२८) ३०८६२२५९१०४१७६००००० ( १९५५८८५०६२
            १५७७९१७८२८
            -----------
            १५०८३०८०८२४
            १४२०१२६०४५२
            ------------
              ८८१८२०३७२१
             ७८८९५८९१४०
             -----------
              ९२८६१४५८१७
              ७८८९५८९१४०
              -----------
              १३९६५५६६७७६
              १२६२३३४२६२४
              ------------
               १३४२२२४१५२०
               १२६२३३४२६२४
               ------------
                 ७९८८९८८९६०
                 ७८८९५८९१४०
                 -----------
                  ९९३९९८२०००
                  ९४६७५०६९६८
                  -----------
                   ४७२४७५०३२०
                   ३१५५८३५६५६
                  ------------
                   १५६८९१४६६४=परिक्रमाशेश
```

यह सूर्य या पृथ्वी की (१३ अप्रैल १९६३ तक) राशिवृत्त की परिक्रमाओं की संख्या उपलब्ध हुई।

इस प्रकार लाघव के सिद्धान्त से सूर्य का धन मन्द फल २°। ६'।५२ आता है।

$$\begin{array}{r} ११।२७।५७। ०।३५ \\ +२। ६।५२ \\ \hline ०। ०। ३।५२।३५ \end{array}$$

इसे उक्त मध्यम सूर्य में जोड़ने से यह ० अक्षांश के एक याम्योत्तर वृतीय विभिन्न नगरों का स्पष्ट सूर्य होता है। शून्य अक्षांश के नगरों में सदा दिन मान ३० घटी अर्थात् ६ घण्टे का ही होता है। इसलिए वहां पर यह राश्यादिक सूर्य रात्रि के १२ बजे का हुआ।

ध्यान देने की बात है कि, रवि का परम आकर्षण फल२°।११'।३४ $\frac{४२''}{५७}$ के तुल्य होता है। जैसे—(स्वल्प अन्तर से)

```
५७)१२५(२°
   ११४
   ११×६०=
 ५७)६६०(११
    ५७
    ९०
    ५७
    ३३+६०
५७)१९८०(३४
   १७१
   २७०
   २२८
    ४२
```

जिस समय रेखा देश (उज्जैन, कुरुक्षेत्र आदि) में रात्रि के १२ बजते हैं, उस समय काशी का $\frac{१।९ (घटी) \times २}{५}$ =२७ मि. ३६ से. पूर्व देशान्तर होने से, काशी के लिये १२ बजे के समय में २७ मि. ३६ से. का संस्कार करना होगा। उक्त गणितागत सूर्य स्पष्ट में चरान्तर भुजान्तर आदि कुछ और आवश्यक संस्कार अपेक्षित हैं, जिन्हें गौरव भय से यहाँ पर देना आवश्यक नहीं है।

उक्त विवेचना का सारांश—मात्र से यहाँ पर प्रयोजन है कि भारतीय ग्रहगणित के मर्मज्ञ प्रागाचार्यो ने स्थिर (आरम्भ) स्थानागत सूर्य की जैसी वस्तु स्थिति का ज्ञान जिस गणित पद्धति से किया है, वह आज से १९५५८८५०६३ इतने वर्ष पूर्व से चली आ रही है और जिसके गणित गोल में प्रत्यक्षाप्रत्यक्ष दोनों पद्धतियों से कोई भी दोष नहीं है।

भारतीय ग्रह-गणित की ये महत्त्वपूर्ण देन है—जिनका प्राची प्रतीचि के सभी विद्वान् ऐतिहासकों ने ज्योतिष शास्त्र के आधार से भारतवर्ष की ही नहीं समग्र विश्व की ऐतिहासिक घटनाओं का काल किर्णय किया है। इसी आधार से प्राचीन विश्व की प्राचीन सभ्यताओं का क्रमिक विकास का सफल नकशा भी प्रस्तुत किया है—कि वेद, ब्राह्मणग्रन्थ,

उपनिषद्, श्रुति, स्मृति पुराण, (इतिहास) वाल्मीकि रामायण, महाभारत और गीता प्रभृति सभी शास्त्रों के सभी ग्रन्थों में ज्योतिष शास्त्र के ग्रहनक्षत्रों की स्थितियों की उपलब्धि जैसी जब उन उन ग्रन्थों से हुई तदनुसार उस उस समाज का उस उस सभ्यता का और तत्कालीन राजनीतियों का सटीक समय बताया है।

जैसे—

शक वर्ष ८५४ (ई० सन् ९३२) के कुछ प्रत्यक्ष उदाहरण

पूर्व में लाये गये दिन समूह और उनसे जाने गये सूर्य-चन्द्रमा से निर्मित पंचाङ्गों से इदमित्थं सर्वांश शुद्ध इतिहास के कुछ तत्थ्य समयों का उल्लेख आवश्यक है, जिससे पाठकों को उक्त इन बड़े लम्बे अंकों के गणितों की वैज्ञानिकता पर तो अवश्य ही विश्वास होगा।

जैसे—

१—शक वर्ष	८५४	(ई० सन् ९३२)	में	चैत्र शुक्ल प्रतिपत् तिथि के दिन रविवार था।
२— ,,	८८८	(,, ९६६)	,,	फाल्गुन कृष्ण द्वितीया तिथि के दिन गुरुवार था।
३— ,,	१४९१	(,, १५६९)	,,	आश्विन शुक्ल सप्तमी रविवार के दिन पुनर्वसु नक्षत्र था।
४— ,,	१५०९	(,, १५८७)	,,	आश्विन शुक्ल की अष्टमी थी।
५— ,,	१५२५	(,, १६०३)	,,	चैत्र शुक्ल चतुर्थी, बुधवार के दिन हुई थी।
६— ,,	१५२५	(,, १६०४)	,,	चैत्र कृष्ण वनमालि तिथि को रविवार था।
७— ,,	१५६८	(,, १६४६)	,,	भाद्र शुक्ल पञ्चमी सोमवार के दिन पुष्य नक्षत्र था।
८— ,,	१७६८	(,, १८४७)	,,	वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) रविवार के दिन हुई थी।

उक्त सभी विवरण प्राचीन निरयण ग्रह गणित की पद्धति से सुस्पष्ट हुए हैं। विलोम गणित प्रक्रिया से आज से पूर्व की पञ्चाङ्ग गणित की उक्त स्थिति को हम आज भी गणित करते हैं तो लेश मात्र भी कथमपि कुछ भी अन्तर उक्त स्थलों पर नहीं आता है। संभवतः उस समय तक भारतीय ग्रह गणित पद्धति सर्व तन्त्र स्वतन्त्र थी, उसे अपने सिद्धान्तों पर पूर्ण विश्वास था। वे आचार्य, वेध की गणित प्रक्रिया को पृथक् गणित नहीं मानते थे। अपि च सिद्धान्त निर्माण के लिये वेध गणित का भी वे (वेधप्रामाण्य) मानते थे अवश्य है कि उस समय आज की तरह के दृश्य गणित कोई व्यवधान तक नहीं रहा होगा।

ऋतुओं का निर्धारण

ऋतुओं का निर्धारण उत्तरायण और दक्षिणायन से किया गया है। ("मृगादिराशिद्वयभानुभोगात्षडर्तवोस्युः शिशिरो वसन्तः") उनका सामञ्जस्य चान्द्रमास में बैठाया गया है।

वैदिक परम्परा से आजतक चित्रायां भवा चैत्री, विषाखायां भवा वैशाखी (पूर्णिमा) अर्थात् चित्रा नक्षत्र की पूर्णिमा जिस चान्द्रमास में होती है उस चान्द्र मास को "चैत्र मास" एवं विशाखा नक्षत्र से "वैशाख" मास, ज्येष्ठा से "ज्यैष्ठ" मास पूर्वाषाढ़ा या उत्तराषाढ़ा से "आषाढ़", (अधिक मास पड़ने से भी) श्रवण से "श्रावण", पूर्वाभाद्र या उत्तराभाद्र से

"भाद्र", अश्विनी से "आश्विन" कृतिका से "कार्तिक", मृगशिरा से "मार्गशीर्ष", पुष्य से "पौष" मघा से "माघ", पूर्वाफाल्गुनी एवं उत्तराफाल्गुनी दोनों में एक नक्षत्र में जो पौर्णमासी होती है उसे "फाल्गुन" मास कहा है। उक्त आधार से मासों के साथ नक्षत्रों का प्राकृतिक सामंजस्य हुआ है।

रह गई बात ऋतु परिवर्त्तन की। आज का अयनांश २३° के लगभग है हमारी ऋतुयें यथा पूर्व चल रही हैं। हमारे यहाँ ऋतुयें सौर मान से गृहीत हैं। चान्द्रमान को अधिक मास (मलमास) द्वारा सामञ्जस्य या साम्य में लाया जाता है। अतः चैत्री पूर्णिमा चित्रा में एवं कार्त्तिकी पूर्णिमा कृतिका में ही प्रायः पड़ती है। यहाँ तक श्री रामचन्द्र जी की जन्म तिथि रामनवमी के दिन पुष्य नक्षत्र प्रायः आ ही जाता है, एवं भाद्रकृष्ण अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र, तथा गङ्गा दशहरा को हस्त नक्षत्र, प्रायः आ ही जाता है। (अथवा एक नक्षत्र पूर्व या एक नक्षत्र पश्चात् का भी आता जाता है।) ज्यौतिष ग्रहगणित की ऐतिहासिक दृष्टि से, श्रीकृष्ण और श्रीराम का जन्म क्रमशः आज से (द्वापर त्रेता युग में) ५०६२ वर्ष तथा ८३२०००८३७०६२ आठ लाख सैंतीस हजार बासठ वर्ष पूर्व में हुआ है।

उक्त गणित की प्रामाणिकता के आधार से, धर्मशास्त्र से श्री रामनवमी, श्री जन्माष्टमी, और दशहरा आदि का निर्णय धर्मशास्त्रों में सटीक ठीक बैठता है।

भारत में चान्द्रमास से ही प्रायः मास माने भी जाते हैं एक सम्प्रदाय पूर्णमासी को मास समाप्त करता है तो दूसरा अमावास्या को। इसमें १५ तिथि का अन्तर रहता है, जिसका मध्यम विन्दु सौरमान है।

अतः निरयण भारतीय पञ्चाङ्गों में अधिक मास आदि के सामञ्जस्य के कारण **ऋतुओं के समय में अभी तक कोई परिवर्त्तन नहीं है और न आगे होगा।**

अत एव अनुरोध है कि, २१ मार्च को वर्ष का आरम्भ दिन न मान कर १३ अप्रैल-निरयण रवि की मेष संक्रान्ति के दिन को वर्ष का प्रारम्भ दिन मानना चाहिए।

जैसे—

इस दिन निरणय संक्रान्ति का समय

दृश्य पञ्चाङ्गों ने १३ अप्रैल सन् १९६२ की रात्रि ११।३१ ग्यारह बज कर ३१ पर दिया है, तथा देशी पञ्चाङ्गों ने १३ अप्रैल सन् १९६२ की रात्रि १०।२२ दश बज कर बाईस मिनट पर, (कहीं १०।१७ कहीं १०।२५···) दिया है।

प्रत्यक्ष गणित के सिद्धान्तों से गणित करने से, संक्रान्ति का समय, उक्त गणित से लाये गये निरयण संक्रान्ति के समय के ही तुल्य दृश्य और अदृश्य गणित की संक्रान्तियाँ प्रायः हो रही हैं, पाठक स्वयं देखकर समझ सकते हैं। कहीं पर १ घण्टे १½ घण्टे का और कहीं पर मिनटों का और कहीं सर्वांश तुल्यता वर्ष भर में देखी जा रही है।

भारतीय ज्योतिष विज्ञान की पद्धति से सृष्टि से आज इस समय तक के सौर, चान्द्र नाक्षत्र और सावन आदि दिन मास बर्षो के आंकड़े उक्त उदाहरण में स्पष्ट दीखे जाते हैं। नवीन आचार्यों ने इस प्रकार की उक्त वैज्ञानिक पद्धति को समझा ही नहीं है।

अब प्रश्न है कि–किसे दृश्य कहें ? और किसे अदृश्य कहें ?

कोई भी मध्यम ग्रह या मध्यम सूर्य बिम्ब दृश्य नहीं होता है। वह जिन अपेक्षित ऋण धन संस्कारों से दृश्य होता है वह सब भारतीय ग्रह गणित के सिद्धान्त ग्रन्थों का पृथक् स्पष्टाधिकार है। मध्यम ग्रह में (१) भुजान्तर (२) चरान्तर (३) उदयान्तर (४) देशान्तर और मन्द फल आदिक संस्कारों को यथा विचार ऋण और धन करने से ग्रह दृश्य होते हैं। जैसे जब स्पष्ट सूर्य ०।०।०।० होता है, जो १३ अप्रैल १९६२ की रात्रि ११ बजे के आस-पास हुआ है, यहाँ पर इसे निरयण मेष संक्रान्ति कहते हैं। इसी निरयण संक्रान्ति को भारतीय फलित ज्योतिष एवं धर्म शास्त्र ने मेषादि द्वादश राशियों के शुभाशुभ फल की ज्ञापिका एवं स्नान, दान, जप और व्रतोपवास के लिए महती सिद्धि प्रदा संक्रान्ति कहा है। "तथाऽयनांशाः रवरसाहतास्युः स्पष्टार्कगत्या विहृता दिनाद्यम्। मेषात्क्रमात्स्युश्चल संक्रमास्ते दाने जपादौ बहुपुण्यदास्ते" (मुहुर्तचिन्तामणि)।

यतः आज का महा विषुवद्वृत्त और क्रान्तिवृत्त का सम्पात सृष्टि के आदि विन्दु से गुरुत्वाकर्षण से प्राय: २३° पश्चिम खिसक गया है, अतएव जिस समय उक्त गणितागत स्थिर सम्पात की संक्रान्ति होगी, उससे २३ दिन पहिले ही सम्प्रति के चल मेषादि विन्दु की संक्रान्ति हो जाती है।

इसका सम्यग् ज्ञान, मुञ्जाल भट्ट (ई० ९३२) तथा श्रीपति प्रभृति आचार्यों को हो गया था **नवीन** आचार्य भी इसे स्वीकार करते हैं।

लगध ऋषि का ज्योतिष एवं "सूर्य सिद्धान्त का निर्माण काल ठीक इदमित्थम् नहीं कहा जा सकता है, किन्तु हमारे ग्रह गणित में सर्वप्राचीन ग्रन्थ सूर्य सिद्धान्त ही अभी तक उपलब्ध होता है। उसमें अयनांश ज्ञान, तथा उसके जानने का जो सिद्धान्त प्रतिपादित है प्रायः उसी के तुल्य नवीन आधुनिक आचार्यों ने भी अयनांश की गति स्वीकृत की है।

किन्तु खेद है कि नवीन आचार्य सूर्य सिद्धान्त के इस अयनगति ज्ञान को पश्चात् के किसी आचार्य का प्रक्षिप्त मानते हैं ? संभव है किसी समय के कोई और नवीन आचार्य सूर्य सिद्धान्त के समग्र सिद्धान्त या समग्र भारतीय विज्ञान को भी प्रक्षिप्त कह सकते हैं, अथवा इस प्रकार कुछ समय में सभी शास्त्र भी प्रक्षिप्त कहे जा सकेंगे ? यह दुख की ही बात होगी ?

दृश्य गणना

कोई भी गणना नवीन नहीं है। यह गणना प्राचीन आर्षशास्त्रों में सुसम्यक् प्रतिपादित है। ग्रह गणित के लिये समान सम्पात की ही संक्रान्तियों या अन्य ग्रहों के उदय अस्त के साथ-साथ क्रान्ति का याम्योत्तर ज्ञान; चर, उदयान्तर लग्न एवं दिन मान की ह्रास वृद्धि चन्द्र शृङ्गोन्नत्ति समग्र दृश्य कार्य-सायन गणना से ही करना चाहिए (दृश्य गणना) आचार्यों ने ऐसा स्पष्ट आदेश किया है—इसमें किसी को भ्रम क्यों होता है ? यह तो हमारे ही ग्रह गणित की खूबी और उसका चमत्कार भी है, इसे कोई अपना मत घोषित करता है, यह ठीक नहीं है।

भारत के सभी देशी पञ्चाङ्गों में, सम्प्रति के सम्पात के अनुसार ता० २३ दिसम्बर से ही क्रान्ति की उत्तर गमन की स्थिति, सूर्य का उत्तरायण, तथा उत्तर गोल में दिन मान की वृद्धि, रात्रि की न्यूनता यह सब लिखा रहता है। हमारे आचार्यों ने, धर्मशास्त्र निरपेक्ष दृश्यगणना की सर्वत्र मुख्यता भी कही है।

नवीन (पाश्चात्य) गणितज्ञों ने जिसे दृश्य पञ्चाङ्ग कह रखा है, वस्तुतः वह भी अदृश्य ही है। जैसे—

पञ्चाङ्ग—

सूर्य चन्द्रमा की गतियों के योग और गतियों के अन्तर से सूर्य चन्द्रमा की राशिवृत्तीय योग और अन्तर कलाओं का सम्बन्ध ज्ञात किया जाता है, जिसे तिथि नक्षत्र योग और करण कहा है।

(१) तिथि—

भिन्न-भिन्न गोलस्थ सूर्य और चन्द्रमा का राशिवृत्त में जो अन्तर है, उस अन्तर के ३० विभागों में प्रत्येक विभाग का नाम तिथि है।

ता० १३-४-६२ को

जैसे— नवमी शुक्रवार को चन्द्रमा ३।२१।१।७

सूर्य ०।०।५।६

यह अन्तर है ३।२०।५५।५५, इसके अंश=११०।५५।५५

में १२ का भाग देने से $\frac{११०।५५।५५}{१२}$=लब्धि ९ नवमी बीत गई। दशमी का २।५५।५५ अंशादि भी भुक्त हो गया। दशमी का अंशात्मक भोग्यमान ९।४।५ है। इसी प्रकार रवि चन्द्रमा की गतियों के अन्तर में एक दिन मिलता है, तो दशमी तिथि के भुक्त और ऐष्य अन्तर में दशमी तिथि का गत और ऐष्य समय ज्ञात हो जाता है। एक तिथि में दो करण होते हैं। (तिथ्यर्धं करणं स्मृतम्) दशमी तिथि के पूर्वार्ध में ता० १३।४।६२ के सायं ६।१३ बजे से ता० १४।४।६२ के प्रातः ६।५७ बजे तक तैतिल करण है। दशमी के उत्तरार्द्ध में सायं ७।४२ तक दशमी भी है और गर करण भी समाप्त हो रहा है।

दृश्य पञ्चाङ्गों में (भारत सरकार से सम्पादित पञ्चाङ्ग में भी) ता० १३।४।६२ नवमी, शुक्रवार को सायं ४।३ बजे तक है, जब कि देशी पञ्चाङ्गों में ता० १३।४।६२ नवमी शुक्रवार को सायं ६।१४ बजे या ६।४३ बजे या ६।४९··· बजे तक दी हुई हैं। कहीं कहीं दोनों पञ्चाङ्गों में तुल्यता है कहीं पर स्वल्प अन्तर है। इतने ही अल्प अन्तर में (ऋतु परिवर्तन) ६ महीने या एक वर्ष का अन्तर कैसे होगा ? सभी समझ सकते हैं।

जैसा हम कह चुके हैं कि ग्रहगणित गोल में, दृश्य ग्रह का जैसे भी ज्ञान हो, अनेक नलिका वेध जैसे यन्त्रों का निर्माण प्राक्काल में हो चुका था।

किन्तु—जो दृश्य नहीं है उसे भी दृश्य कहना यह भयंकर भ्रम ही नहीं है, अपि च भूल भी है, और अनजान समाज में वैषम्य पैदा करने वाला कार्य भी है।

तिथि नाम की वस्तु आकाश में कहीं पर भी कदापि दृश्य नहीं है।

सूर्य चन्द्रमा की चालों में, उनकी गतियों के अन्तर योग आदि से ३० तिथियाँ और २७ योग का ज्ञान किया गया है। २७ नक्षत्रों का ज्ञान केवल चन्द्रमा की गति से किया गया है। जिस चन्द्रमा से नक्षत्र ज्ञान किया गया है वह चन्द्रमा अपने मार्ग (विमण्डल) की वास्तविक माप का नहीं है।



गणना मार्ग :—जिस चापीय मार्ग (सड़क) में दूरी बोधक अंक आदि आंके (मापे) गये हैं, उस मार्ग में चन्द्रमा का स्थानीय मान निकाला गया है, न कि बिम्बीय।

यदि चन्द्रमा भी सूर्य (पृथ्वी) की ही तरह उसी सूर्य के चलन मार्ग (सड़क) में गमन शील होता तब तो हम तिथि योग आदि को एक मार्ग में अवश्य देख सकते थे। खगोल के प्राकृतिक नियम में परिवर्तन करने वाला वही खगोल निर्माता सर्वशक्तिमान् ईश्वर ही कदाचित् हो सकता है, हम तो प्राकृतिक भगोल भूगोल और खगोल की अपने व्यवहार की कुछ यथोचित जानकारियाँ कर सकते हैं। वह है प्राकृतिक तिथि का ज्ञान। जैसे, सू चं¹ यह क्रान्तिवृत्त, राशिवृत्त है। चं चं चं′ चं″ चं¹ विमण्डल वृत्त है। यह चन्द्रमा का चंक्रमण मार्ग है। 'क' विन्दु कदम्ब तारा क्रान्ति वृत्त का, एवं 'वि' विन्दु चन्द्र भ्रमण मार्ग-विमण्डल का वृष्टीय केन्द्र विन्दु है।

कल्पना कीजिए कि—किसी समय चन्द्रमा की याम्योत्तर (कदम्ब प्रोतीप) की दूरी ० शून्य हो गई। दैवात् सूर्य बिम्ब के अधो धरातल में सूर्य के साथ चन्द्रमा के पहुँच जाने से, भूपृष्ठीयजनों की दृष्टि के सामने चन्द्रमा के आ जाने से, उसके ऊपर सूर्य बिम्ब की

दृष्टि का चन्द्रमा आवरक हो जाने से, सूर्य का ग्रहण हो गया। यह कभी (दैवात्) की स्थिति है। जो प्रायः होती भी रहती है।

शीघ्र गतिक चन्द्रमा, सूर्य चं विन्दुस्थ सूर्य केन्द्र सू से चं विन्दुस्थ चन्द्रकेन्द्र पर अपने भ्रमण मार्ग चं चं' चं'' में देखा गया।

जिस समय चन्द्रमा चं' विन्दु पर है उस चन्द्रमा के ऊपर गया कदम्ब प्रोतवृत्त 'शरवृत्त', क्रान्ति वृत्त में (राशि वृत्त में) स्था विन्दु पर लगा, यहां पर चन्द्रमा का विम्ब नहीं अपि च चन्द्रमा का स्थान है। सू सूर्य विन्दु से स्था चन्द्र स्थान विन्दु तक यदि यह १२° अंश का सूर्य चन्द्रमा का अन्तर है, तो यहां पर सू. च विन्दु से स्था विन्दु तक सू स्था चाप तुल्य प्रतिपत् तिथि समाप्त होरही है—

इसी प्रकार सू सूर्य विन्दु ओर स्था' द्वितीय दिन के चं'' चन्द्र विम्ब का क्रान्ति वृत्त में स्था' स्थान है।

सू सूर्य विन्दु से, सू स्था' यह १२×२=२४° सूर्य और चन्द्रमा के स्थान का स्थानीय अन्तर है।

यहां क्रान्ति वृत्त में द्वितीया तिथि समाप्त होरही है। पश्चिम क्षितिज में सूर्य के अस्त के अनन्तर चन्द्रमा नाखून की तरह की आकृति का सायंकाल में दिखाई देगा। अर्थात् (अपने मार्ग में) दृश्य होगा। सूर्य चन्द्रमा के दृष्टिपथीय दोनों बिम्बों का वास्तविक अन्तर सितवृत्त चन्द्रविमण्डल के सम्पात् विन्दु में सू चं, सू चं', सू चं'' के तुल्य है। सूर्य से चन्द्रमा तक एक वृत्त किया जाता है जिसे सितवृत्त कहते हैं। इसी सितवृत्त मार्ग में सूर्य प्रकाश से नवनीतपिण्ड या पीयूषपिण्ड चन्द्रबिम्ब को सूर्य से प्रकाश मिलता रहता है। सूर्य चन्द्रमा का सितवृतीय परम अन्तर जिस समय १५×१२=१८० होता है, उसी समय स्थाली के तल की तरह पूर्णिमा को पूर्व में चन्द्रमा का उदय, एवं पश्चिम में सूर्य का अस्त पूर्णिमान्त काल में देखा जाता है। (दैवात् जब कभी सूर्यास्तकाल में पूर्णिमा तिथि की भी पूर्ति हो रही हो)।

यहाँ पर उक्त चन्द्र प्रकाश के साधन के लिये (सित अंगुल,) चन्द्रमा को किस वेग से प्रति दिन प्रकाश कैसे मिल रहा है, इसका गणित किया गया है। इसे चन्द्र श्रृङ्गोन्नति का गणित कहते हैं। यह श्रृंगोन्नति जैसे आकार की जब जहां जैसी देखी जाय, द्वितोया को जिस ठीक समय में चन्द्रमा दृश्य हो, वह सब संस्कार करते हुए, ऐसे स्थलों पर दृश्य गणित को ही बड़ा महत्त्व भारतीय ग्रहगणितज्ञ आचार्यों ने किया है।

किन्तु उक्त क्षेत्र में स्पष्ट है कि-तिथियाँ सू स्था, सू स्था' इत्यादि हैं, यह सुर्य चन्द्रमा का अन्तर एक ही मार्ग में है। इस अन्तर से सूर्य से अन्तरित चन्द्र बिम्ब दृश्य नहीं हैं, अपि च यहाँ पर क्रान्ति वृत्तीय चन्द्रमा का स्थान है। और अनुभव और अनुमान से गणित से उसका ज्ञान और उसका शुभाशुभ फल समझा गया है। अत एव यदि दृश्य गणित कह कर जिससे हमने श्रृंगोन्नत्ति काल ठीक किया है उसी से सू चं, सू चं', सू चं'' इस कर्ण रेखा का ज्ञान और इसका काल यदि तिथि मानी गई है, तो उसके लिये राशि अंश नापने के लिये पृथक् एक और वृत्त की कल्पना करनी होगी, और तब सूर्य का भी स्थान चन्द्रमा के स्थान की

तरह उस वृत्त में लाना होगा, जिसे चन्द्रमा के भ्रमण मार्ग में सूर्य का स्थान जान कर सूर्य चन्द्रमा के चन्द्र मार्ग के अन्तर के १२ अंशों की तिथि माननी होगी। यह भयंकर अन्योन्याश्रय दोष होगा।

इस लिये सोच समझ कर बड़े विवेक से प्रागाचार्यों ने तिथि को राशिवृत्त में ही समझा है, वहाँ पर चन्द्रमा कदापि दृश्य नहीं है, अत एव तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण रूप समग्र पञ्चाङ्ग की प्राचीन अदृश्य गणित की साधनिका प्रक्रिया ठीक अदृश्य तिथि की है, और उसका जो ऋषियों का अनुभव गम्य फल है उसे फलित ज्यौतिष कहना युक्तियुक्त है।

इसलिये उसका अनुभवगम्य शुभाशुभ फलादेश भी अवश्य ठीक है। इस लिये तिथि नक्षत्र योग करण और वार गणना की पञ्चाङ्ग पद्धति अदृश्य है जो उक्त क्षेत्र से स्पस्ट है उसे दृश्य कहना भयंकर भ्रम और भूल भी है।

सिद्धान्ततः जहाँ जो पदार्थ दृश्य होता है, उसके जानने के अनेक उपाय प्रागाचार्यों ने स्पष्ट कहे हैं। दृश्य पदार्थ वही है, जिसे खुली आंखों से भी देख सकते हैं। जैसे :— सूर्य चन्द्र ग्रहणों में दर्शान्त ओर पूर्णिमा को शराभावविशिष्टामान्त, शराभावाभाव विशिष्टा-मान्त आदि शब्दों से, सूर्य चन्द्र ग्रहण सम्बन्ध की या सूर्य चन्द्र ग्रहण सम्बन्ध राहित्य की अमावास्या के लिये उक्त प्रकार के सारगर्भीय विशेषणों का प्रयोग शास्त्रकारों ने किया है।

इसी प्रकार अमावास्या के दिन में भी सूर्य के तेजः पुञ्ज (अपने कालांश) के आसन्न पर रहते हुये भी दृश्य असम्भव चन्द्रमा, खुली आखों से देखा (दृश्य होता है) जाता है। ऐसे चन्द्र दर्शन सम्बन्ध की अमावास्या को "सिनीवाली" संज्ञा तथा अमावास्या के दिन में (असम्भव दृश्य चन्द्रमा) चन्द्र अदर्शन सम्बन्ध विशेषण विशिष्ट अमावास्या को "कुहू" संज्ञा दी गई है।

"सा दृष्टेन्दुः "सिनीवाली" नष्टेन्दुः सा "कुहूः" स्मृता" तथा "भास्कराचार्य" भी ने "दिनेऽपि चन्द्रो रविसन्निधानादस्तं गतश्चेत्सति दर्शने भा—इस कथन से उक्त मत की पुष्टि की है।

३६५ दिन ६ घण्टे १२ मि०···में ही एक सौर बर्ष की पूर्ति होती है। इसी प्राकृतिक खगोलीय क्रम से अपने आप चौथे बर्ष में प्रायः मेष संक्रान्ति ता० १४ अप्रैल आदिक तारिकों में या और और सक्रान्तियाँ हो जाती हैं, स्थूल गणना से वह वर्ष ३६६ दिन का हो जाता है।

सर्व प्रथम दृश्य पञ्चाङ्गों में—

ता० १४ मार्च सन १९६३ की रात्रि ९ बजकर ११ मिनट में मीन की संक्रान्ति तथा ता० १३ मार्च सन १९६४ की रात्रि ३ बज कर २३ मिनट रेलवे ता० १४ में पुनः मीन की संक्रान्ति लिखी है—

३६६ दिनों में इन दोनों संक्रान्तियों का अन्तर १७ घण्टा ४८ मिनट कम करने से—

३६६ । ० । ०
—० ।१७ ।४८

प्रायः—३६५ दिन ६ घण्टा १२ मिनट का यह बर्ष मान नवीन गणितज्ञों ने माना है।

अथवा १४ मार्च सन् ६२ रात्रि ९।११ बजे से १३ मार्च रात्रि ९।११ बजे तक के ३६५ दिनों में ३।२३ बजे रात तक के ६ घण्टे १२ मिनट होते हैं।

देशी पञ्चाङ्गों में प्रमाद बहुत है, मूल सिद्धान्तों के क्रियात्मक गणित की पद्धतियाँ लुप्त प्राय हो गई हैं, सारिणियाँ कहाँ तक सही हैं, तथा देशी पञ्चाङ्गों के निर्माता, पञ्चाङ्ग सारिणियों के अतिरिक्त आगे श्रम करने में आलस्य कर रहे हैं, अथवा वे सिद्धान्त ग्रह गणित ज्ञान से दूर हैं। यह तथ्य है कि वर्त्तमान भारतीय पञ्चाङ्ग प्रकाशन शैलियाँ यदि समालोचनार्ह हो भी गई हैं, तथापि—

कतिपय प्रामाणिक पञ्चाङ्गों में

१४ मार्च सन् १९६३ की रात्रि ७ बजकर ५८ मिनट में मीन संक्रान्ति लिखी है। तथा पुनः १३ मार्च सन १९६४ की रात्रि २ बज कर १० मिनट में मीन संक्रान्ति लिखी है।

यहाँ भी उभयतः दोनों वर्षों की मीन संक्रान्तियों का ऋण अन्तर काल १७ घण्टा ४८ मिनिट तथा धन अन्तर ६ घण्टा १२ मिनिट आरहा है, अर्थात् देशी पञ्चाङ्गों के—

वर्ष मान—	३ ६ ६ । ० । ०	अथवा	३ ६ ५ । ० । ०
दृश्य पञ्चाङ्गों में	—० ।१७ । ४८		+ ० । ६ । १२ देशी पञ्चाङ्गों में
	३६५ । ६ । १२		३६५ । ६ । १२

३६५।६।१२ के ही तुल्य नवीन पञ्चाङ्ग शोधक पञ्चाङ्ग सम्पादकों ने भी स्वीकार किया है।

आदि और अन्त में दोनों में अनिर्वाच्य अन्तर है, मध्य में तिथि, नक्षत्र आदि, में, कहीं तुल्यता और कहीं न्यूनाधिकता देखी जारही है। पाठक देखकर स्वयं समझ सकते हैं। इसी प्रकार देशी पञ्चाङ्गों में पुष्य नक्षत्र दिन ३।५९ बजे तक और धृति योग ४।२६ बजे तक दिया है, एवं दृश्य पञ्चाङ्गों में पुष्य नक्षत्र १।५९ बजे दिन तक एवं धृति योग दिन २।४२ बजे तक दिया गया है।

देशी पञ्चाङ्गों में मेष संक्रान्ति रात्रि १०।२२ बजे (किसी ने १०।१५, १०।२७,११··· बजे तक) दी है।

भारत सरकार के पञ्चाङ्ग में संक्रान्ति ११।३१ बजे दी हुई है।

जैसा ऊपर कहा जा चुका है देशी पञ्चाङ्ग अपने मूलबीज शुद्ध सिद्धान्त ग्रन्थों की परम्पराओं का पूर्ण उपयोग नहीं कर रहे हैं। सारिणियों के ही सहारे पञ्चाङ्ग बनते जा रहे हैं, उन सारिणियों में कहाँ तक सूक्ष्मता है? तथा "समय समय पर अन्तर पड़ने से वेध से ज्ञात ग्रह के द्वारा ग्रह गणित का प्रामाण्य मानना चाहिए था"—ऐसा शास्त्रकारों ने बराबर कहा भी है, जिसकी उपेक्षा की जा रही है। इसलिए कि देशी पञ्चाङ्गों के निर्माण में कोई असाधारण सिद्धान्त नहीं है उनमें बहुत मिलावटें हो गई हैं। इस निर्माण में ग्रह गणितज्ञों का पूर्ण सहयोग भी नहीं देखा जा रहा है, अवश्य यह दुख की बात तो है ही।

किन्तु सिद्धान्त तो सिद्धान्त ही हैं, ग्रह वेध तो सिद्धान्त की तथ्यता की प्रतीति के लिए तथा प्राक्कालीन राज्य सञ्चालकों के अनुरञ्जन के लिये भी बनाया गया है। सिद्धान्त स्थिर हैं, गणित गौरव में त्रुटियाँ होती हैं, कुछ संस्कारों की भूल भी हो सकती है, किन्तु गणित प्रक्रिया तो दीर्घ प्राचीन काल से आज तक माप दण्ड रही है।

सृष्टि के आदि दिन से इष्ट दिन तक पूर्व कथित गणित को समझ लेने के पश्चात् नवीनों का "भारतीय वर्ष मान २३-८ मि० अधिक है"

यह ('आक्षेप') कथन निर्मूल हो जाता है।

भारतीय ग्रह गणित की अयनांश प्रणाली, सृष्टि के आदि के खगोलसन्धि विन्दु नाडी क्रान्ति वृत्त का सृष्टचादि सम्पात विन्दु (Equeator or orbit) से ही निरयण गणना स्वीकृत हुई है। फलित ज्यौतिष की मूल भित्ति रूप ग्रहगणित में, ज्योतिर्विदों ने उस विन्दु की गति को अच्छी तरह समझ कर सिद्धान्त को स्थिर किया है। उस चलित विन्दु से राशि वृत्त के पूरे ३६०° भी उसी चलित विन्दु पर होंगे। दूसरे प्रकार से भी कहा जा सकता है कि सृष्टि के आदि के स्थिर सम्पात से पुनः उसी स्थिर सम्पात स्थान तक भी ३६०° ही अंश राशि वृत्त में होते हैं। प्रतिवर्ष में स्थिर विन्दु की अपेक्षा चल विन्दु ५४" विकला पश्चिम चल रहा है। एक दिन की ग्रहों की गति के अनुपात से उक्त चल और स्थिर सम्पातों के अन्तर चाप ५४ विकला में कितना समय लगेगा? इसे अनुपात की तरह ज्ञात किया है। भारतीय आचार्यों के मत से जिसका मान स्वल्पान्तर से २३·८ मि. होता है, नवीन आचार्यों के मत से भी यही ठीक होता है।

भारतीय ग्रह गणितज्ञों ने उक्त अयन चलन से उत्पन्न वर्ष मान को अच्छी तरह समझ रखा है, किन्तु एक भारत की आध्यात्मिक परम्परा है कि नित्य और अनित्य को समझ कर अनित्य पदार्थ की अनित्यता की अपेक्षा नित्यता को ही ग्रहण करना चाहिए।

भारतीयों के मत से अयन-चलन-सृष्टि के आदि के सम्पात से कुछ समय पूरब को होकर पुनः लौट कर, सृष्टचादि में पहुँच कर, पश्चिमगतिक होते हुए, नियत दूरी तक पश्चिम जाकर, पुनः उसी सृष्टि के आदि विन्दु में आता है, उस समय चल सम्पात की सत्ता समाप्त होजाती है, किन्तु स्थिर सम्पात सदा एक सा रहता है, उसे जानकर तदनुसार ही संहिता, जातक, मुहूर्त्त, आदि के साथ साथ स्वर, शकुन जैसे आध्यात्मिक फलित ज्यौतिष-शास्त्र और समस्त देश के जीवन रूप इस धर्मशास्त्र का आविर्भाव हुआ है। ये सब वैज्ञानिकता के आधार पर हैं। इनमें परिवर्तन अवश्य हो सकेगा, जब मूल भूत ग्रह गणित के सिद्धान्तों में स्पष्ट कोई त्रुटि पाई जावेगी, ऐसा होना संभव नहीं है।

शतपथ ब्राह्मण के वाक्यों के अनुसार—मासों की प्राचीन उक्त दिन संख्याएँ सूर्य के राशि भोग पूर्त्ति की सावन दिन संख्याओं से सम्बन्धित हैं, भारतीय आचार्यों की यह कल्पना पूर्ण वैज्ञानिक है।

प्रति चौथे वर्ष में फरवरी की दिन संख्या में १ अधिक कर उसे ३६६ मानने से प्रति वर्ष के ग्रह गणित के प्रसिद्ध फलित विभाग में बहुत बड़ा विकार होगा।

जैसे—

भास्करा चार्य के अनुसार बर्ष का मान ३६५।१५।२२।३० मानने से वर्ष की दिन संख्या ३६५ में ७ का भाग देने से १ शेष रहता है। यह क्रिया रवि वारादि बार ज्ञात करने के लिये की गई है।

शेष १५।३०।२२।३० को ८ से गुणा करने पर २।४।३ यह (दिनादिक) आता है। त्रैशशिक अनुपात से ८ वर्ष में २।४।३ दिनादिक मिलता है, तो इष्ट सौर वर्षों में क्या मिलेगा ? $\frac{२।४।३ \times \text{इष्टागत सौर वर्ष}}{८}$, प्राप्त इस फल को तथा वर्ष की दिन संख्याओं में वारात्मक १ शेष को भी गतवर्षों से गुणा कर उक्त फल में जोड़ देने से—जो प्राप्त है वही दिन (वार) अब्दपति होता है।

गतबर्ष $\times$ १ $+ \frac{(२।४।३) \times \text{इष्ट गत सौर वर्ष}}{८}$ यह संख्या जब ७ से अधिक हो होती है तब इष्ट वार जानने के लिये पुनः इसमें सात का भाग देना चाहिए।

$$\text{गतबर्ष} \times १ + \frac{\left(२ + \frac{१}{१५} + \frac{१}{१२००}\right) \text{इष्ट गत सौर वर्ष}}{७} = \text{अब्दपति होता है।}$$

तीन वर्षो का वर्ष मान केवल ३६५ दिनों का तथा चौथे वर्ष का वर्ष मान ३६६ दिनों का मानने से बर्षपति ज्ञान की उक्त प्रक्रिया की भांति उपपत्ति साधिका प्रक्रिया अभी तक अन्यत्र देखने को नहीं प्राप्त हुई है। इस प्रक्रिया से प्रत्येक मानव का नववर्षारम्भ का दिन ही नहीं अपि च दिन का सूक्ष्म से सूक्ष्म क्षण ज्ञात होता है, किन्तु अन्य पद्धतियों से नववर्षारम्भ की स्थूल तिथि ही ज्ञात होती है।

इसी प्रकार किसी भी जातक के बर्षफल आदि जानने के लिये भी चौथे वर्ष की ३६६ की कल्पना व्यर्थ है, अत एव उक्त प्रदर्शित भारतीय वर्षमान ही वैज्ञानिक एवं साधु है।

राष्ट्रीय पञ्चांग के सम्पादक ने सूर्यसिद्धान्त में अयनांश का विवेचन देने वाले श्लोक (९,१० त्रिप्रश्नाधिकार) को किसी प्रमाण से पुष्ट किये बिना ही वाद के ज्योतिषियों से किया गया प्रक्षिप्त श्लोक बताकर हमारे ऋजुस्वभाव के प्राचीन पद्धति के ज्योतिषियों पर आक्षेप करने का दुःसाहस किया है। उनका अभिप्राय यह है कि भारतीय गणितज्ञ, अयनांश के बारे में पहले कुछ जानते ही नहीं थे। शतपथ ब्राह्मण में स्पष्ट लिखा है, जिसका उल्लेख तो वे स्वयं कर रहे हैं जिसमें अयनविन्दु में तब कृत्तिका नक्षत्र का होना वे बता ही रहे हैं वेदाङ्ग ज्योतिष में जो उस शतपथ ब्राह्मण ग्रन्थ से परवर्ती है, परन्तु सूर्यसिद्धान्त से पूर्ववर्ती है, इस अयन क्रान्तिसम्पात का विवेचन निम्नश्लोक में स्पष्ट दिया है जैसे—

हमारे यहाँ के महर्षिगण इस सायन मान को मुख्य मानते थे।

वराह मिहिर अपनी संहिता में—

"आश्लेषार्धाद्दक्षिणमुत्तरमयनं घनिष्ठाद्यं नूनं कदाचिदासीद्येनोक्तं पूर्व शास्त्रेषु"

अर्थात् किसी समय में आश्लेषानक्षत्र के उत्तरार्ध के आरम्भ से ही दक्षिण अयन और धनिष्ठा नक्षत्र के आरम्भ से ही उत्तर अयन होता था, इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं क्योंकि प्राचीन शास्त्रों में महर्षियों ने ऐसा ही लिखा है ।

इसी प्रकार ज्यौतिष वेदांग जैसी कोई भी प्राचीन पुस्तक ज्योतिश्शास्त्र में नहीं है, उसमें लिखा है ।

"स्वराक्रमेते सोमार्कौ यदा साकं सवासवौ-

स्यात्तदादियुगं माघ स्तपः शुक्लेऽयनं ह्युदक्" ।।

अर्थात् जब सूर्य चन्द्रमा दोनों धनिष्ठा के आदि में हों, साथ ही आकाश में चलें वही आदि युग है, और उसी दिन से उत्तर अयन आरम्भ होता है ।

जिस समय उक्त स्थिति रही होगी, उस समय से आज तक दोनों अयनांशों का अन्तर ४५°।२० कला होता है जिसकी विकला १६३२०० होती हैं । प्रतिवर्ष की अयनांश की स्थूल गति ५० विकला मानने से $\frac{१६३२००}{५०}$ = ३२२४ आज से पूर्व ३२२४ वर्ष में वेदांग ज्यौतिष की रचना महात्मा "लगध" ने की थी यह भी सिद्ध होता है ।

यहाँ पर कहने का तात्पर्य है कि अयन चलन का प्रागाचार्यों को बहुत पहिले से ही पूर्णज्ञान था ।

शतपथ ब्राह्मण में कृतिका नक्षत्र की स्थिति से यज्ञमंडपों में दिशाओं का ज्ञान किया गया है ।

(म० म० पं० सुधाकर द्विवेदी के दिग्मीमांसा ग्रंथ से उद्धृत संस्कृत का अनुवाद ।)

इस संबंध में गणक सार्वभौम स्वनामधन्य गुरुणांगुरु महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी जी के दिग्मीमांसा ग्रंथ के इस प्रसंग से संबंधित गणित गोल के महत्त्व का पाठकों के समक्ष वास्तविक विवेचन उपस्थित करना आवश्यक होगा । यथा—नक्षत्रों से दिग्ज्ञान कैसे होता है?—यही प्रतिपादन करना है ।

(१) नाड़ीवृत्त का पृष्ठीय केन्द्र विन्दु ध्रुव विन्दु ही उत्तर विन्दु है, वेध से ध्रुवज्ञान करते हुये वेधस्थानीय याम्योत्तर वृत्त के ऊपर जो लम्बवृत्त होगा, वह वृत्त प्राक्चिह्न नाडी पूर्वापर वृत्त के सम्पात विन्दु पर जावेगा, यही प्राची है—सबसे उत्तम और सरल दिग्साधन की यही युक्ति है ।

(२) नाडीक्रान्तिवृत्त के सम्पात पर उदित नक्षत्र बिम्ब भी गोलयुक्ति से नाडी क्षितिजउन्मण्डलयोगरूप पूर्वस्वस्तिक में होगा, इसलिये यह स्थान जिसका क्षितिज है, निश्चित है कि उस देश (स्थान) के अभिप्राय से यहां प्राची दिशा है ।

(३) स्वदेशीय क्षितिज में नक्षत्र की स्पष्टा क्रान्ति ज्ञान से विलोम उदित नक्षत्र का व्यस्त अग्रा से भी पूर्व चिह्न का ज्ञान गोलयुक्ति से ठीक है ।

(४) समशंकु········(५) एक क्षण में समान शंकु के भिन्न-भिन्न भुजमाना की तुल्यता········नक्षत्र युग्म दर्शन से भी दिग्ज्ञान होगा ।

(६)·········(७)·········(८)·········(९)·······इत्यादि अनेक युक्तियाँ हैं।

(१०) द्वितीयप्रक्रम से जिस नक्षत्र का कदम्ब प्रोतीय शर=० यह नक्षत्रबिम्ब अयनांश गति से कदाचित् नाडी क्रान्तिवृत्त सम्पात में गया हुआ होगा, इसलिये इस नक्षत्र का उदय, उदय क्षितिज में जिस समय जो जो देखेंगे सर्वत्र के लिये यही पूर्व दिशा गणित गोल से सुतरां स्पष्ट सिद्ध होगी।

कल्पना करिये, शराभाव नक्षत्रों में किसी क संज्ञक नक्षत्र की निरयण मेषादि से कदम्ब प्रोतीय ध्रुवांश=$अ_१$, विषुवत्क्रान्तिवृत्त सम्पातस्थ ध्रुवांश=$क_१$। ध्रुवान्तर विकला=३६०० ($क_१$ − $अ_१$)। विकलात्मक वार्षिक अयन गति=अ ग से भाग देने से लब्ध वर्षों में क नक्षत्र विषुवत्क्रान्तिवृत्त के सम्पात में होगा।

क नक्षत्र के सम्पातस्थ वर्ष=३६०० ($क_१$ − $अ_१$)। अयनांशगति विपरीत है। अतः सदा अयनांश ध्रुव में नक्षत्र ध्रुवा को घटाने से वर्ष साधन करना चाहिए। इस प्रकार क नक्षत्र कब सम्पात में होगा इसका उत्तर, लब्ध वर्ष होंगे, $\frac{३६००(क_१ - अ_१)}{अग}$

अतः अयनांश की ध्रुवा में नक्षत्र की ध्रुवा कम कर इसकी विकलाओं में वार्षिक अयनगति से भाग देने से सम्पातगत लब्ध वर्ष होंगे—

जैसे—"अयनांश ध्रुवात् शोध्यं भध्रुवं तद्विलिप्तिकाः वार्षिक्यायनगत्याप्ता अब्दाः सम्पातगस्य ते।"

इसी प्रकार चापीय त्रिकोणमिति से—प्राचीन सूर्य सिद्धान्तीय नक्षत्रों के ध्रुव और शरों से कब नक्षत्र बिम्ब की स्पष्टाक्रान्ति शून्य के तुल्य होती है—इसलिये सभी नक्षत्रों के सायन ध्रुवों का साधन करने के बाद जिन नक्षत्रों का परम क्रान्ति से कम दक्षिण शर हैं उनसे उत्तरगोलीय सायन ध्रुव, तथा जिन नक्षत्रों का परं क्रान्ति से कम उत्तर शरांश है इससे दक्षिण गोलीय सायन ध्रुव है। दोनों को लेकर निम्नप्रकार के गणित से आज से पूर्व के नक्षत्रों की स्थिति समझी है, तथा इस परम्परा से वेदकाल निर्णय में प्रायः ५४ तरह के मत आ रहे हैं, जो उपहास के ही हैं—

रोहिणी का शर=५° दक्षिण। सायनध्रुव ११°।१९'।५७"।१६८°।४०'।३"+

$$= \frac{४९।३०।०।।४९।३०।०}{३२१।४९।५७।।११९।१०।३}।$$

६ नवम्बर सन् १८९६ का अयनांश=२२' स्वल्पान्तर से अयनांश की गति ५०' मानने से इस समय से पूर्व रोहिणी की स्पष्टाक्रान्ति के अभाव में प्रथमायनांश सम्बन्ध

$$से \frac{२२—३२१।४९'।५७''}{५०''} = \frac{२८२°—३२१°।४९'।५७''}{५०''} = \frac{६०°।१०'।३''}{५०} = \frac{३६१०'।३''}{५०}$$

$$= \frac{२१६६०३''}{५०} = ४३३२\frac{३}{५०}$$ वर्ष पूर्व में वेद निर्माण कह सकते हैं।

इसी प्रकार द्वितीय अयनांश से $\frac{३८२^\circ - ११९^\circ।१०'।३''}{५०''} = \frac{२६२^\circ।४९'।५७''}{५०''}$

$= \frac{९४६१९७''}{५०} = १८९२३\frac{४७}{५०}$ वर्ष पूर्व वेद निर्माण काल कह सकते हैं।

इसी प्रकार—आश्लेषा से २३५४४, या ८२७९ शतभिषा से २४५४३ या ११७४४ कृतिका से १६४२८$\frac{३}{५०}$ या ५०९९ $\frac{४७}{५०}$ वर्ष पूर्व वेद निर्माण काल गणित से कहा जा सकता है। यह ५४ प्रकार के सभी मान अतुल्य हैं किसे किस आधार पर प्रमाणिक माना जाय ?

इसी प्रकार मृगशीर्ष से ४४४०$\frac{१}{५}$ वर्ष या १७५९$\frac{४}{५}$ वर्ष, इस प्रकार इस दिग्मीमांसा के पृष्ठ ३—३५ तक अनेक खगोलीय सिद्धान्तों के आधार से अव्यक्त और व्यक्त गणित का बहुत बड़ा बौद्धिक विचार पाश्चात्य मतों के साथ किया गया है।

भारतीय नक्षत्रों के वर्षों के साथ, एच. टी. कोलब्रूक ने भी पाश्चात्य मत से नक्षत्रों से वेदकाल निर्णय के सैकड़ों मत दिये हैं। (See Asiatic Researches-Vol IX. P. 323—371 and Historical view of Indian Astronomy by Bentley 1823)

तारा संख्या

३ अश्विनी=A Arictis=830 (No of Capecalalogue 1880)

३ भरणी=Muscau or 35 Arietis.

६ कृतिका=Tauri (Plei Ades)=1571

५ रोहिणी=a ,, (Aldebaran)=1862

६ २७ रेवती ५··· ··· ··· ··· ···४६८

इसी प्रकार २ तारा पूर्वभाद्र की जिससे १२००६ वर्ष पूर्व में वेदकाल हो सकता है। यहाँ पर आचार्य सुधाकर ने "देवयजन कल्पे कर्मान्त सूत्रे" तथा शतपथ ब्राह्मण २-१-२३ इन वाक्यों में कृतिका दर्शन से स्पष्ट प्राची दिशा ज्ञान करना चाहिए "श्रोणा-सन्दर्शनेन" वैदिकों के मत से प्राक्क्षितिज में औदयिक नक्षत्र बिम्ब से अभिप्राय नहीं है" ऐसा कहा।

श्लोकशुल्वे कात्यायनः (३४ श्लो)

स्वभाष्ये महीधरः·········इत्यादि

इन कथनों से जब नक्षत्र बिम्ब के उदय के पश्चात् यह शंकु ८६ अंगुल=३ हाथ १४ अंगुल के तुल्य होता है, इसी का नाम युग है। तभी नक्षत्र दर्शन के बाद प्राची दिशा ज्ञान करना चाहिए।

किन्तु प्रत्येक देश के अक्षांशों के भेद से एक ही नक्षत्र की विभिन्न स्थितियां क्रान्ति की विभिन्नता से स्पष्ट हैं, और साथ ही भिन्न-भिन्न शंकुओं के अंतर से कालान्तरित पूर्वापर वृत्त में प्रवेशकाल की विभिन्नता भी गोल युक्ति से सुस्पष्ट है। जहाँ पर ब्राह्मण ग्रंथों की

प्रथम रचना हुई होगी, वहाँ के अक्षांशों का ज्ञान, उद्दिष्ट कृतिकादि नक्षत्रों के युग मात्र प्रमाणक शंकु में बिम्बीय स्पष्टा क्रान्ति का ज्ञान नहीं हो सकता। पुनश्च, क्रांति की अज्ञानता से सायन ध्रुव का ज्ञान संभव नहीं है, और इस सायन ध्रुव की अज्ञानता के कारण ब्राह्मण ग्रंथों के रचनाकाल का ज्ञान भी दुर्घट है। सभी ऐतिहासिकों को लक्षित कर आचार्य सुधाकर ने उच्चैरुद्घोषित किया है कि विद्वान् मेरा यह मत अच्छी तरह समझें। इसी प्रकार चित्रकाण्ड मण्डल के—

श्रवणस्योदये प्राची कृतिकायास्तथोदये······

कुण्डसिद्धौ च निशि वा श्रवणोदये······

कुण्डदर्पण में···यद्वा पुष्योदयात्

इस प्रकार के अनेक कुण्ड साधन ग्रन्थों में अनेक बातें उपलब्ध होती हैं। ये वचन सर्वत्र सब देशों में उपयुक्त कदापि नहीं हो सकते हैं, किसी निर्दिष्ट नगर में भले ही सही हो जाँय। ज्योतिष सिद्धान्तों से अनभिज्ञ कुण्डसाधन करने वाले ग्रन्थकारों ने वास्तव अकाश की स्थिति को नहीं समझ कर अपने-अपने ग्रन्थों में युक्ति शून्य बातें लिख दी हैं।

पृष्ठ ३५ से अनुवाद

इसी प्रकार वेदांग ज्योतिषोक्त परमाल्प दिन २४ घटी से साधित पलभा ८।२६ है। इससे अक्षक्षेत्रीय गोलीयानुपात से ३५।६ यह काश्मीर का अक्षांश हो सकता है, इससे पूर्वोक्त समीकरणों की सहायता से आज से $\frac{१०५८५८०}{५०} = २११७१\frac{३}{५}$ वर्ष पूर्व में विकल्प से २५६ वर्ष पूर्व में वेद काल निर्णय हो सकता है।

एवं श्रवण···धनिष्ठादि से भी—स्वातीचित्राभ्यां युगमात्रोदिताभ्याम्···इत्यादि से पूर्वापररेखा का किसी प्रकार व्यवहारिक ज्ञान वैदिकों ने किया है—

इस प्रकार भिन्न-भिन्न देशों में विवेचित प्राचीन वैदिक ग्रंथों में स्वदेशीयोपयोग के पूर्व दिशाज्ञान के जो नो नक्षत्र प्राचीन मुनियों ने कहे हैं—उसके अनन्तर गोलज्ञान शून्य अन्य आचार्यों ने भी अनुपयुक्त मतों को अपने-अपने समय में भ्रान्ति से संग्रह कर पूर्व दिशा ज्ञान के लिए लिखे हैं। इस लिए देशों की भौगोलिकता के अज्ञान से, तथा पूर्वमतों और स्वतन्त्रमतों के साङ्कर्य से नहीं कहा जा सकता है कि प्राचीनों ने कौन-कौन से नक्षत्रों को किस-कस देशभिप्राय से पूरब में माना है। इस लिए देशों की अज्ञानता से ब्राह्मण ग्रन्थों का समय ज्ञान संभव नहीं है। यह सब क्षितिज, उनमण्डल, नाडी वृत्त, पूर्वापरवृत्त, सम्पातरूप प्राची चिह्न को मानकर कहा गया है। युगमात्रोदित कृतिका नक्षत्रों का अपने देश में जहाँ पर दर्शन हो उसी का नाम वदिक प्राची है यदि वैदिकों का यह मत है तब तो समयादि ज्ञान के विषय में कुछ कहा नहीं जा सकता।

फलित ज्यौतिष में कृतिका नक्षत्र

(१) फलित ज्योतिष के मुहूर्त्त ग्रंथों में अश्विनी प्रभृति २७ नक्षत्रों में से प्रत्येक में किये जाने वाले शुभ कर्मों के निर्देश के साथ ही नक्षत्रों के साथ सूर्य आदि सात वारों के योग के अनुसार भी किये जाने वाले शुभाशुभ कर्मों की ओर आचार्यों ने संकेत किया है।

(२) यात्रा प्रकरण में—प्राची, याम्या, प्रतीची और उत्तरा इन चार दिशाओं की यात्राओं के लिये मुख्यतया यात्रा मुहूर्त्त दिए गये हैं। पूर्व दिशा के लिये अश्विनी आदि नक्षत्रों की यात्रा शुभ फलदायिनी कही गई है, और अश्विनी, (पूर्व के लिए) पुष्य,(उत्तर के लिए) हस्त, (दक्षिण के लिए) और अनराधा (उत्तर के लिए) आदि में चारो दिशाओं की भी यात्रा विशेष महत्वपूर्ण मानी गयी है। ये चारों दिग्द्वार नक्षत्र कहे गए हैं।

लेकिन यात्रा तो आठों दिशाओं की आवश्यक होती है तो विदिशाओं के लिए किन नक्षत्रों में यात्रा की जाय ?

इस प्रसंग में आचार्यों ने कहा है कि—

"पूर्वादिषु चतुर्दिक्षु सप्तसप्तानलर्क्षतः।
वायव्याग्नेय दिक्संस्थं पारिघं नैव लङ्घयेत्" ॥

तात्पर्य यह है कि कृतिका नक्षत्र से प्रारंभ कर सातवें नक्षत्र श्लेषा तक, प्राची से आग्नेयी, मघा से विशाखा तक में अग्नि से नैऋत्य, अनुराधा से अभिजित् तक में नैऋत्य से वायुदिशा, एवं धनिष्ठा से भरणी तक वायु से ईशान दिशा तक की यह उक्त स्थिति, समझ कर बताई है। अग्नि दिशा से वायु दिशा तक अर्द्ध परिधि स्थित नक्षत्रों (पारिध दण्ड) को लाँघकर उनकी विपरीत दिशाओं के गमन में महान् अनिष्ट का भय बताते हुए यात्रा का निषेध करते हुए अग्नि दिशा की सीमा—

पूरब से ४५° दक्षिण की तरफ तक बताई है।

"अग्नेर्दिशं नृप इत्यात्पुरुहुतदिग्भैरेवं प्रदक्षिण गतोऽपि"

पूर्व दिशा से ४५° दक्षिण की तरफ कृतिकादि सात नक्षत्रों में राजा की अग्नि दिशा की यात्रा श्रेयस्कर होती है। कृतिका नक्षत्र का यहाँ यह स्पष्ट तात्पर्य है।

उक्त स्थिति कैसे होती है ?

गोल को देखने से स्पस्ट रूप से प्रत्यक्ष होता है कि क्षितिजवृत्त में पूर्वस्वस्तिक विन्दु से ४५° दक्षिण तक की अग्नि दिशा तक म कृतिकादि सप्त नक्षत्रों की स्थिति होती है।

"एता ह् वै प्राच्यै दिशो न च्यवन्ते"

शतपथ ब्राह्मण के इस वाक्य का स्पष्ट संबंध उक्त मुहूर्त्त ग्रंथों के वाक्यार्थ से ही है।

(३) खगोल में प्राची विन्दु तो एक नियत विन्दु है। जिस नक्षत्र बिम्ब की वस्तु स्थिति (या उस पर का कदम्बप्रोतीय शराग्र स्थान) उक्त सूक्ष्म प्राची विन्दु पर होगा, उसे ही प्राची विन्दुस्थ कहेंगे। कृतिका नक्षत्र के छह् नक्षत्रों का एक आकार षट्कृतिका रूप का है। उन छह् नक्षत्रों में से कौन सा नक्षत्र बिम्ब प्राची विन्दु पर था ? नवीनों ने इस पर अपना कोई अनुसंधान नहीं बताया है।

छह् नक्षत्रों का समूह रूप आकाश का एक भाग ($\frac{३६०}{२७}$) एक विन्दु रूप प्राची विन्दु में कदापि नहीं हो सकता। यह सुतरां असंभव है।

विवेचन,) शतपथ ज्ञान से उत्तरोत्तर के क्रमशः कालों में लिखे गये सभी ग्रन्थों में मिलते हैं। अतः "सूर्यसिद्धान्त" के उक्त श्लोक को प्रक्षिप्त कहने न कहने का कोई प्रभाव तो नहीं है।

वास्तविकता यह है कि हमारे प्राचीन सभी ज्योतिषी इस अयनांश को ४४१ शक संवत् से वर्त्तमान के शून्यसम्पातीय विन्दु से निरन्तर गिनते आ रहे हैं। हमारे गणित की शैली में इस ढंग का संस्कार सुविधाजनक है, अन्य नहीं। अतः उक्त सम्पादक का इस वाक्य को प्रक्षेप कहना अशोभन है, यह उनका महान् भ्रम है। यदि ऐसा होता तो भारतीयों को इस अयनांश का कुछ भी पता नहीं रहता। यह दूसरी बात है कि हमारे ...स्वाङ्ग उसी प्रकार निरयण गणित करते आ रहे हैं, जैसे नवीन (दृश्य) पञ्चांग ...स आदि में सायन नहीं अपि च निरयण मार्ग का अनुसरण कर रहा ...। जैसा उल्लेख जिस प्रकार यह पञ्चांग कर रहा है, वैसा ही हमारे पञ्चांग भी ...र रहे हैं। इन दोनों में कोई विशेष गाणितिक अन्तर नहीं है, हाँ इस पाश्चात्य नाटिकल अलमनाक (सायन पञ्चांग) में दो चार नये ग्रहों के विवरणों को छोड़ भारतीय आध्यात्मिकता में उसकी कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

सम्पात विन्दु उत्तरोत्तर खिसकते जाने के मत की पुष्टि तो हमारे आचार्यों के उक्त वचन स्पष्टतः कर ही रहे हैं, इसमें प्रश्न यही शेष रह जाता है कि यह कितने अंश तक जायेगा। अब तक के कुछ आचार्यों ने २७ अंश तक इसकी सीमा खींची है। पर उनका आदेश तो यह है कि प्रति वर्ष वेध करके गणित को शुद्ध करना चाहिए। अतः जब अयन २७ अंशों से आगे बढ़ने लगेगा, उस समय के वेधकर्त्ता को यह प्रत्यक्ष दिखाई पड़ेगा कि यह अयनांश २७° में समाप्त हो गया है। अथवा कम होते होते शून्य में आ गया है, या आगे २८° में चला जा रहा है। तब तक इस विषय पर विवाद करना व्यर्थ समय का दुरुपयोग करना है। क्योंकि ज्यौतिष तो प्रत्यक्ष देखने की बात है, केवल पुस्तकी विद्या नहीं है; अतः इस सम्बन्ध में पारस्परिक आलोचना का क्षेत्र नहीं खुलना चाहिए। प्रत्यक्षं किं प्रमाणम्'।

नवीनों के मत से वर्त्तमान अयनांश की स्वल्पान्तर से वार्षिक गति ४९"।५० के तुल्य है। (२६००० वर्षों में पूरे भगोल के परिवर्तन से $\frac{३६०\times ६०\times ६०}{२६०००} = \frac{६४८}{१३} =$ ४९"।५०) सूर्यसिद्धान्त का परम अधिक अयनांश २७° के पूरे होने में २७° में वर्त्तमान अयनांश को कमकरने से २७°–२३।१५ (वर्त्तमान अयन सम्पात) = ३।४५° = २२५ कला = १३५०० विकलाओं में १३५०० $\div \frac{६४८}{१३}$ = २७० वर्ष १० महीने होते हैं।

अतएव आज से आगे २७० वर्ष १० महीने में ही, अयनांश आन्दोलन का आन्दोलन वाद स्पष्ट होगा, इसी समय से नवीन आचार्यों की परम्परा ग्राह्य होगी। अभी दोनों एक मत हैं। अथवा २७० वर्ष के पश्चात् सूर्य सिद्धान्त के परम अयनांश २७° की मान्यता होगी, उस समय में भारतीय ग्रह गणित सम्बन्धी सिद्धान्त अधिक शुद्ध होने के कारण अनिवार्यतः अधिक महत्त्वपूर्ण बन जायेगा।

कृतिकादि नक्षत्रों की स्थिति सामान्यतया पूर्व से ४५° दक्षिण तक पूर्व में थी और आज भी है, नहीं तो ज्योतिष का फलित भाग उसकी भविष्य की स्थिति पर भी प्रकाश डाल चुका होता, क्योंकि फलित ज्यौतिष-शास्त्र ही भविष्य का मापदण्ड है।

इसी प्रकार स्वर शास्त्रों में भी कृतिका नक्षत्र की ही प्रधानता है, जिसमें अद्यावधि कोई परिवर्तन नहीं है। जैसे "आ, ई, ऊ, ए वर्णानलभम्"—

"अकारः प्रथमो वासुदेवस्तत्प्रधानत्वात् अकार एवाद्यो गृहीतः"।

पूर्वादि आठों दिशाओं में अ, क, च, ट, त, प, य, श इन आठो वर्गों के आ[illegible] से अकारादि वर्गों की स्थापना पूर्वादि दिशा और विदिशा में कही गई है। [illegible] कादि नक्षत्र संबंध से है।

आचार्य पराशरोक्त दशाओं में जातक की प्रथमा दशा सूर्य ग्रह की होती है, कृतिका नक्षत्र से जन्मनक्षत्र तक तीन आवृतियों में होती है

"गणयेत्कृतिकाभाच्च यावद्वै जन्मभावधि
नवभिश्च हरेद्भागं शेषं ग्रह दशा भवेत्"।

योगिनी दशाओं में भी अश्विनी से जन्म नक्षत्र तक गणना कर उसमें तीन जोड़कर फिर आठ का भाग देना चाहिये (यहाँ भी कृतिकादि क्रम से है तात्पर्य।)

इस प्रकार शतपथ ब्राह्मण काल से और उसके पूर्व से "कृतिका प्राच्यै दिशो न च्यवन्ते" इस वाक्य की संगति हुई है। आज की साम्पतिक कृतिका जहाँ भी हो किन्तु उसका व्यवहार तो अनादि (प्राक्तन) काल से एक ही स्थिर अर्थ में हो रहा है।

विशेष

यदि शतपथ ब्राह्मण काल से कृतिका नक्षत्र से अयनांश की गतियों का कुछ भी संबंध होता तो ज्योतिषशास्त्र प्रणेता अष्टादश आचार्यों के ग्रंथों में शतपथ ब्राह्मण में उल्लिखित कृतिका स्थिति के प्रसंग में अयनांश का उल्लेख भी होता, क्योंकि उनके समय में भी निस्संदेह अयन चलन था।

यदि इस प्रसंग में पूर्ववर्ती आचार्यों के बुद्धि-विभ्रम को कारण माना जाय तब भी तो परवर्ती आर्यभट्ट, लल्ल, बराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त, श्रीपति, द्वितीय आर्यभट्ट, भास्कर, गणेश, कमलाकर, एवं रंगनाथ मुनीश्वर प्रभृति गणितगोल के मर्मज्ञ उद्भट खगोल शास्त्रियों द्वारा शतपथ ब्राह्मण के उक्त वाक्य का उल्लेख होना चाहिये था। उन्हें भ्रम नहीं होता क्योंकि अयन चलन पर उक्त आचार्यों ने अपने स्पष्ट विचार व्यक्त किये हैं। जैसे—

दूसरी बात यह भी है कि भारतीय ज्योतिषी—

अयनांश को ४४१ शक संवत् से गिनते आ रहे हैं। इससे यह निश्चित है कि इस संवत् के समीपस्थ लेखक ने इस क्रान्ति पात को अपने आखों देखकर लिखा था। पाश्चात्य ज्योतिषी भी लगभग इसी तिथि से अयनांश की गणना करते हैं। और इसके गणित का विशेष प्रचार तो १६ वीं शताब्दी से हुआ है, हमारे यहाँ यह अयन सम्पात (क्रान्ति के

अतएत नवीन ग्रह गणितज्ञों से अनुरोध है कि उक्त विवाद पर प्राची एवं प्रतीची उभय पक्षों के खगोलशास्त्रियों के विचारों के सम्यक् अध्ययन के पश्चात् कोई निष्पक्ष निर्णय दिया जाना चाहिये जिसे हम हृदय से स्वीकार करें। नवीन ग्रह गणित की वर्तमान गवेषणायें अवश्य स्तुत्य हैं। उनकी इन ग्रहगणित की अनेक श्रमपूर्ण गवेषणाओं का हम हृदय से आदर भी करते हैं।

भूमण्डल की भारत भूमि में भास्करावतार "भास्कराचार्य"

अब प्रकृत में भास्कराचार्य प्रणीत ग्रहगणित के इस महत्तम ग्रन्थ सिद्धान्त शिरोमणि के स्पष्टाधिकार और त्रिप्रश्नाधिकार की जो यथोचित विवेचना की गई है उस पर कुछ वक्तव्य आवश्यक है।

भास्कर ने अपने से पूर्ववर्ती आचार्यों के प्रायः सभी मतों का आदर किया है, तथा विशेष स्थलों पर उनके मतों का खण्डन भी किया है।

११वीं शताब्दी से आज तक इस ग्रन्थ का महत्त्व अवाधगति से चला आ रहा है। ऐसे महान ग्रहगोलज्ञ का संक्षिप्त परिचय निम्न है। आर्य भट्ट और उनकी शिष्य परम्परा के "लल्लाचार्य", "वराहमिहिर", "मुञ्जाल" द्वितीय "आर्य भट्ट" तथा "ब्रह्मगुप्त" के पश्चात्, सह्यपर्वत के निकट विज्जड़विड (ऐतिहासिकों के मत से आधुनिक बीजापुर) नामक स्थान में शाण्डिल्य गोत्रीय श्रीमान् महेश्वर उपाध्याय के घर में १०३६ शक संवत् में भारतवर्ष का भूषण रूप साक्षात् भास्करावतार आचार्य "भास्कर" उत्पन्न हुए थे। विष्णु पुराण ग्रन्थ के पद्यों के अधिक प्रमाणभूत दृष्टान्तों से, तथा मिताक्षरा रूपता के "यस्मात् क्षुब्ध प्रकृतिपुरुषाभ्याम्" श्लोक की मिताक्षरा में वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध नामक मूर्त भेदों का वैष्णव आगमों में विशेष समादर होने से, ये "कार्णाटक" वैष्णव ब्राह्मण थे, ऐसा अनुमान लगाया जाता है।

इनके लिखे निम्न पाँचों ग्रन्थ सर्वत्र उपलब्ध होते हैं। (१) लीलावती (अंकगणित) (२) बीजगणित, (३) गोलाध्याय, (४) ग्रहगणिताध्याय तथा (५) ब्रह्मसिद्धान्ततुल्य करण कुतूहल।

गोलाध्याय में नाडीवलय यन्त्र के निर्माण के अवसर पर कहा है, "स चाङ्कनप्रकारः "सर्वतोभद्रयन्त्रे"। किन्तु भास्कराचार्य का सर्वतो भद्र यन्त्र अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका है।

अपने बीजगणित के उपसंहार में उन्होंने लिखा है कि भास्कराचार्य के गुरु उनके पिता श्रीमान् पं० "महेश्वर उपाध्याय" ही थे। क्योंकि सिद्धान्त शिरोमणि ग्रन्थ की प्राचीन प्रतिलिपियों में अध्याय समाप्ति पर यह लेख मिलता है, "महेश्वरोपाध्यायसुत भास्कराचार्य विरचिते"।

वासनावार्त्तिककार नृसिंह दैवज्ञ ने गणिताध्याय के प्रथम श्लोक की व्याख्या के ही अवसर पर आचार्य भास्कर की बड़े आदर के शब्दों में महत्त्वपूर्ण स्तुति की है। जैसे—(संस्कृत का हिन्दी अनुवाद)।

"शाण्डिल्यमुनि गोत्रोत्पन्न, कुम्भोद्भव, दिग् अंगनाओं के आभरण सर्वस्व, सह्य पर्वताश्रय विज्जड नगर निवासी, जिन्होंने दण्डक वन को पवित्र किया है, जिन्होंने अनेकों यज्ञों के सम्पादन से पुण्य सञ्चय किया है, और जो याज्ञिकों के अग्रगण्य, युजुः शाखियों के उपाध्याय, साम्वत्सरिकों (ज्योतिषियों) के आचार्य, काव्य, नाटक, और

अलंकार वेत्ताओं के अध्यापक, बुद्धि बर्द्धन के उपायों के कारक, ब्रह्मसिद्धान्त और वसिष्ठ सिद्धान्त के तुल्य सर्वतोभद्रादि यन्त्रों के निर्माता महाराष्ट्रियों के आश्रय हैं। ऐसे महेश्वर आचार्य के नन्दन, परम कारुणिक श्रीभास्कराचार्य ने "श्रीधर" "ब्रह्मगुप्त" "लल्ल" "चतुर्वेदाचार्य" निर्मित अपार गणित सागर के विचार जल कल्लोलों में अनेक सन्देह सन्दोह गृहीत रूपी मकरादि ग्राह जन्तुओं से गृहीत जीवों का उद्धार करने की इच्छा से सिद्धान्त शिरोमणि की रचना की।"

शास्त्रान्तर में भी भास्कराचार्य सम्बद्ध एक पद्य की उपलब्धि से उक्त कथन की परिपूर्ण पुष्टि होती है, जो निम्न है—

"अष्टौ व्याकरणानि, षट् च भिषजां व्याचष्ट ताः संहिताः।
षट्तर्कान् गणितानि पञ्च चतुरो वेदानधीते स्म यः॥
रत्नानां त्रितयं द्वयञ्च बुबुधे मीमांसयोरन्तरम्।
तद्ब्रह्मैकमगाधबोधमहिमा सोऽस्याः कविर्भास्करः"॥

भास्कराचार्य की लीलावती (अंकगणित) ग्रन्थ के "लीलावती" नाम करण के विषय में अनेक किम्वदन्तियाँ हैं। भास्कराचार्य ने अपने लीलावती ग्रन्थ में यत्र तत्र सर्वत्र-अधोलिखित सम्बोधनों का प्रयोग किया है।

जैसे :—अंकों के योग के उदाहरण के अवसर पर, "अये! बाले! लीलावति! मतिमति"! इत्यादि। कहो कि २।५।३२।१९३।१८।१० और १०० अंकों का एकीकरण कितना होगा? साथ ही 'शतोपेतानेतानयुत वियुतांश्चापि वद मे यदि व्यक्ते युक्ति व्यवकलन मार्गेऽसि कुशला'। उक्त योगांक को १०००० में घटाने से क्या फल होगा? एक ही श्लोक में अंकों के स्थानीयमानों के अनुसार योग और अन्तर का कैसा सुन्दर उदाहरण उपस्थित किया गया है, पाठकस्वयं विचारें। (योग=३६० इसे १००० में घटाने से अन्तर=९६४)

गुणन और भजन का एक ही पद्य से उदाहरण :—

बाले बालकुरङ्ग लोल नयने! लीलावति प्रोच्यताम्।
पञ्चत्र्येकमिता दिवाकर गुणा अङ्काः कति स्युर्यदि॥
रूपस्थानविभागखण्डगुणेन कल्याऽसि कल्याणिनि!
च्छिन्नास्तेन गुणेन ते च गुणिता जाताः कति स्युर्वद॥

बालकुरङ्ग की तरह चञ्चलाक्षि हे बाले लीलावति! १३५ को १२ से गुणा कर गुणनफल में गुणक का भाग देने से कितनें अंक होते हैं? अंकों के स्थान विभागीय खण्ड गुणन में हे कल्याणिनि! यदि तुम कल्या (चतुरा) हो।

यहाँ पर लब्धि × भाजक = भाज्य के संकेत का भी बालकों के लिये स्पष्ट किया गया है।

वर्ग और वर्गमूल के लिये तथा अन्यत्र भी सखे! सम्बोधन का व्यवहार किया गया है। घन और घनमूल के प्रश्नों के लिये।

घन पदं च ततोऽपि घनात्सखे! यदि घनेऽस्ति घना भवतो मतिः।

अर्थात् घनमूल जानने में यदि तुम्हारी मति घनीभूत हो तो कथित अंकों का घनमूल बताओ।

कृपण से भुलाकर याचना नहीं करनी चाहिए इस अभिप्राय को--प्रभाग जाति भिन्न के सूत्र से स्पष्ट किया है।

उदाहरण--

हे सुमते ! हे वत्स ! यदि तुम जानती हो (जानते हो) तो (१ द्रम=[प्रायः १ चौउन्नी) का $\frac{१}{२}$ का $\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४}$ का $\frac{१}{५}$ का $\frac{१}{१६}$ का $\frac{१}{४}$) एक भिखारी ने एक धनी से एक द्रम की मांग की, धनी ने फटकार दी। तब भिखारी ने एक द्रम का आधा माँगा। इसी प्रकार पुनः भिखारी ने द्रम के आधे का $\frac{२}{३}$ माँगा एवं धनी की अस्वीकृति ही होने से, धनी से भिखारी ने क्रमशः १ का $\frac{१}{२}$ का $\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४}$ का $\frac{१}{५}$ का $\frac{१}{१६}$ का अन्त में $\frac{१}{४}$ माँगा। तब धनी ने स्वीकृति दी, तो बताओ उस कृपण धनी से भिखारी को क्या प्राप्त हुआ ?

उत्तर :-- $\frac{६}{७६८०}$ या $\frac{१}{१२८०}$ द्रम, भिखारी को मिले।

परिभाषा प्रकरण के अनुसार, २० कौड़ी=१ काकिणी। ४ काकिणी=१ पण (प्रायः पैसा) १६ पण=१ द्रम के क्रम से उक्त द्रमों की $\frac{१\times१६\times४\times२०}{१२८०}=१$ वराटक भिखारी को भीख में मिला। अर्थात् भिखारी को एक कौड़ी मिली।

व्यस्त गणित के उदाहरण में–राशि वेत्सि चञ्चलाक्षि ! विमले ! विशेषणों का प्रयोग हुआ है। प्राचीन पुस्तकों में एक और उदाहरण पति-पत्नियों के प्रणय कलह का मिलता है। विद्वानों ने इसे प्रक्षिप्त उदाहरण भी कहा है। वह कि प्रणयावसर में मौक्तिक हार के टूट जाने से मुक्ता के दानों के इधर-उधर बिखरने पर पति के द्वारा उनके पाये जाने तथा उनकी संख्या के विषय में किये गये प्रश्न से संबद्ध है। इसी प्रकार--विश्लेष जाति के उदाहरण पर, कान्ते ! केतक मालती परिमल इत्यादि। गुण कर्म के उदाहरण के अवसर पर—बाले ! मराल कुल मूल दलानीति······तीरे विलास भरमन्थरगाण्यपश्यम्। कुर्वंच्च केलि कलहं कल हंस युग्मं--ऐसे सरस वाक्यों का उदाहरण, तथा बाले ! बाल मृणालशालिनि ! जले केलि क्रिया लालसमित्यादि तथा निशि परमललुब्धं पद्ममध्ये निरुद्धं रणति प्रति रणन्तं ब्रूहि कान्ते ! अलि संख्याम्, इत्यादि प्रकार के सम्बोधनों का प्रयोग किया है। उक्त सम्बोधनों से बहुत लोगों ने या ग्रन्थ के एकाध टुकड़ों के ही जानकारों ने माना है कि "भास्कराचार्य" ने अपनी लड़की लीलावती के नाम के सम्बोधनों का प्रयोग किया है।

अलंकारिकों को विचारना चाहिए कि उक्त मत कहाँ तक तथ्यसंगत हो सकता है।

लीलावती ग्रन्थ के अन्तिम पद्य में स्वयं आचार्य ने कहा है कि–सुन्दर गुणन, भजन, वर्ग, वर्गमूल, घन घनमूल जाति, प्रभागजाति भिन्न क्षेत्र व्यवहार, वृत्तक्षेत्र व्यवहार, छाया व्यवहार, कुट्टक व्यवहार, अंकपाश आदि के गणितों से विभूषित और जिसके समग्रगणित व्यवहार दोष शून्य हैं, ऐसी सर्वांग लीलावती नाम की पुस्तिका जिन्हें कण्ठस्थ हो उनकी सुखद गणित सम्पत्ति सदा वर्धमान होती है।

अथवा—और भी एक अत्यन्त स्पष्ट अर्थ होता है कि—

सुन्दर गुण, वर्ग जाति आदि से विभूषित अंग वाली, अत्यन्त पवित्र व्यवहार युक्त कण्ठसक्ता (स्त्री, वामा, भार्या, अर्द्धाङ्गिनी) पति प्रिया तथा विनोद जिसमें विद्यमान हो ऐसी सुन्दर सरस भाषिणी या सुन्दर सरस युक्तियों की दृष्टान्त दायिका लीलावती (भार्या)

गृहिणी रूप से जिन गृहस्थों के घरों को अलंकृत करती है, उन गृहपतियों की सुख सम्पत्तियाँ (पुत्र मित्र लक्ष्मी) सदैव वृद्धिगत होती हैं। जैसे —

"येषां सुजातिगुणवर्गविभूषिताङ्गी शुद्धाखिलव्यवहृतिः खलु कण्ठसक्ता।
लीलावतीह सरसोक्तिमुदाहरन्ती तेषां सदैव सुखसम्पदुपैति वृद्धिम्॥"

उक्त विवेचनाओं से मेरा विचार इस निष्कर्ष पर पहुंच पाया है कि कुशल आचार्य ने उक्त ग्रन्थ का "लीलावती" नाम करण पत्नी की अमरकीर्ति की स्थापना के लिये किया होगा।

एक संभावित कल्पना यह भी हो सकती है कि --ऐसी महान् विभूतियों को दैवी लौकिक देन कम देखी गई हैं—अनपत्य (सन्तानहीन) होने से भी पति पत्नी का पुरुष प्रकृति रूप में साक्षात् विलय हो जाता है जैसा भास्कराचार्य को भी यदि हुआ होगा तो भी राष्ट्र की भविष्य की समग्र शिक्षित सन्तानें उन्हें स्मरण करती हुई दीर्घ समय तक अपनी श्रद्धाञ्जलियाँ समर्पण करती रहेंगी। जैसा भास्कराचार्य के जन्म शक १०३६ से आज के वर्त्तमान शक १८८५ तक प्रत्येक शताब्दी से भास्कराचार्य के ग्रहगणित के आधार की अपनी-अपनी बहुविध रचनाओं से विद्वानों ने आचार्य का धवल यश दिगदिगन्त तक पहुंचाया है।

(१) भास्कराचार्य की अंकगणित की कुछ प्रतिभाएँ

भास्कराचार्य ने लीलावती ग्रन्थ के क्षेत्र व्यवहार में चतुर्भुज क्षेत्र के क्षेत्रफल निकालने के सम्बन्ध में अपनी सूक्ष्म बुद्धि का परिचय दिया है। एक चतुर्भुज क्षेत्र है। जिसकी दोनों भुजाएँ क्रमशः ५२ और ३९ हैं। जिसकी भूमि आधार ६० के तुल्य है, तथा जिसका मुख २५ हाथ के तुल्य है। प्राचीनों ने इस क्षेत्र को अतुल्य लम्बक कहते हुये इसके दोनों कर्णों को क्रमशः ५६ और ६३ के तुल्य ही कहा है।



भास्कराचार्य ने प्राचीनों के इस गणित को एक देशीय गणित कहा है। "ब्रह्मगुप्ताचार्य"–मत को आगम मानते हुये भी आचार्य ने सिद्धान्त पक्ष स्थापित करने में सङ्कोच नहीं किया है। ब्रह्मगुप्त का निःसंकोच खण्डन भी किया है।

भास्कराचार्य का कथन है कि —चतुर्भुज की चारों भुजाओं के नियत होने पर भी उसके

नियत कर्ण नहीं हो सकते। कर्णों की नियत स्थिति न होने से लम्ब मानों में भी अन्तर पड़ता है, जिससे चतुर्भुज का क्षेत्रफल भी एक रूप का कदापि न होकर अवयश्य अनेक रूप का हो सकता है।

जैसे, उक्त अ क ल प चतुर्भुज के अ क और ल क अथवा क कोण की दोनों भुजाओं को भीतर की तरफ संकुचित करने से क ल और क अ भुजाओं के योग ७७ के तुल्य तथा ब्रह्मगुप्त के मत से वृहत्कर्ण ६३ के तुल्य मानने पर लघुकर्ण का मान ५६ आता है ठीक है। किन्तु भास्कराचार्य का कथन है कि—

(१) चतुर्भुज के एकान्तर कोणों के खिंचाव से चतुर्भुज संकुचित होकर त्रिभुज के रूप में परिणत हो जाता है। एक कोण में लगी हुई दो भुजाओं के योग के तुल्य आधार का मान हो जाता है। और चतुर्भुज की शेष दोनों भुजाएँ त्रिभुज की भुजाएँ बन जाती हैं। दूसरा संकुचित कर्ण चतुर्भुज के लम्ब से कम नहीं होगा और वे दोनों भुजाएँ आधार से बड़ी नहीं होंगी। इस कथन के अनुसार ५६ की जगह पर कर्ण के ३२ मानने से इसी चतुर्भुज का दूसरा कर्ण ७६$\frac{२२}{२५}$ आता है। (सामने चित्र देखिये)



(२) इसी क्षेत्र को समलम्ब चतुर्भुज की स्थिति में रखने से ६०—२५=३५ को आधार मानकर, अन्तर्लम्ब त्रिभुज के स्वरूप में ३५ आधार के दो विभागों में एक विभाग का मान $\frac{३}{५}$ और दूसरे विभाग का मान $\frac{१७२}{५}$ होता है। तथा शीर्षकोण से आधार तक लम्ब का मान $\sqrt{\frac{३८०१६}{२५}}$ आता है।

आसन्नमूल लेने से लम्ब का मान ३८$\frac{६२२}{६२५}$ आता है। $\sqrt{(६० - \frac{३}{५})^{२} + \frac{३८०१६}{२५}}$ आसन्न मूल ७१$\frac{१}{२०}$ तथा $\sqrt{\left(६० - \frac{१७२}{५}\right)^{२} + \frac{३८०१६}{२५}}$ आसन्न मूल ४६$\frac{१३}{२०}$ यह द्वितीय कर्ण होता है।





उक्त स्पष्ट विवेचनों से भास्कराचार्य का कथन ("चतुरस्त्रे तेष्वेव बाहुष्वपरौ च कर्णौ बहुधा भवतः" इन्हीं भुजाओं में और भी कर्ण हो सकते हैं, तथा इन्हीं भुजाओं से निर्मित चतुर्भुज का क्षेत्रफल भी बहुत तरह का हो सकता है) युक्ति युक्त है। आधुनिक अंक गणित में इस प्रकार की सूक्ष्म देनें यदि हैं तो वह सब भास्कराचार्य की ही हो सकती हैं। यदि नही हैं तो गङ्गातट पर भी प्यासे होने की तरह आश्चर्य की ही बात कहनी पड़ेगी।

(२) बीज गणित

भास्कराचार्य के बीज गणित में (१) अवर्गाङ्क अंकों का मूल ज्ञात करने के नियम, (२) कुट्टक गणित की अनेक विशेषताएँ, (३) वर्ग प्रकृति गणित में योग अन्तर की भावनाओं से कनिष्ठज्येष्ट के ज्ञान के अनेक नियम, (४) एक वर्णसमीकरण के पञ्चकशतदत्तधनात् इत्यादि के उदाहरण में कल्पना लाघव से व्यक्त मान ज्ञात करने की युक्तियाँ, (५) त्रिभिः पारावता पञ्च इत्यादि उदाहरण में क्रिया लाघव से कपोतादि मान ज्ञात करने की विधि, (६) कौ राशी वद पञ्चषट्क विहृताविल्यादि उदाहरण में क्रिया संकोच का कल्पना कौशल, (७) वर्ग समीकरण में विविध मान प्रदर्शन सिद्धान्त प्रतिपादन (८) आचार्य पद्मनाभ के बीजसूत्र का व्यभिचार प्रदर्शन, (९) अनेक वर्ण मध्यमाहरण के 'यत्स्यात्साल्पवधार्धतो घन पदम्' इत्यादि उदाहरण में राशि कल्पना की अपूर्व युक्ति प्रदर्शन (१०) और भाविता-अध्याय में अभिन्न मान के लिये, 'भावितं पक्षतोऽभीष्टादित्यादि" सूत्र से अपूर्व गणित क्रिया प्रदर्शन प्रभृति बीजगणितीय बुद्धिकौशल, गणितज्ञों के लिये आश्चर्यजनक सिद्ध हो चुके हैं।

चौथा (४) उक्त विशेषताओं में व्यक्त मान ज्ञात करने का एक उदाहरण पाठकों के विनोद के लिये उपस्थित करना उचित होगा।

जैसेः—पांच रुपये सैकड़े से किसी अभीष्ट समय तक के लिये दिये गये किसी मूलधन का जो ब्याज मिला, उस ब्याज के वर्ग को उसी मूल धन में कम करने से जो धन बचा

उसे द्वितीय मूलधन मान कर उसे दस रुपया सैकड़े की दर से उसी पूर्वसमय तक के लिये दिया गया और उसका भी व्याज पूर्व मूल धन के व्याज के ठीक बराबर मिला तो प्रथम और द्वितीय मूलधनों का मान बताओ।

यहाँ यदि प्रथम मूलधन=य तथा समय =५ मास मानें, तब क्रिया करने से $\frac{य}{४}$ यह प्रथम धन का फल हुआ। इसका वर्ग $\frac{य^२}{१६}$ हुआ। इसे प्रथम मूल धन में से कम करने से द्वितीय मूलधन होता है, अतः $य - \frac{य^२}{१६} = \frac{१६ य - य^२}{१६}$ यह द्वितीय मूलधन हुआ।

यह भी पूर्व के ५ मास तक के लिये दिया गया और पूर्व के ५) सैकड़े से द्विगुणित सैकड़े अर्थात् १०) सैकड़े से दिया गया

अतः १००······१······१०

$$१ \quad \cdots \quad \frac{१०}{१००} = \frac{१}{१०}$$

$$१ \quad ५ \quad \frac{५}{१०} = \frac{१}{२}$$

$\therefore \frac{१६ य - य^२}{१६} \cdots ५ \quad \frac{१६ य - य^२}{१६} \times \frac{१}{२} = \frac{३२ य - य^२}{३२}$। यह द्वितीय धन का व्याज है, जो पूर्व धन के व्याज के तुल्य है। दोनों को तुल्य करने से-

$$\frac{य}{४} = \frac{१६ य - य^२}{३२} = ८ य = १६ य - य^२ ।$$

$\therefore ८ = १६ - य \therefore य = ८$, यह प्रथम मूलधन है। इस य मान का द्वितीय मूलधन में उत्थापन करने से $\frac{१६य - य^२}{१६} = \frac{१६ \times ८ - ६४}{१६} = \frac{६४}{१६} = ४$ यह द्वितीय मूलधन हुआ।

यहाँ पर आचार्य ने उक्त समीकरण को दिखाते हुये भी अपने रचित गद्य में एक सिद्धान्त उपपन्न किया है, और उक्त क्रिया को गौरव क्रिया भी कहा है। जैसे–आचार्य के गद्य के आशय के अनुसार कल्पना करिये कि द्वितीय मूल धन=द्वि। प्रथम द्वितीय व्याजों का सम्बन्ध $= \frac{१०}{५} = २ =$ गुणक=गु। प्रथम धन=गुण गुणित द्वितीय धन। प्रथम मूलधन— द्वितीय मूलधन=फल वर्ग। अतः द्वितीय धन गुणित गुण—द्वितीय धन=फल वर्ग।

अर्थात्—द्वितीय मूलधन (गुण—१) =फलवर्ग।

$$\therefore \text{द्वितीय मूलधन} = \frac{\text{फलवर्ग}}{\text{गुण} - १}$$

जैसे :—

कल्पना कीजिए कि फल का (व्याज) वर्ग २५६ है। इसमें प्रथम द्वितीय प्रतिशत व्याजों का सम्बन्ध $\frac{१०}{५} = २$ यह गुणक है। इस गुण में एक कम करने से २–१=१ का भाग

देने से $\frac{२५६}{१}$=२५६, यह द्वितीय मूलधन हुआ। इस द्वितीय मूलधन को गुणक २ से गुणा करने से ५१२ यह प्रथम मूलधन होगा। आलाप मिलाने से $\overset{१२८}{५१२} \times \frac{१}{\underset{५}{२०}} = \frac{१२८}{५}$ यह कलान्तर (व्याज) हुआ।

समय जानने के लिए यदि $\frac{१२८}{५}$ धन में १ महीना समय है तो फल वर्ग ($\sqrt{२५६}$ =१६) के मूल १६ धन में कितने महीने होंगे, = $\frac{५}{८}$ महीना यही समय ज्ञात हुआ।

तदनन्तर ५१२ धन का $\frac{५}{८}$ महीने में ५ प्रतिशत से लब्ध फल, $\frac{५१२ \times ५ \times ५}{१०० \times ८}$ =१६, यह प्रथम धन का फल हुआ। एवं फल के वर्ग २५६ को प्रथम मूलधन में कम करने से द्वितीय मूलधन २५६ का १० प्रति सैकड़े से $\frac{५}{८}$ महीने में $\frac{२५६ \times १० \times ५}{१०० \times ८}$ = १६ के तुल्य पूर्व धन के व्याज के तुल्य कलान्तर (व्याज) प्रत्यक्ष है।

आचार्य का अभिप्राय है कि जब ऐसे कुछ स्थलों पर अव्यक्त कल्पना से गणित गौरव होता है, तथा समय को मानने तथा अव्यक्त कल्पना से क्रिया निर्वाह नहीं होता तब अपनी बुद्धि से ही सभी समस्याएँ हल हो जाती हैं। बुद्धि की शरण में जाना चाहिये। अ, ब, क, ल इत्यादि अव्यक्त कल्पना मान मात्र बीजगणित नहीं है, बुद्धि ही बीजगणित है। उक्त स्थल में व्याज के वर्ग की कल्पना का भी चमत्कार बुद्धि से करना चाहिये इत्यादि। यथा—

नैव वर्गात्मकं बीजं न बीजानि पृथक् पृथक्।
एकमेव मतिर्बीजमनल्पा कल्पना यतः॥

अर्थात् गणित हल करने की महती कल्पना का ही नाम बीजगणित है, ऐसा भाव प्रदर्शित किया गया है।

वास्तव में ग्रहगणिताध्याय में उक्त बीजगणित और अंकगणित का यत्र तत्र सर्वत्र बाहुल्येन उपयोग हुआ है, जिसका ऊपर साधारणतया दिग्दर्शन किया गया है।

(३) सिद्धान्त शिरोमणि का ग्रहगणिताध्याय

यह ग्रहगणिताध्याय ग्रह खगोल का प्रधान विषय है। जिसमें—(१) मध्यमाधिकार (२) स्पष्टाधिकार (३) त्रिप्रश्नाधिकार (४) पर्वसम्भवाधिकार (५) चन्द्र ग्रहणाधिकार (६) सूर्यग्रहणाधिकार (७) ग्रहछायाधिकार (८) उदयास्ताधिकार (९) चन्द्रश्रृङ्गोन्नत्यधिकार (१०) ग्रहयुति अधिकार (११) भग्रहयुति अधिकार (१२) पाताधिकार ये १२ अधिकार या अध्याय हैं।

मध्यमाधिकार—ग्रहगोलीय ग्रह बिम्ब की एक रूपा स्थिर गति परम्परा के गणित से ज्ञात ग्रहों के वास्तविक दृश्य ग्रह नहीं होने से, जिस अधिकार में मध्यम मान से काल

मान, भगणमान, परिधिमान प्रभृति विषयों को जानने के लिए आकाशीय संस्थान के गणितों की प्रक्रियाएँ वर्णित की गई हैं, उसे सभी प्रागाचार्यों ने मध्यमाधिकार कहा है जिसका इसी प्रकाशन की भाँति प्रकाशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से गत वर्ष हो चुका है।

स्पष्टाधिकार--ग्रह का वास्तविक स्थान, उसका प्रयोजन, उच्च के आकर्षण (खिचाव) से वृत्त चतुर्थांश के चापों की ज्या बनाने का तथा ज्याओं के चाप को जानने के प्रकारों का बहुमूल्य स्पष्ट भोग्य खण्डसाधन रूप सूक्ष्म गणित, सूर्य और पृथ्वी का परम अधिक और परम न्यून उत्तर दक्षिण का (दोनों ध्रुवों के मध्यगत वृत्तरूप मार्ग में) अन्तर ज्ञान, अपने विमण्डलीय मन्दप्रतिवृत्त, शीघ्रप्रतिवृत्त प्रभृति वृत्तों के सम्पात विन्दुस्थित ग्रह के तत्तद्वृत्तीय मन्दोच्चों और शीघ्रोच्चों के साथ का आकर्षण फल ज्ञापक चाप का (जिसे केन्द्र कहते हैं) ज्ञान, आकर्षण फल की अनुलोम विलोम स्थितियों से मध्यमग्रह से आगे या पीछे की स्पष्ट ग्रहस्थिति ज्ञान, दिनद्वय की गतियों के अन्तर क्रम की ह्रास वृद्धि, ग्रहों की स्पष्ट मन्दनीच्चोच्च, शीघ्रनीच्चोच्च परिधियों का स्पष्टीकरण, भूगर्भ से या भूपृष्ठ से ग्रहबिम्ब के गर्भ केन्द्र तक की दूरी (ग्रहकर्ण) ज्ञान, रवि, चन्द्रमा के स्पष्टीकरण की अपेक्षा मंगल, बुध, वृहस्पति, शुक्र और शनि के स्पष्टीकरण के लिये अनेक विशेष परिष्कृत युक्तियों का ज्ञान, भौमादि पंचतारा ग्रहों की वक्रगति की संभव स्थिति का ज्ञान, उक्त पांचो ग्रहों के उदय एवं अस्त आदि का ज्ञान, सम्पातिक विंदु चलन और उसकी गति और पलभा अक्षांशादि का ज्ञान, द्युज्या, कुज्या, क्रान्तिज्या प्रभृति पंचज्या साधन ज्ञान, चर ज्ञान, दिन रात्रि का प्रमाण ज्ञान, विषुवद्वृत्त धरातल में राशिवृत्त के बारहों विभागों में से प्रत्येक के क्षितिज में उदय काल की इयत्ता का अनेक प्रकारों से ज्ञान, महाविषुवद्वृत्त और क्रान्तिवृत्त में प्रत्येक के द्वादश भागों में क्षेत्रात्मक और कलात्मक कोटि कर्णों का और उनके अन्तरों का उदयान्तरात्मक ज्ञान, औदयिक ग्रहज्ञान, तिथि नक्षत्र-योग करणात्मक पंचांग साधन, संक्रान्ति और नक्षत्रतिथियोगसन्धिज्ञान प्रभृति विषयों का इस स्पष्टाधिकार में विषद और सूक्ष्म विवेचन आचार्य ने किया है।



जिसे मैंने स्व विरचित शिखा भाष्य में निम्न भांति दिया है। जिसका एक अंश यहां पर उदाहरण स्वरूप में दिया जा रहा है।

ऊपर के क्षेत्रों को देखते हुये—

ग्र उ=शीघ्र प्रतिवृत्तीय शीघ्र केन्द्र भुजांश=भु।

म उं=कक्षावृत्तीय शीघ्र केन्द्र भुज भाग =भु।

स्प उं=कक्षावृत्त में स्पष्ट केन्द्रांश =चा ।

क ग्र=शीघ्र कर्ण =क ।

म स्प=कक्षावृत्त में शीघ्रफल =फ ।

म उं—स्प उं=भु—चा । पृष्ठस्थ क्षेत्र देखने से—त्रिकोणमिति गणित द्वारा—

$$\text{स्पष्ट केन्द्रज्या} = \frac{\text{ज्या भु} \times \text{त्रि}}{\text{क}} = \text{ज्या चा}$$ । इसके चाप नाम चा कहना चाहिए ।

अतः शीघ्र फल=भु—चा ।

यतः शीघ्र केन्द्र तो प्रतिवृत्त में होता है । प्रतिमण्डल का भुज भी प्रतिमण्डलीय भुज विधि से होगा । भुज की सत्ता पद के आधीन है । तीन-तीन राशियों का एक पद होता है, यह पद की परिभाषा से स्पष्ट है । इसलिये तीन राशि का १ पद प्रतिमण्डल में ग्रहण करने से, प्रतिवृत्त और कक्षावृत्त के योग में दोनों वृत्तों के भुज चापों की समता मानने से, इन दोनों का अन्तर भी शून्य के बराबर हो जाने से, शीघ्रफलाभाव स्थान भी इसी को कहना चाहिए, किन्तु खगोलीय युक्ति से ऐसा संभव नहीं होता । जैसे—

$$\text{शीघ्रफल ज्या} = \frac{\text{ज्या के} \times \text{ज्या अ}}{\text{क}} = \frac{\text{२ ज्या के} \times \text{ज्या अ} \times \text{त्रि}}{\text{२ त्रि} \times \text{क}}$$

$$= \frac{\text{२ ज्या के} \times \text{ज्या अ}}{\text{२ त्रि}}$$ (यहाँ पर त्रिज्या कर्ण के तुल्य होती है)

यदि अन्त्यफलज्या के आधे चाप का नाम=अ_1 मानें, तो

$$\frac{\text{ज्या अ}}{\text{२}} = \text{ज्या अ}_1$$ । $\text{ज्या के} = \text{को ज्या अ}_1$

$$\therefore \text{शीघ्रफल ज्या} = \frac{\text{२ को ज्या अ}_1 \times \text{ज्या अ}_1}{\text{त्रि}} = \text{ज्या}_2 \text{ अ}_1$$

इससे स्पष्ट है कि अन्त्यफल ज्या के आधे चाप को २ से गुणा करने पर जो आता है वही प्रतिवृत्त और कक्षावृत्त के योग विन्दु पर फल होता है । यहाँ पर शून्य के बराबर फल नहीं देखा जा रहा है, उक्त युक्ति से यह सुस्पष्ट है । इससे मालूम पड़ता है कि प्रतिवृत्तीय पद कल्पना का कोई विशेष आधार है, जो कक्षावृत्तीय पद की तुल्यता नहीं रखता ।

इसलिये प्रतिवृत्तीय पद विधान की क्या युक्ति कही जाय यही यहाँ पर विशेष विचारणीय विषय है । यह निम्न भांति समझना चाहिए ।

शीघ्रोच्च स्थान में शीघ्रकेन्द्र शून्य के तुल्य है । यहीं पर शीघ्रफल का भी अभाव है । इससे आगे शीघ्रकेन्द्र की बृद्धि होगी और शीघ्रफल भी वर्धमान होगा । या शीघ्रफल का जहाँ परमत्व होगा, वहीं तक फल वर्धमान होगा, वहीं तक प्रतिवृत्त के पद की भी सीमा कहनी चाहिए यही युक्ति समीचीन होगी । अब परम फल कहाँ और कितना होगा इस पर विचार करना चाहिए ।

क्षेत्र नं० १



क्षेत्र नं० ९



यतः $\text{ज्या फ} = \dfrac{\text{ज्या के} \times \text{ज्या अ}}{\text{क}}$ । यहाँ पर फल की परमता मान कर उक्त समीकरणों के दोनों पक्षों की तात्कालिक गति ज्ञान से—

$$\circ = \frac{\text{कोज्या के} \times \text{ज्या अं,} \times \text{क}}{\text{त्रि} \times \text{क}^{२}} \pm \frac{\text{ज्या}^{२}\ \text{के} \times \text{ज्या}^{२}\ \text{अ}}{\text{त्रि. क}^{२}\text{. क}}$$

$$= \text{को फ} \times \text{क} \mp \text{भु फ} \times \text{ज्या फ}$$

$$= \text{त्रि} \times \text{को फ} \mp \frac{\text{भु फ} \times \text{ज्या फ} \times \text{त्रि}}{\text{क}}$$

$$= \text{त्रि} \times \text{को फ} \mp \text{ज्या}^{२}\ \text{फ}$$

$$= \text{त्रि (स्प को} \sim \text{त्रि)} \mp \text{ज्या}^{२}\ \text{फ}$$

$$= \text{त्रि स्प को} \sim \text{को ज्या}^{२}\ \text{फ}$$

$$= \text{को ज्या फ} \times \text{क} \sim \text{को ज्या}^{२}\ \text{फ}$$

$$= \text{को ज्या फ (क} \sim \text{को ज्या फ)}$$

यहाँ पर गुण्य और गुणक दोनों खण्डों में गुणन फल के शून्य के बराबर होने से दोनों खण्ड (गुण्य और गुणक) शून्य के तुल्य होंगे।

इसलिये

$\text{क} \sim \text{को ज्या फ} = 0.$

$\therefore \text{क} = \text{को ज्या फ}$

$\because \text{मू} = 0$ $\qquad\qquad \therefore \text{ज्या अ} = \text{ज्या फ}$

इससे यह सिद्ध हुआ कि जिस स्थल में परम फल, अन्त्यफल ज्या चाप के तुल्य होगा उसी जगह पर फलकोटिज्या कर्ण के तुल्य होगी। यहाँ पर फलज्या और अन्त्यफलज्या की तुल्यता से केन्द्र ज्या और कर्ण, तथा केन्द्रकोटिज्या और अन्त्यफलज्या की तुल्यता होगी यह स्पष्ट है। कक्षामध्यग रेखा और प्रतिवृत्त के सम्पात में ही यह स्थिति होगी, अन्यत्र

कहीं भी कदापि नहीं होगी, गोल युक्ति से यह सुतरां सुस्पष्ट है। इसलिये इसी स्थान पर प्रतिमण्डल का विषम पदान्त होगा, यहीं तक फल वर्धमान रहेगा। इसके बाद क्रमशः फल का ह्रास होने लगेगा, क्योंकि नीच स्थान में फल का अभाव होता है। इस प्रकार पुनः वर्धमान फल कक्षामध्यग रेखा और प्रतिवृत्त सम्पात में अन्त्यफल ज्या तुल्य परम होकर, पुनः अपचीयमान होने से शीघ्रोच्च स्थान में शून्य होता रहेगा।

इससे यह स्पष्ट सिद्ध हुआ कि कक्षामध्यग तिर्यक्रेखा और प्रतिवृत्त के सम्पात से ही प्रतिवृत्त के पद का विचार करना चाहिए। क्योंकि कक्षावृत्त और प्रतिवृत्त के मध्य की दोनों रेखाओं का अन्तर सर्वत्र अन्त्यफलज्या के तुल्य होने से तीन राशि में अन्त्यफलज्या चाप को यथाक्रम जोड़ने और घटाने से प्रतिमण्डलीय पद सिद्ध होंगे। कक्षामध्यग तिर्यक् रेखा और उच्च रेखा से ही प्रतिमण्डलवृत्त का उक्त विभाग विभाजित होता है। इसीलिये "कर्णहृताभुजज्या" इस स्थल पर आचार्य ने यहाँ पर "प्रतिमण्डलीय उक्त क्रम का भुज ग्रहण करना चाहिए" ऐसा स्पष्ट किया है। इस प्रकार की पद कल्पना से वृत द्वय योग में फलाभावोत्पत्ति जन्य विरोध का भी सम्यक् परिहार हो जाता है, क्योंकि यहाँ पर भुज चापों की असमता, अन्त्यफलज्यार्ध चाप तुल्य अन्तर से ही होती है।

नवीनमत—नवीनों के मत से सभी ग्रह सूर्य केन्द्राभिप्रायिक-दीर्घवृत्त कक्षाओं में भ्रमण करते हैं। दीर्घवृत्तीय केन्द्राम्तरात्मक फल से संस्कृत मध्यम ग्रह मन्दस्पष्ट ग्रह होता है। यहाँ पर ग्रह स्फुटत्व का अभाव है।

दोनों ग्रहों के बिम्बों के अन्तर रूप बिम्बान्तर सूत्र का अपर नाम मन्द कर्ण है,। रवि-केन्द्रीय त्रिज्या गोल में मन्द कर्णाग्र संसक्त ग्रह की स्थिति जानी गई है। इस मन्दस्पष्ट ग्रह को भू-केन्द्रीय त्रिज्या गोल में स्पष्टता कही जावेगी। क्योंकि भू-केन्द्रिक त्रिज्यागोल में ही मानव की दृष्टि होती है, और दृग्गणितैक्यग्रह भी यही कहा जाता है। सूर्य केन्द्र से ग्रह तक बिम्बान्तर सूत्र (मन्दकर्ण), भूमध्य से ग्रह तक शीघ्र कर्ण, यह दूसरा अवयव है। भूमि और सूर्य के केन्द्रों का अन्तर यही रवि कर्ण है। इस प्रकार इस सरल त्रिभुज में त्रिकोणमिति गणित से—मन्दकर्ण संसक्त मन्दस्पष्ट ग्रह का ज्ञान होगा। रवि कर्णाग्र में स्पष्ट ग्रह है उसका भी ज्ञान है। इन दोनों के अन्तर ज्ञान से, रवि कर्ण और मन्दकर्ण से शीघ्र कर्ण का भी ज्ञान होगा। इस प्रकार सभी ग्रहों का शीघ्र कर्ण ज्ञान कर शीघ्र कर्णाग्र संसक्त स्फुटग्रह का ज्ञान करना चाहिए। शीघ्रफल लाने का विचार निम्न भाँति होगा।



कल्पना कीजिये सू=केन्द्र है

ग्र=सूर्यकेन्द्राभिप्रायिक दीर्घवृत्तीय ग्रह

भू=अपने कक्ष में चलित पृथ्वी=भू।

सू ग्र=ग्रह मन्द कर्ण=म क।

भू सू=रवि कर्ण=र क।

भू ग्र=ग्रह शीघ्र कर्ण=शी क।

इस क्षेत्र के सू ग्र रेखा के अग्र में 'म' बिन्दु है।

यहाँ पर सू दृष्टि स्थान से ग ग्रह म स्थान में दिखाई देगा। दृष्टि स्थान से यही ग्रह स्प बिन्दु पर दिखाई देगा। र=स्पष्ट रवि। मन्द फल संस्कृत मध्यम ग्रह=म, ग्रह है।

∴ <र सू ग्र=र—म=अं। अब, भू सू ग्र सरल त्रिभुज में भू ग्र कर्ण मान त्रिकोण मिति से जानना चाहिए। इस प्रकार सभी ग्रहों के शीघ्र कर्ण लाकर त्रिभुज के भू ग्र संलग्न कोणों में जो न्यून कोण है, उसका ज्ञान करना चाहिए। यही ग्रहों का शीघ्र फल होगा। बुध शुक्र के स्फुटी करण के लिये स्पष्ट रवि में, तथा और वाह्य ग्रहों के लिये मन्द स्पष्ट ग्रह में ही संस्कार करना चाहिए।

बुध शुक्र सूर्य के अन्तर्ग्रह हैं।

र क>म क ∴<ग्र सू भू=शीघ्र फल।

$$\therefore \text{ज्या शी फ} = \frac{\text{ज्या अं} \times \text{म क}}{\text{शी क}}$$

इसका चाप=शी फ=र स्प।

∴ स्फुट शुक्र अथवा स्फुट बुध=र∓शी फ।

भौमादि ग्रहों के लिये तो

र क<म क ∴शीघ्र फल=<सू ग्र भू।

यहाँ भी

$$\text{शीघ्र फल ज्या} = \frac{\text{ज्या अं} \times \text{र क}}{\text{शी क}}$$ इसका चाप=शीघ्र फल।

∴अं=स्प र—म±शी फ

∴ स्पष्ट ग्रह=म∓शी फ

इससे यह सिद्ध हुआ कि बुध शुक्र सूर्य के अन्तर्ग्रह होने से शीघ्रफल स्फुट रवि में तथा भौमादि वाह्य ग्रह होने से शीघ्रफल संस्कार इन्हीं में किया जाना चाहिए।

दृग्ग्रह की आवश्यकता है। इसके साधन की अनेक युक्तियाँ अनेक समयों में गणित खगोल पण्डितों के मस्तिष्क में आई हैं और आती रहेंगी—जिसे प्राचीन नवीन और मत कहा जावेगा—

मेरा विश्वास है कि प्राचीनों ने इस साधन में जो गवेषणा की है उसकी अपेक्षा नवीन मत में कोई सूक्ष्मता मालूम नहीं पड़ती है, प्राचीन सिद्धान्त ही अत्यन्त सूक्ष्म विचार का है और सूक्ष्म है विद्वानों की यह नवीन गवेषणा जो प्राचीन सिद्धान्तों के ही आधार से अभी तक अनवरत चली आ रही है।

त्रिप्रश्नाधिकार

इस अधिकार में तीन प्रश्नों का विशद विचार किया गया है। वे (१) अमुकदेश से अमुक देश किस दिशा में है ? (यह भौगोलिक प्रश्न है।) (२) उस देश में कितने अक्षांश हैं ? अर्थात् विषुवद्वृत्त से उत्तर या दक्षिण म वह देश कितनी दूरी पर है। (३) इस समय-समय क्या हुआ है ? अर्थात् सूर्योदय से अब तक कितना समय बीत चुका अथवा सूर्यास्त होने में अब कितना शेष समय है। पृथ्वी के किस विन्दु पर इस समय अर्द्धरात्रि या प्रातः अथवा संगव या मध्याह्न या अपराह्न या सायंकाल हो रहा है, इत्यादि ऐसे तीनों प्रश्नों का स्पष्ट परिज्ञान के विभाग का नाम त्रिप्रश्नाधिकार है।

इसमें—फलित ज्योतिष का मूल आधार लग्न का साधन, द्वादश, पलभा, पलकर्ण रूप प्राकृतिक समकोण सरल त्रिभुज के सजातीय प्रसिद्ध ७ और अक्ष क्षेत्र, तथा इस सम्बन्ध से सहस्रों अक्ष क्षेत्रों का परस्पर का सम्बन्ध विचार, दिशा के नियम से छायाज्ञान प्रकार, काल नियम से छायाज्ञान आदि के प्रकार का ज्ञान कराया जाता है।

इष्ट समय और तात्कालिक रवि ज्ञान से ज्यौतिष के फलित स्कन्ध की मूल भित्ति लग्न का ज्ञान, लग्न और रवि के ज्ञान, से इष्ट समय का ज्ञान, स्वदेशीय दिशाओं और विदिशाओं (प्राक, पश्चिम, याम्य, उत्तर) का ज्ञान, उनके परिलेख, शंकु स्वरूप प्रतिपादन, इष्ट काल में शंकु से छाया और छायाकर्ण साधन, प्राकृतिक अक्षक्षेत्रीय मूल क्षेत्र के भुज कोटिकर्णों में १२ पलभा, पलकर्ण का ज्ञान, इस सरल समकोण त्रिभुज से सम्बन्धित प्रसिद्ध अन्य ७ सात अक्षक्षेत्र, तथा इन आठों अक्षक्षेत्रों के सम्बन्ध के सहस्रों खगोलीय सरल समकोण त्रिभुजों का गणित, अहोरात्रवृत्तस्थ रवि के ईशान अग्नि नैऋत्य वायु दिशाओं के कोण शंकुओं और कोण छाया का ज्ञान, इष्टस्थानीय रवि के शंकु और दृग्ज्या से छाया ज्ञान, किसी इच्छादिक् छाया ज्ञान के उपाय और उनपर अनेक विशेषोक्तियाँ, काल नियम से छाया ज्ञान, नतोन्नतकाल ज्ञान, इष्ट शंकुज्ञान, तथा विशेषोक्तियाँ, छाया से रवि का भुज ज्ञान श्लोक १···७३ तक त्रिप्रश्नाधिकारान्तर्गत महाप्रश्नाध्याय में प्रश्न और उनके समाधान श्लोक ७३···१०४ तक, नलक यन्त्र और नलक यन्त्र से स्पष्टाधिकार और त्रिप्रश्नोक्तगणित से साधित ग्रह को नलिकावेध से आकाश में देखने का प्रकार ज्ञान, ग्रह बिम्ब के प्रतिबिम्ब को जल में देखने के प्रकार का ज्ञान (श्लोक १०५···१०८ तक) इस प्रकार से आकाशीय ग्रह को देख कर नृपति की ज्योतिश्शास्त्र के ग्रहगणित में पूर्ण विश्वास प्राप्त तथा आकाशीय चमत्कार के प्रत्यक्ष से नृपति प्रसन्नता के (वर्णन) साथ त्रिप्रश्नाधिकार की समाप्ति आचार्य ने की है।

त्रिप्रश्नाधिकार का ७१ वां श्लोक—मध्याह्न काल में शंकु की छाया जान कर ही अपने मार्ग में जहाँ पर रवि है, उस स्थान को जाना गया है। जिसे मैंने स्वरचित शिखा भाष्य में निम्न भांति दिया है। जैसे :—

दीपिका—दिनार्द्धे रविः याम्योत्तरवृत्ताहोरात्रवृत्तसम्पातेऽतस्तत्र छायया नतांशानयनं समुचितमेव। तदानयनमाचार्योक्तं स्पष्टमेवेति।

शिखा—त्रिज्या गुणित मध्याह्न छाया में मध्याह्न छाया कर्ण का भाग देने से लब्ध फल का चाप मध्याह्नकालीन नतांश होता है। यदि छायाग्र उत्तर है तो नतांश दक्षिण के एवं दक्षिण छायाग्र में नतांश उत्तर के समझने चाहिए। नतांश अक्षांश का दिगैक्य में अन्तर दिग्भेद में योग करने से क्रान्त्यंश होते हैं। क्रान्त्यंश ज्ञान से विपरीत क्रियया-रवि ज्ञान हो जाता है। इसी विषय को आचार्य ने गोलाध्याय में विशेष रूप से कहा है। इसी प्रकार क्रान्ति और नतांश के ज्ञान से अक्षांश का ज्ञान भी सुगम है।

युक्ति—दिनार्धकाल में रवि, याम्योत्तरवृत्तस्थ होने से मध्याह्नकालीन छाया से नतांश ज्ञान करना उचित है।

जैसे—$\text{नतज्या} = \frac{\text{छा} \times \text{त्रि}}{\text{छा. क}}$। इसका चाप नतांश।

तथा, इष्टस्थानीय अक्षांश के ज्ञान से छायाग्र यदि दक्षिण हो तो अक्षांश $\sim$ नतांश $=$ क्रान्त्यंश होते हैं। छायाग्र यदि उत्तर की तरफ हो तो नतांश $\sim$ अक्षांश $=$ क्रान्त्यंश होते हैं। क्रान्ति ज्ञान के अनन्तर विपरीत क्रम से $\frac{\text{त्रि} \times \text{इष्टक्रान्तिज्या}}{\text{जिनज्या}} = \text{इष्टकालीन रवि}$ की भुज ज्या। इसका चाप प्रथम पदीय रवि होगा। एवं द्वितीयतृतीयादि पद ज्ञान का प्रकार गोलाध्याय में विशद रूपेण मिलेगा।

विशेष वक्तव्य—आचार्य ने दृश्य छाया से गर्भीय नतांश का ज्ञान किया है। इसलिये आचार्य के उक्त प्रकार, में स्थूलता कहनी चाहिए। यह स्थूलता ऐसे स्थल में स्वीकृत नहीं होती।

यहाँ क्या स्थूलता है? वह निम्न भांति है। इसकी सूक्ष्मता के लिये—क्षेत्र देखिये—



पं च=गर्भीय क्षितिज।
क व=पृष्ठीय क्षितिज।
प ख च=याम्योत्तर वृत्त।
र=रविः।

र ल=मध्याह्न शंकु ।

पृ=पृष्ठ स्थान ।

पृ म=१२ अंगुल शंकु ।

पृ छ=दृश्य चाप ।

छ म=छाया कर्ण ।

पृ छ म त्रिभुज में कोणानुपात से ज्या∠पृ म छ= $\frac{\text{त्रि}\times\text{छा}}{\text{छा क}}$

किन्तु ∠पृ म छ= ∠ ख म र

अतः ज्या∠ख म र = $\frac{\text{त्रि}\times\text{छा}}{\text{छा. क}}$

अतः म केन्द्र से जो त्रिज्या गोल में, म ख ऊर्ध्वाधर सूत्र तथा म र सूत्र को बढ़ाने से कल्पित खं रं चिह्नों के अन्तरांशज्या पूर्व साधित कोण पृ म छ की ज्या होगी जिसका चाप=खं रं=साधित नतांश। ख र=गर्भीय नतांश के तुल्य खं रं पृष्ठीय नतांश को मानना भयंकर भूल है, जो आचार्य ने यहाँ पर की है।

सूक्ष्मता कैसे हो ?—इसके लिये—

ज्या∠ख म र=ज्या∠भू म र=कोण की ज्या=१८०-कोणऽज्या से=साधित नत ज्या।

ज्या∠भू र म = $\frac{\text{ज्या}\angle\text{भू म र (भू पृ}+\text{१२)}}{\text{त्रि}}$ = इष्ट लम्बन ज्या।

यतः भू र=त्रि। भू पृ=भू व्यासार्ध। पृ म=१२ अंगुल शंकु।

∴ इ लम्बन ज्या= ∠भू र म= $\frac{\text{साधितनतज्या}\times\text{योग}}{\text{त्रि}}$ ∵ यो=भूव्याद+१२

इसका चाप=इष्ट लम्बन।

आचार्य साधित नतांश—इष्ट लम्बन=गर्भीय नतांश।

इस प्रकार अव्यक्त कल्पना से उक्त विषय पर और भी प्रकार हो सकते हैं जिनको ग्रन्थ गौरव भय से यहाँ पर नहीं दिया जा सका है।

सिद्धान्त शिरोमणि में—'आर्यभट्ट'-'लल्ल'-'ब्रह्मगुप्त', वराहमिहिर, मुञ्जाल, श्रीपति, सूर्यसिद्धान्त, विष्णुधर्मोत्तर पुराण इत्यादि अनेक ग्रहगणित के आचार्यों एवं ग्रन्थों का स्वयं भास्कराचार्य ने अपने इस ग्रन्थ में उल्लेख किया है।

सिद्धान्त शिरोमणि की टीकाएँ (ग्रहगणित का क्रमिक विकास)—मुनीश्वर की "मरीचि" टीका, नृसिंह दैवज्ञ की वासनावार्त्तिक, लक्ष्मीदासकृत गणिततत्व चिन्तामणि, गणेशदैवज्ञकृत, शिरोमणि शिखा तथा सूर्यदास आदि की भी टीकाएँ हैं। कुछ पूर्ण रूप से और कुछ खण्डित प्रकरणों की खण्डित टीकाएँ सरस्वती भवन पुस्तकालय में उपलब्ध हैं।

मरीचि भाष्य जो अभी तक प्रकाशित नहीं था—इन सब टीकाओं में "मरीचि" टीका अभी तक ज्योतिर्विदों में विशेष मान्य टीका कही गई है। यह मरीचि समग्र रूप में उपलब्ध है। वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के (प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों के विशाल

संग्रह) सरस्वती-भवन पुस्तकालय में प्रायः इस मरीचि की पाण्डुलिपियों की ११ से अधिक प्रतियाँ हैं। प्रायः अधिकतर अपूर्ण हैं। कुछ संख्या की पाण्डुलिपि प्रायः पूर्ण है। जिनमें से अभी तक एक भी मुद्रित नहीं थी।

ईसबी १६०३ में सूर्य सिद्धान्त के गूढ़ार्थ प्रकाशक सौरभाष्य के रचयिता श्रीरंगनाथ के सुयोग्य पुत्र (शिष्य) जिसका अपर नाम विश्वरूप मुनीश्वर है, —ने ज्योतिष ग्रह गणित के "सिद्धान्त सार्वभौम" ग्रन्थ की, शक १५६८ भाद्र शुक्ल पञ्चमी सोमवार पुष्य नक्षत्र में रचना की है—स्व रचित ग्रन्थ की स्वाशय प्रकाशिनी नाम की टीका भी स्वयं मुनीश्वर ने लिखी है।

मुनीश्वर ने निसृष्टार्थदूती नाम की लीलावती की टीका, पाटीसार नामक स्वतन्त्र ग्रन्थ एवं सिद्धान्त शिरोमणि की 'मरीचि' नाम की टीका लिखी हैं। 'मरीचि'—नाम की तो टीका है, किन्तु प्राचीनों के बहुत मतों के साथ साथ ग्रहगोल का नि:शेष पाण्डित्य और अनेक सूक्ष्म कथनों के साथ अत्यन्त सुन्दर न्याय (तर्क) शास्त्र की सरणि से सिद्धान्त शिरोमणि का एक ऐसा सुन्दर उत्तम भाष्य अभी तक यही मरीचि सिद्ध हुई है। पण्डित परम्परा में "मरीचि" ने टीका नाम से प्रसिद्धि नहीं पाई है अपि च इस मरीचि टीका ने भी ग्रहगणित गोल का एक ग्रन्थ रूप से अपना नाम सार्थक किया है। वस्तुतः मेरी बुद्धि से इसे ग्रहगणित गोल का "मरीचि भाष्य" कहना चाहिये।

मरीचि भाष्यकार, आचार्य मुनीश्वर भास्कर के परम भक्त थे, जैसे उन्होंने सिद्धान्त सार्वभौम में स्वयं कहा है :—

"गूढं स्थूलं स्व सिद्धान्तं मत्वा यस्तच्छिरोमणिम्।
कृतवान्मनुजव्याजादसौ जयति भास्करः"॥

'भास्कराचार्य मनुष्य रूप से अवतरित हैं' ऐसा उक्त कथन से स्पष्ट है। भास्कराचार्य के प्रति मुनीश्वर की यह अनुपम भक्ति, ग्रहगोल मर्मज्ञ सिद्धान्त तत्त्व विवेककार "कमलाकर" भट्ट को, रुचिकर नहीं हुई। जिसका परिणाम यह भी हुआ कि कमलाकर भट्ट के छोटे भाई श्रीरंगनाथ ने मुनीश्वर कृत क्षेत्र भङ्गी का कमल[illegible]ाज्ञा से खण्डन कर दिया। इस खण्डन का भी खण्डन प्रकार मुनीश्वर का उप[illegible]।

अपने समय में मुनीश्वर प्रख्यात काव्य कोष व्याकरणाभिज्ञ तथा ज्योतिष शास्त्र के गोल क्षेत्र विचारों में अत्यन्त प्रौढ थे। इसमें इनकी कृतियाँ ही प्रमाण हैं।

मरीचि के आदि में—

श्री रङ्गनाथाभिध तात पादाः कृष्णानुजाः श्रीकमलाधिपास्ते।
त्रिस्कन्ध पारङ्गमरङ्गमल्ला बल्लालजा भूमितले जयन्ति॥
नारायणो गणितशास्त्रकलाकलापः।
श्री सेवितः सकलशास्त्रसरोजभृङ्गः॥
दैवज्ञकृष्णगुरुपादरतो गुरुर्मे
क्ष्मायां जयत्यखिल पण्डितवन्द्यपादः
मुनीश्वरापराख्येन विश्वरूपेण धृष्यते
बुद्धिशाणे मरीच्यर्थं तत्सिद्धान्त शिरोमणिः॥

तात्पर्य है कि मुनीश्वर ने बुद्धिशाण में शिरोमणि को घर्षण करके उससे किरणें उत्पादित की हैं। ततः प्रभृति इस सिद्धान्त शिरोमणि की यह मरीचि टीका वस्तुतः 'मरीचि' (किरण) का कार्य अनवरत कर रही है।

मरीचिकार मुनीश्वर की उत्पत्ति क्षण के पूर्वक्षण में पिता रंगनाथ की प्रतिज्ञा—

शक १५२५ चैत्र शुक्ल चतुर्दशी बुधवार के सूर्योदय से ५२।३० घटिका रात्रि के इष्ट समय में, रंगनाथ गणक की धर्मपत्नी प्रसव वेदना से अधिक पीड़ित हो गई थी। धर्मपत्नी की इस वेदना से पतिदेव रंगनाथ भी आधीर हो गये थे। इस आपत्ति के समय दुःख के उपशमन के लिए भगवान ग्रहमण्डल का ध्यान करते हुए रंगनाथ ने प्रतिज्ञा की थी कि मैं सूर्यसिद्धान्त ग्रन्थ की टिप्पणी करूँगा, ऐसे संकल्प के प्रवृत्ति क्षण में रंगनाथ के आनन्दवर्द्धन मुनीश्वर का प्रादुर्भाव हो गया। इसलिये अपने वंशवर्णन पूर्वक ग्रन्थ समाप्ति में रंगनाथ ने स्वयं लिखा है। मेरे लिखे सूर्यसिद्धान्त का "सौर भाष्य" भाई मुनीश्वर का लिखा है—इत्यादि।

रंगनाथ ने सूर्यसिद्धान्त की टिप्पणियाँ भी प्रायः भास्कराचार्य की सिद्धान्त शिरोमणि के अनुसार ही लिखी हैं। इन टिप्पणियों सहित सूर्यसिद्धान्त की पुस्तक एशियाटिक सोसाइटी से प्रकाशित हुई है।

मरीचि समाप्ति (गोलाध्याय) में मुनीश्वर ने स्व रचित इस मरीचि भाष्य का रचना काल बताया है—

"शाको भू युतो नन्दभूहृत् फलस्य निरेकस्य मूलं निरेकं भवेद्भम्
तदर्द्धं भवेन्मास इन्दूनितोऽयं तिथिर्द्व्यूनिता पक्षवारौ भवेताम्"।

अभीष्ट शक में १ जोड़कर उन्नीस का भाग देकर लब्धि में एक कम कर मूल लेने से, मूल में १ कम करने से नक्षत्र ज्ञान होता है। नक्षत्र का आधा मास, मास में १ कम करने से तिथि एवं तिथि में दो कम करने से पक्ष और वार होते हैं।

तथा उपान्तिम श्लोक—

नक्षत्रवारतिथिपक्ष , श्च योगो।
विश्वैर्युताऽखिलयुतैः पदमभ्रवेदाः॥
अस्यादिमोऽत्र परिपूर्त्ति मितो मरीचिः।
श्री वासुदेव गणकात्मज निर्मितोऽयम्॥
खाङ्गबाण धरणीमित शाके चन्द्रवार सितपक्ष शुचौ हि।
लेखितं गणकदर्शनहेतो रुत्तरार्द्धमिदमात्ममरीचेः॥

अन्तिम श्लोक के पूर्वार्द्ध से विपरीत क्रिया से शक १५५७ में मरीचि का पूर्वार्द्ध समाप्ति समय, उत्तरार्द्ध श्लोक से 'मरीचि का उत्तरार्द्ध समाप्ति समय शक १५६० सिद्ध होता है।

म. म. प. सुधाकर द्विवेदी ने—"सिद्धान्त शिरोमणि की पदार्थ प्रकाशिका 'मरीचि' टीका के सदृश और टीकाएँ नहीं देखी गई हैं। मरीचि में बहुत से प्राचीनों की उक्तियाँ देखने योग्य हैं। इसीलिये सभी ज्योतिर्वेत्ताओं ने इसका आदर किया है"

मरीचि के सम्बन्ध में अपना उक्त मत व्यक्त किया है।

मरीचि की श्लोक संख्या ५ सहस्त्र के तुल्य है। सिद्धान्त शिरोमणि की लीलावती (अंकगणित) विभाग पर, गङ्गाधर, गणेश दैवज्ञ, सूर्यदास, लक्ष्मीदास, मुनीश्वर, रामकृष्ण तथा कृपानाथ प्रभृति गणितज्ञों की टीकाओं के साथ साथ आजतक अनेक टीकाएँ होती जा रही हैं। आधुनिक में पं० मुरलीधर ठक्कर की की हुई उपपत्ति विशेष आदर की है।

मुगल सम्राट् "अकबर" का गणित शास्त्र का अनुराग—नृपति अकबर शाह की आज्ञा से फैजी नामक विद्वान् ने पारसी भाषा में १५८७ सन में उक्त लीलावती ग्रन्थ का अनुवाद किया था। सन १६३४ में शाहजहाँ राज्य समय में आत "उल्लाह-रसीदी" ने भास्करीय बीजगणित का अनुवाद भी अरबी भाषा में किया था।

पाश्चात्य देश के विद्वानों ने भास्कराचार्य के अंकगणित और बीजगणित का अंग्रेजी अनुवाद कराया है--सन् १८१७ ईसवी सन् में "हेनरी ठामस कोलब्रूक" (Henry Thomas Colebrooke). महाशय ने लीलावती और बीजगणित दोनों ग्रन्थों का आङ्ग्ल भाषा में अनुवाद किया था। जे. टेलर. (J. Tayler) साहिब ने सन १८१६ में लीलावती का अनुवाद किया था, तथा १८१३ ई० में स्ट्रेची (E. Strachy) ने बीजगणित का अनुवाद किया था।

उक्त अनुवाद परम्पराओं से, पश्चिम में भारत के भास्करीय गणितों ने स्थान पा लिया है रूपान्तर से पश्चिम का बहु विकसित स्तुत्यर्ह गणित लौटकर आज हमारे पास आ रहा है—जिसका हृदय से हम स्वागत कर रहे हैं।

किन्तु भास्कराचार्य के ग्रह गणिताध्याय और ग्रह गोलाध्याय इन दोनों खगोलीय ग्रह गणितों के विशाल अध्यायों के पारसी, अरबी, अंग्रेजी आदि भाषाओं में अनुवाद यदि हुये होंगे तो उनकी जानकारी मुझे नहीं है।

मूल ग्रन्थ का यदि भाषान्तर में अनुवाद नहीं हुआ तो टीकाओं का अनुवाद तो नहीं ही हुआ होगा।

मुद्रणकाल के इस युग में, अभी तक "मुनीश्वर" कृत उक्त मरीचि भाष्य भी प्रकाशित क्यों नहीं हो पाया ? यह आश्चर्य की बात है।

मरीचि भाष्य के पश्चात् के कुछ ही आचार्य, मरीचि भाष्य की स्मृति दिलाते हैं। इस टीका से सर्व साधारण परिचित भी नहीं हैं।

लगभग १५८७ ई० में अकबर राजा के सभा के प्रधान पण्डित श्री "नीलकण्ठ दैवज्ञ" ने नीलकण्ठी (फलित ज्यौतिष) ग्रन्थ की रचना की। इसका नाम ताजिक शास्त्र भी है। संभवतः अरबी भाषा का यह अनुवाद ग्रन्थ हो सकता है। इस ग्रन्थ से वर्ष-कुण्डली निर्माण के पुरःसर मनुष्य का वर्ष भर का शुभ और अशुभ फल विचारा जाता है। अरबी भाषा की उक्त पद्धति का संस्कृत में अनुवाद करते हुए भी इकबाल, इन्दुवार, इत्थशाल इशराफ-नक्त यमया-मणऊ-कबूल-गैर कबूल-खल्लाशर-रद्द-दुफाली कुत्थ-दुत्थोत्थबीर-तुम्बीरकुत्थ-दुरुफेति उक्त योगों को अरबी पारसी भाषागत नामों के अनुसार ही नीलकण्ठ ने रख दिया है। जैसे प्रागिक्कवालो पर इन्दुवारस्तथेत्थशाल इत्यादि (नीलकण्ठी का योगाध्याय देखिये)

इस ग्रन्थ का सर्वत्र प्रभाव पड़ा, फलित ज्यौतिष का ही स्कन्ध वर्धमान होने लगा। गणितस्कन्ध के ग्रहगणित सिद्धान्तों से जन समाज के अतिरिक्त पढ़ने पढ़ाने वालों को भी प्रायः अरुचि सी हो गई थी या क्या हुआ था, निश्चत रूप से कहा नहीं जा सकता।

जो भी हो फलमात्र से उपजीवकों के लिये उक्त ग्रन्थ से लोक प्रसिद्धि प्राप्त करने में बड़ा बल मिला।

इसी वेग से फलित ज्योतिष के ग्रन्थों का अधिक प्रकाशन हुआ। उक्त नीलकण्ठी ग्रन्थ घर घर में उपलब्ध है, किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि ग्रहगणित का उक्त "मरीचि" भाष्य सर्वत्र लुप्त प्राय ही रहा इसका प्रकाशन तो दूर रहा।

गत वर्ष काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से इस सिद्धान्त शिरोमणि ग्रन्थ का मध्यमाधिकार भाग प्रकाशित हुआ। संयोग की बात है कि वर्त्तमान शक १८८५ में क्षयमास का उल्लेख, भारत सरकार से प्रकाशित हो रहे राष्ट्रीय पञ्चाङ्ग ने एवं अन्य देशी पञ्चाङ्गों ने अपने पञ्चाङ्गों में किया। विवाद था ही, किन्तु भास्कराचार्य के क्षयमास गणित के ही प्रमाणीभूत वाक्यों को भारत के सभी पञ्चाङ्गकारों ने अपने-अपने पञ्चाङ्गों में उद्धृत किया। क्योंकि क्षयमास के गणित की संभवासम्भव स्थिति सर्व प्रथम इसी ग्रन्थ में मिलती है। (सन १९०९-२० के बीच मध्यमाधिकारान्त भाग तक का मरीचि भाष्य और वासनावार्त्तिक को महामहोपाध्याय पं० मुरलीधर झा भूतपूर्व प्रधान अध्यापक ज्यौ० गवर्नमेंन्ट संस्कृत कालेज बनारस ने प्रकाशित किया था)। मरीच भाष्य ने क्षयमास गणित पर भी, बहुत ही उत्तम गवेषणात्मक विवेचन प्रस्तुत किया है, जिसका समग्र अंश मैंने भी उक्त मध्यमाधिकार में दिया है। इस विवेचन से देश के धर्मशास्त्र के उच्चस्तर के विद्वानों को बड़ी सहायता मिली। मुक्त कण्ठ से समग्र सिद्धान्त शिरोमणि ग्रन्थ को, मरीचि भाष्य के प्रकाशन के साथ, साथ मेरे दोनों बड़े परिष्कारों की विचार शैलियों (संस्कृत में पण्डितोपयोगी 'दीपिका' तथा हिन्दी में सुपरिष्कृत "शिखा") के प्रकाशन के लिये विद्वानों ने सम्मत्ति देकर, विश्वविद्यालय से इस क्रम के अनुसार समग्र अधिकारों (अध्यायों) के प्रकाशन की संस्तुति की।

विश्वविद्यालय के पूर्ण सहयोग के साथ इसके प्रकाशन की अर्थ राशि के लिये भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्रार्थना की गई जो स्वीकृत हुई। तदनुसार इस ग्रन्थ के ये दो भागों की एक प्रति (स्पष्टाधिकार और त्रिप्रश्नाधिकार) पाठकों की सेवा में विनीत भाव से प्रस्तुत की जा रही है।

"मरीचि" प्रकाशन की महान् कठिनाइयाँ

मेरे लिए यह बहुत ही कठिन नहीं कठिनतम कार्य हो गया।

मरीचि की पाण्डुलिपि (मैनस्क्रिप्ट) की उपलब्धि में भी बाधाएँ अधिक आईं—अस्तु सौभाग्य की बात है कि सरस्वती भवन में वहीं पर उसे देखने की सुविधाओं की आज्ञा तत्रत्य पुस्तकालयाध्यक्ष (लाइब्रेरियन) महोदय से मिल गई।

"मरीचि" भाष्य की प्रतिलिपि की कठिनाइयाँ

१—प्राचीन लिपियों और आधुनिक लिपियों में कहीं-कहीं महान् अन्तर है।

२—मरीचि के प्रतिलिपिकार जो उपलब्ध हुए हैं उनके देखने से मालूम पड़ता है कि वे ग्रह गणितज्ञ नहीं थे—अतः प्रतिलिपियों की ठीक प्रतिलिपियाँ नहीं हो पाईं।

३—जो मूल प्रति जहाँ जिन्हें उपलब्ध हुई होंगी उनकी ये उपलब्ध प्रतिलिपियो की शैली क्लिष्ट है।

४—अक्षर घने हैं। प्रत्येक पृष्ठ का आदि अन्त सब भरा हुआ है, अनुच्छेदों की पृथक योजना नहीं की गई।

५—श्लोक संख्या सर्वत्र नहीं है।

६—पृष्ठ संख्याएँ भी कठिनता से प्राप्त होती हैं।

७—किसी वाक्य के आदि और अन्त का कोई संकेत नहीं है। इत्यादि अनेक त्रुटियाँ प्रतिलिपि करने वालों से हुई हैं।

८—विराम चिह्नों का तो सर्वथा अभाव ही है।

९—कहीं-कहीं तो बड़े ही कष्ट से वर्ण पढ़े जा सके। कहीं तो गति नहीं ही हुई अतः उस जगह छोड़कर···संकेत से आगे चलना पड़ा।

१०—पाण्डुलिपियों में प्रायः कहीं कहीं पाठ भेद भी है। फिर भी "मरीचि" की पाण्डुलिपियों में, ६२०८, ६२१०, ३७२५७, ३५५७८, ३७२६०, ३४९७९, ३४५४९, ३४९७१ और ३५२४१ में प्रायः सर्वत्र साम्य है।

प्रायः सर्वत्र प्रतिलिपि लेखक की जो भयंकर उल्लेखनीय बहुत सी अशुद्धियां हैं, उनमें कुछों की सूची नीचे दी जा रही है, जिनका मैंने ग्रन्थ की पूर्वापर संगति से जो शुद्ध पाठ समझा, वह भी उनके आगे दिया जा रहा है। इस प्रकार की अनेक त्रुटियों की शुद्धि यथा संभव सर्वत्र ग्रन्थ में की जाते हुए भी बाहुल्येन अवश्य अशुद्धियाँ रह गई होंगी। तथा गणित में भी पर्याप्त श्रम कर गणित के शुद्ध अङ्कों को भी यथास्थान बदल दिया गया है तिस पर भी कुछ स्थलों पर गणित में भी अशुद्धियाँ रह सकती हैं, जो द्वितीयादि संस्करणों में सुविधा से ठीक हो जावेंगी। अशुद्ध पाठ और ग्रन्थ की संगति से तारतम्य समझ कर शुद्ध पाठ—

उत्क्रमज्योत्पत्तिस्क्तः—उत्क्रमज्योत्पत्तिस्तु	शयतिःव्याह—ख्यातिमाह
प्रोद्यो—प्रोक्त	रव्यादभोग्य—स्याद्भोग्य
छुद्धयो—शुद्धयो	मिताक—मितांक
ज्योक्रभा—ज्याक्रमः	खण्डैक्यः—खण्डैक्यम्
धनु:ष—धनुषः	ज्येत्यनि—ज्येत्यति
स्वाभिमत—स्वाभिमत	साधिन—साधिता
चाषत्वात्—चापत्वात्	वापयोः—चापयोः
उक्रम—उत्क्रम-अनेक (स्थलों पर)	साहचर्य्या—साहचर्यान्निरोधेन
असात्येन—असाध्यत्वेन	द्वनुरथि—द्वनुरपि
सीचनं—साधनम्	सूक्ष्यं—सूक्ष्मम्।

वाप— चाप
ध्येन—ध्येयम्
ज्यान्तरात्प्रक—ज्यान्तरात्मक
ज्याक्ययवेन—ज्यावयवेन
युद्ध—शुद्ध
वा शब्दो व्यवस्थार्थः—वा शब्दो विकल्पार्थः।
ज्या चापः यो साहचर्यात्—ज्या चापयोस्साहचर्यात्
सत्य—सप्त
धन्रूपेषु—धनरूपेषु
परिधिस्त—परिधिस्स
परिधिस्क्त—परिधिः, सः
भव्योत्रं—लब्धोनं
तदित्यस्याच्चयात्—तदितरस्यापचयात्
भविष्यात्पिण्डात—भविष्यपिण्डात्
व्रातम्—जातम्
वनाङ्क—वर्गाङ्कः
क्वत्ते—वत्ते
तेनानीताभिर्युता—तेनानीताभिर्युताः—
दशात्पम्—वशाप्तम्।
खेन्द्रं—खेन्दु
यदाभं—यदाप्तम्।
इत्याफक्लानि—इत्याद्युक्तानि।
शुत्मस—शुक्ल
गुपा—गुण
कृन्वा—कृत्वा
अस्त्र—अत्र
दशात्य—दशाप्त
अत्रोन्त्रामज्येप्क्तलक्षण—अत्रोत्क्रमज्येत्युपलक्षणम्
कुतूहलेनेनैव—कुतूहलेनैव
धनुषोनुक्तत्वात्—धनुषरुक्तत्वात्
स्वार्थ १२०—खार्क १२०
त्वयुक्र—त्वयुक्ता।
ग्रहमध्यमश्वमुक्तमुखावहम्—ग्रहमध्यमश्च भुक्तसुखावहम्
सिञ्जिनीभिः—शिञ्जिनीभिः

वश्मि—वच्मि।
वापानां—चापानाम्
अत्रोधो—अत्राधो
परभावयौः—परमावयवैः
अक्षाणिभावः—अक्षाभावः
अधस्छत्वम्—अधःस्थत्वम्।
सूर्यस्यतत्स्छत्त्व—सूर्यस्य तत्स्थत्वम्।
केवलं ज्ञानाभावात्—केवलं तद्ज्ञानाभावात्।
अक्षारी भेदापत्तेः—अक्षांश भेदापत्तेः
सलंव क्षेत्र—समलम्ब क्षेत्रे
वाडकोटि कर्णैः—बाहुकोटिकर्णैः
कुज्योन तविति—कुज्योनतद्धृतिः
(यह अशुद्ध प्रयोग सैकड़ों जगह है)
कुज्योनः तछृत्ति—कुज्योन तद्धृतिः
इत प्रकारानीत—एतत्प्रकारानीत
सकर्णक्षेत्र—समकर्णक्षेत्र
तदुत्तर्णगोले—तदुत्तरगोले
यशान्यां—ऐशान्याम्
अव्यक्त वर्गोनापवर्गोनापवत्तं किः कार्यः—अव्यक्तवर्गोणापवर्त्तङ्कः कार्यः।
अथ तदांका कृतां—अथ तट्टीका कृता
वुष्टतापेत्र—दुष्टतापन्ने
स्यादिति न क्षेति—स्यादिति न क्षतिः
इत्फपपन्नम्—इत्युपपन्नम्
वस्क्ततस्तु—वस्तुतस्तु
तदातक्त—तदातत्तु
नवज्या—नतज्या
परम क्रान्तिज्या १३२७—परम क्रान्तिज्या १३९७
सायोपजीव्य—छायोपजीव्य
णष्टौदिकोंशोका—प्रकारेणाष्टौदिशोऽङ्काः।
दिज्यास्त्वर्यः—दिग्ज्या स्यादित्यर्थः
अधोग्यवादि धत्यल्यान्तरेण—अधोवयवादि स्वल्पान्तरेण
छायाकां—छायैक्यम्
२२ ५२
प्रकाराम्याः—प्रकाराम्याम् स्पष्टः

छेद इष्ट आविष्ट इति—छेद इष्ट प्रविष्ट इति
दमं फल—मन्दफलम्
सूर्यस्यांशत्प्र—सूर्यस्याप्तफलम्
लाधंवने—लाघवेन
लधुं—लब्धम्
तहिति—तदिति
फलघ्री—फलघ्नी
मूल—पद
स्च्छायानात्—स्थापनात्
कोडी करणम्—कोटी करणम्
बुद्धयति—शुद्धयति
तावछार्दूल—तावच्छार्दूल
वृत्तवाद्यस्य—वृत्तवाह्यस्य
स्वः समुच्चये—च्वः समुच्चये
संयात—सम्पात
बुद्धयतीति सिद्धम्—शुद्धयतीति सिद्धम्
तदयांम्—तदुदयान्तरम्
घुरान्तम्रे—घुरात्रवृत्ते
सूत्रएछान—सूत्रस्थान
कस्यविदवधि—कस्यचिदवधि
सूर्यस्योत्रत्वम्—सूर्यस्योन्नतत्वम्
रुजं रिजुं—ऋजुम्
वक्तु—वक्र
युक्तमतैव—युक्तमत एव
नययोगव्यवछेदार्थः—अन्य योगः
तज्या लम्बज्येति—तज्ज्या लम्बज्येति
कोडी करणम्—कोटि करणम्।
व युक्तं—न युक्तम्
नव संज्ञाव्यत्यय—न च संज्ञाव्यत्ययः।
सूराः—सुराः।
गव्राध्यय—गजाध्ययः
उक्त कं मिताः—उक्ताङ्कमिताः।
अनुपार्पत्तिं—अनुपपत्तिम्
उपपापत्ति—उपपत्तिः

इस प्रकार की यह एक बृहत्सूची होगी। पाठकों के केवल दिग्दर्शन के लिये उक्त सूची दी जा रही है।

वस्तुतः—समग्र मरीचि के अध्ययनाध्यापन से या विद्वानों के स्वयं उत्कृष्ट मनोयोग द्वारा पठन से भी मूल कोष और मूल कोष की प्रतिलिपि करने में जो कुछ त्रुटियाँ फिर भी रह गई हैं, उनका द्वितीय-संस्करणों में अविलम्ब अवश्य सुधार हो जावेगा ऐसी सदाशा है।

फिर भी अन्य शास्त्रों की पाण्डुलिपियों में पाठ भेद होने से भी अनेक उनके त्रुटियाँ व्याख्यान और अर्थ भाष्य में हो सकती हैं, किन्तु यहाँ उक्त भय नहीं है। पाठ भेद से गणित में भेद नहीं हो सकता इससे कोई क्षति नहीं हुई। तब भी—

उत्कृष्ट मनोयोग से मूल ग्रन्थ को पूर्ण—मरीचि भाष्य का मनन करके उसके संशोधित संस्करण को सर्व प्रथम आज प्रकाशित किया जा रहा है।

आशा है कि उक्त सभी प्रकार की त्रुटियों का यथोचित निराकरण करने में अब विद्वानों को मेरी तरह की कठिनाइयों का अनुभव नहीं करना पड़ेगा।

ग्रन्थ का अभ्यास होने से—तथा

ग्रहगणित ज्योतिष ग्रन्थों के पारिभाषिक शब्दों की बुद्धिस्थ व्यापकता होने से, साहस के साथ इसकी प्रेस प्रतिलिपियां की जा सकीं।

पूरी मरीचि की प्रतिलिपि मेरे द्वारा केवल व्यक्तिगत परिश्रम से नहीं संभव हो सकी। अतः लेखकों से सहायता लेना अनिवार्य हो गया, किन्तु खेद है कि आशा के विपरीत मुझे लेने के देने पड़े, और कार्य में भी अनावश्यक विलम्ब हो गया।

मेरी निजी दो टीकाओं से ग्रन्थ का आकार परिवर्धित होकर इतना विशाल हो गया कि मुझको इस कार्य के सम्पन्न होने में निराशा सी प्रतीत होने लगी, किन्तु धैर्य एवं सतत अध्यवसाय के द्वारा अन्ततोगत्वा इस कार्य में जो कुछ सफलता प्राप्त हुई है उसका निर्णय पाठकों पर है।

एक बात—

ग्रन्थ के सम्पादन में आवश्यक सामान्य सहायताएँ भी किसी से प्राप्त न हो सकने के कारण तत्सम्बन्धी समग्र कार्यो (अथ से इति तक) को एकाकी ही सम्पन्न करना पड़ा, अतः संभव है कि यत्र तत्र त्रुटियाँ रह गई हैं। "गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः"। अतः मैं आशा करता हूँ कि सज्जन लोग उक्त त्रुटियों को क्षमा ही करेंगे।

आज की राष्ट्र-भाषा "हिन्दी" में "शिखा" नामक ग्रहगणित गोल का भाष्य

शिखा—

सिद्धान्त की निष्पत्ति का मौलिक अनुसन्धान करने के साथ ही साथ मुझे उसे हिन्दी भाषा में व्यक्त करने में भी बड़ी कठिनाइयों का अनुभव हुआ क्योंकि छात्र जीवन से अब तक सदैव संस्कृताभ्यासी ही रहा हूँ।

अतः हिन्दी भाषा की वाक्य योजना एवं विराम चिन्हों का प्रयोग आदि में त्रुटियाँ अवश्य रह गई हैं जिनके लिये क्षमा प्रार्थी हूँ। और जिनका द्वितीय संस्करण में निराकरण करने में किसी भी व्यक्ति को किसी भी कठिनाई का अब अनुभव न होगा।

अपने इस प्रयास में मुझे निम्नाङ्कित संस्थाओं और महोदयों का प्रोत्साहन प्राप्त हुआ, जिसके लिये मैं यहाँ पर उन्हें अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

(१) स्वनाम धन्य पद्म भूषण पण्डित सम्राट पं० "राजेश्वर" शास्त्री द्राविड़ काशी,
(२) स्वनाम धन्य पद्म भूषण प्रसिद्ध ज्योतिर्वेत्ता पं० "सूर्यनारायण" व्यास उज्जैन
(३) वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राचीन बृहद्ग्रन्थ भण्डार सरस्वती भवन,

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

भारत सरकार का विश्वविद्यालय अनुदान आयोग साधुवादार्ह है—

बृटिश साम्राज्यकाल से ही संस्कृत भाषा मृत मान कर सदैव उपेक्षित ही रही है। अंग्रेजी तथा संस्कृत में लिखे हुए ज्योतिष के ग्रन्थ भी प्रकाशित करने में राजकीय सहायता प्राप्त नहीं हो सकती थी। परन्तु यह बड़े सन्तोष एवं परम साधुवाद देने योग्य कार्य है कि

स्वतंत्र भारत के केन्द्रीय विश्वविद्यालयीय अनुदान आयोग ने इस ग्रन्थ के प्रकाशन के लिए अनुदान देकर ज्योतिष शास्त्र को पुनरुज्जीवित करने का उज्ज्वल श्रेय लिया है।

इस प्रकार के कार्यों से अन्य संस्कृत लेखकों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस सहायता के लिए उक्त अनुदान आयोग के सभापति महोदय विशेषरूप से साधुवादार्ह हैं क्योंकि उन्होंने इस विषय में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पत्रों पर विशेष ध्यान देकर अपनी व्यक्तिगत रुचि द्वारा आवश्यक अर्थ राशि प्रदान कर मुझे प्रोत्साहित किया है। इसलिए मैं और विश्वविद्यालय हृदय से उनके आभारी हैं।

इति

केदारदत्त जोशी
रीडर—ज्योतिष विभाग
संस्कृत महाविद्यालय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी–५

गणित ज्यौतिष में रुचि रखने वाले जिज्ञासुओं के लाभार्थ ग्रहगोल, खगोल और भूगोल समझने की कुछ परिभाषाएँ तथा ग्रह गणित सम्बन्धी परिभाषिक शब्दों की एक सूची भी साथ ही साथ प्रकाशित की जा रही है। जिसमें प्रत्येक पारिभाषिक शब्द हिन्दी भाषा में लिखा गया है। संस्कृत हिन्दी एवं आङ्गल, इनमें से किसी एक भाषा का भी ज्ञान रखने वाला व्यक्ति इन तत्थ्यों को भली-भांति समझ सकता है।

सर्व साधारण के समझने के लिये ग्रह गणित गोल की कुछ परिभाषाएँ तथा संक्षेप से आवश्यक पारिभाषिक शब्दों का परिचय

१—किसी भी खगोलीय वृत्त के तीन केन्द्र होते हैं, एक गर्भीय केन्द्र और दो पृष्ठीय केन्द्र होते है।

२—पृष्ठीय केन्द्रों से ९० नब्बे अंश के तुल्य चाप से बृहद्वृत्त बनते हैं। नब्बे अंश से कम दूरी के चाप से बनाये गये वृत्तों को लघुवृत्त कहते हैं। वृहद्वृत्त और लघुवृत्त परस्पर समानान्तर भी होते हैं। जैसे नाडीवृत्त (Equator) का समानान्तर (Parallel of Latitude) वृत्त अहोरात्रवृत्त (Diurnal circle) है।

३—पृथ्वी के गोल केन्द्र से ध्रुव की तरफ वर्द्धित रेखा जहाँ पृथ्वी पृष्ठ में लगती समझा जाता है वहीं पर पृथ्वी में ध्रुव विन्दु है। उत्तर की ओर उत्तर ध्रुव अर्थात् ध्रुव निष्ठ देवताओं के लिये वास्तविक ध्रुवतारा उनके शिर पर आकाश में खमध्य में होती है। इसी प्रकार दक्षिण ध्रुव पृष्ठ में बसने वालों के लिये दक्षिण ध्रुव, आकाश में उनके शिर के ऊपर दीखेगा।

४—अपने स्थान से आकाश में अपने शिर के ऊपर अपना खमध्य (आकाश मध्य= (Zenith) विन्दु है। ठीक अपने खमध्य से १८०° की दूरी पर अधः खमध्य (Nadir) है। अपने दोनों खमध्यों और दोनों ध्रुवों पर गये हुये वृत्त का नाम याम्योत्तर वृत्त (Meridian circle) है।

५—ध्रुव से (Pole star) नब्बे अंश की दूरी पर नाडीवृत्त (Equator circle) होता है। यहाँ पर अक्षांश (Latitude) शून्य होता है।

६—नाडीवृत्त (Equator) और याम्योत्तर वृत्त (Meridian Circle) के सम्पात (Node) विन्दु का नाम निरक्ष खमध्य कहते हैं।

७—निरक्ष खमध्य से नब्बे अंश चाप की दूरी पर से बनाये गये वृत्त (Circle) को उन्मण्डल (Six O'clock circle) वृत्त कहते हैं।

८—अपने खमध्य (Zenith) से नब्बे अंश चाप की दूरी से जो वृत्त बनता है उसे क्षितिज (Horvon) वृत्त कहते हैं।

९—अपने क्षितिज (Horizon) वृत्त और याम्योत्तर वृत्त (Meridian circle) के सम्पात बिन्दु का नाम समस्थान (Connecting Point) है। यही समस्थान विन्दु पूर्वापर (Prime vertical Circle) वृत्त का पृष्ठीय केन्द्र है।

(१०) समस्थान और ध्रुव स्थान (Pole Star Pace) का याम्योत्तर वृत्तीय (Meridian circle) अन्तर चाप का नाम अथवा स्वखमध्य (Zenith) और निरक्ष खमध्य का याम्योत्तर वृत्तीय अन्तर चाप का नाम अक्षांश (Latitude, Terrestrial-Axis) है।

(११) ध्रुव स्थान (Pole star) और स्वखमध्य (Zenith) का याम्योत्तर-वृत्तीय अन्तर चाप का नाम लम्बांश (९०°—अक्षांश) है।

(१२) दोनों समस्थान चिन्हों से ४५° पैंतालीस अंश पूरब और पश्चिम की तरफ की दूरी पर अपने क्षितिज (Horizon) वृत्तीय विन्दु पर और दोनों खस्वस्तिक और अधः स्वस्तिक (Zenith and Nadir) विन्दुओं पर गये हुए वृत्तों के नाम कोणवृत्त हैं (१) ईशान (North East) से नैऋत्य (South West) तक का कोणवृत्त है। (२) वायव्य से (North West) अग्नि कोण (South East) तक गया हुआ होता है। इन्हें विदिग्वृत्त भी कहते हैं।

(१३) नाडीवृत्त (Equator circle) अपना पूर्वापरवृत्त (Prime vertical circle) उन्मण्डल (Six o'clock circle) और क्षितिज (Horizon) वृत्तों के पृष्ठीय केन्द्र (Center) याम्योत्तर वृत्त (Meridian circle) में होते हैं। इसलिये याम्योत्तर वृत्त के पृष्ठीय केन्द्र पूर्वस्वस्तिक विन्दु पर उक्त चारों वृत्तों का सम्पात (Connecting Point) विन्दु का गोल में, पूर्वस्वस्तिक नाम है।

(१४) आकाशस्थ ग्रह बिम्ब के गर्भ केन्द्र और दोनों खमध्यों (Zenith and Nadir) पर गये हुये वृत्त का नाम दृग्वृत्त (Vertical circle) है। इस दृग्वृत्त में खमध्य (Zenith) से ग्रह (Planet) बिम्ब तक नतांश (Zenith distance) तथा क्षितिज से (Horizon) ग्रह (Planet) बिम्ब तक उन्नतांश (Altitude) नतांश की ज्या दृग्ज्या एवं उन्नतांश की ज्या शंकु होती है।

(१५) ध्रुव स्थान से २४° चौबीस अंश चाप की दूरी पर कदम्ब भ्रमवृत्त में कदम्ब तारा (Pole of the Ecliptic) रहती है।

कदम्ब को केन्द्र मान कर नब्बे अंश की दूरी के चाप से जो वृत्त बनेगा उसे क्रान्ति वृत्त (Ecliptic or Orbit) कहते हैं।

(१६) इसी प्रकार कदम्ब से शर चाप की दूरी पर (चन्द्रमा आदिक ग्रह जिस वृत्त में अपनी गतियों से चलकर राशि चक्र की परिक्रमा करते हैं उस मार्ग का नाम विमण्डल है। विमण्डल वृत्त का पृष्ठीय केन्द्र विकदम्ब होता है। यथा चन्द्र भ्रमण मार्ग का नाम चन्द्र विमण्डल होता है। इसी प्रकार और ग्रहों का भी विमण्डल होता है।

(१७) नाडी (Equator) वृत्त और क्रान्ति वृत्त (Ecliptic or Orbit) के सम्पात विन्दु का नाम गोल सन्धि (Node of an orbit) या क्रान्ति पात है। इन दो बड़े वृत्तों के इन दो सम्पातों में एक सम्पात का नाम सायन मेषादि (वसन्त-सम्पात) (Ascending node of the Equator, First Point of Aples, Vernal Equinox) और दूसरे सम्पात का नाम सायन तुलादि (Descending node of the Equator, first Point of Libra, Autumnal Equinox) है।

(१८) इन सम्पातों में किसी एक केन्द्र (Centre of a Circle) से नब्बे चाप की दूरी पर बने हुये वृत्त का नाम अयन प्रोत वृत्त (Solstitial Colure circle) है।

(१९) मेष से कन्या तक ६ राशि उत्तर गोलार्द्ध (Northern Hemisphere) में, तुला से मीन तक ६ राशियाँ दक्षिण गोलार्द्ध (Southern Hemisphere) में होती हैं।

(२०) उक्त इसी प्रकार कर्क से धनु राशि तक उत्तर अयन एवं मकर से ६ राशि मिथुन तक दक्षिण अयन अर्थात् अयन सन्धि (Solstitial Point) होती है।

(२१) क्रान्ति वृत्त और विवृत्त के योग विन्दु का नाम क्रान्ति पात (Equinoctial Point) है। इसी को सूर्य चन्द्र ग्रहण का कारणीभूत राहु (Ascending Node of the Moon's Orbit)।

(२२) किसी भी अभीष्ट समय में क्रान्ति वृत्त का जो प्रदेश विन्दु उदय क्षितिज (Horizon) में लगा रहता है उसे लग्न अस्तक्षितिजीय विन्दु को अस्त लग्न कहते हैं।

(२३) जिन जिन विन्दुओं से कोई महद्वृत्त किया जाता है उन्हीं विन्दुओं के नाम से उस महद्वृत्त को वही विन्दुप्रोत नाम दिया जाता है। जैसे :—दोनों ध्रुवों से इष्ट स्थान पर किये गये वृत्त का नाम ध्रुवप्रोत वृत्त एवं दोनों समस्थानों और ग्रह बिम्ब पर गये वृत्त का नाम समप्रोतवृत्त कहा जाता है।

(२४) नाडी वृत्त से ग्रह बिम्ब तक ध्रुवप्रोत वृत्त में क्रान्ति (Declination) चाप होता है। क्रान्ति चाप को ९० नब्बे में घटाने से शेष का नाम द्युज्या चाप होता है। ध्रुव विन्दु को केन्द्र (Centre of a Circle) मान कर द्युज्या चाप तुल्य व्यासार्ध से रचित वृत्त (Circle) का नाम अहोरात्र वृत्त (Diurnal Circle) है।

(२५) ग्रह बिम्ब के केन्द्र में होते हुये कदम्बप्रोतवृत्त जहाँ पर क्रान्तिवृत्त के साथ सम्पात करता है, उस सम्पात विन्दु से ग्रह बिम्ब तक कदम्ब प्रोत वृत्त में ग्रह का शर (Celestial Latitude) होता है। यह बिम्बीय और स्थानीय अहोरात्र वृत्तों का अन्तर है, जिससे ग्रह की स्पष्टा क्रान्ति ज्ञात होती है।

(२६) क्षितिज और अहोरात्र वृत्त के सम्पात के ऊपर किया गया ध्रुव प्रोत वृत्त जहाँ पर नाडी वृत्त के साथ सम्पात करता है उस सम्पात विन्दु से पूर्व स्वस्तिक विन्दु तक चर काल होता है। इसके अहोरात्र वृत्तीय लघु स्वरूप का नाम कुज्या है।

(२७) ग्रह बिम्ब स पूर्वापरवृत्त तक समप्रोतवृत्त में भुजांश चाप है। भुजांश चाप को नब्बे में कम करने से शेष का नाम उपवृत्त व्यास होता है। भुजांश चाप की ज्या नलिका वेध के समय भुज संज्ञक है।

(२८) गोल सन्धि से ग्रह बिम्बीय स्थान तक क्रान्ति वृत्तीय चाप का नाम भुजांश चाप है, जो चापीय क्षेत्र का कर्ण है। तथा गोल सन्धि से ग्रह बिम्ब के ऊपर गये हुये ध्रुव प्रोत वृत्त का क्रान्तिवृत्तीय स्थान तक भुजांश कर्ण एवं नाड़ीवृत्तीय स्थान तक विषुवांशकोटि, एवं ध्रुव प्रोतवृत्त में ग्रह की क्रान्ति-भुज, यह एक प्रसिद्ध चापीय क्षेत्र है।

(२९) क्षितिज और अहोरात्र वृत्त के सम्पात विन्दु से पूर्व स्वस्तिक तक क्षितिज वृत्तीय चाप का नाम अग्रा चाप है।

(३०) इसी प्रकार क्षितिज और दृग्वृत्त के सम्पात से पूर्व स्वस्तिक तक क्षितिज वृत्तीय चाप का नाम दिगंश चाप है।

(३१) भूगोल केन्द्र से अपने खमध्य तक गये हुये सूत्र को ऊर्ध्वाधर सूत्र कहते हैं। एवं भूगर्भ से निरक्ष खमध्य तक गये सूत्र को निरक्षोर्ध्वाधर सूत्र कहते हैं।

(३२) इसी प्रकार भूगर्भ से —पूर्व स्वस्तिक तक गत वायु रूप सूत्र का नाम पूर्वापर सूत्र, ध्रुव स्थान गत सूत्र का नाम ध्रुव सूत्र या ध्रुव यष्टि (Polar Axis) समस्थान गत सूत्र का नाम सम सूत्र, कोणवृत्त क्षितिज सम्पात गत सूत्र का नाम कोण सूत्र, दृग्मण्डल क्षितिज सम्पातगत सूत्र का नाम दृक्कुज सूत्र, भूगर्भ से क्षितिज अहोरात्र वृत्त सम्पात गत सूत्र का नाम स्वोदयास्तसूत्र, उन्मण्डल अहोरात्र सम्पात गत सूत्र का नाम निरक्षोदयास्त सूत्र और भूगर्भ से इष्ट स्थान तक गये सूत्र का नाम इष्ट सूत्र है।

(३३) याम्योत्तर अहोरात्रवृत्त सम्पातस्थ ग्रह बिम्ब केन्द्र से उदयास्त सूत्र के ऊपर लम्ब रूप सूत्र का नाम हृति है।

तथा पूर्वापर अहोरात्र वृत्त सम्पात से स्वोदयास्त सूत्र पर लम्ब सूत्र का नाम तद्धृति है। एवं किसी भी इष्ट स्थानीय ग्रहबिम्ब से स्वोदयास्त सूत्र पर लम्ब रूप सूत्र को इष्ट हृति कहते हैं।

(३४) निरक्षोदयास्त सूत्र तक उक्त इष्टहृति आदि के खण्डों का नाम कला है। यह सब द्युज्या वृत्तीय लघुवृत्तीय होते हैं। अतः ग्रहगणित के उपयोग के लिये इनका मान त्रिज्यावृत्त बृहद्वृत्त में परिणत कर बृहद्वृतीय किया जाता है।

(३५) द्युज्यावृत्तीय हृति का त्रिज्यावृत्तीय परिणत स्वरूप अन्त्या होता है।

(३६) सर्वत्र पूर्वापर और स्वोदयास्त सूत्रों का अन्तर अग्रा होती है। पूर्वापर और निरक्षोदयास्त सूत्रों का अन्तर क्रान्ति ज्या होती है। निरक्षोदयास्त और स्वोदयास्त सूत्रों का अन्तर कुज्या होती है।

(३७) इष्ट स्थानीय ग्रह बिम्ब से स्वोदयास्त सूत्र तक गये हुये सूत्र को इष्ट शंकु कहते हैं।

यह शंकु अनेक स्थानों से अनेक प्रकार के होते हैं। मुख्यतः, पूर्वापराहोरात्र-वृत्त सम्पात से क्षितिज धरातलगत सूत्र को पूर्वापर शंकु (सम शंकु), एवं याम्योत्तराहोत्र-वृत्त सम्पात से क्षितिज धरातलगत सूत्र को मध्याह्न शंकु, कोणवृत्ताहोरात्रवृत्तसम्पात से क्षितिज धरातलगत शंकु का नाम कोण शंकु, होता है।

(३८) शंकुमूल से स्वोदयास्त सूत्र तक लम्ब रूप याम्योत्तर अन्तर को शंकुतल कहते हैं। इस प्रकार इष्टशंकु कोटि, इष्टहृति कर्ण एवं इष्टशंकुतल भुज ऐसे बहुविध सरल समकोणक त्रिभुजों की खगोलीय बहुविध रचनाओं से तत्तत्स्थलों की छाया आदि ज्ञात करते हुये ग्रहगोलगणित की पृष्ठभूमि सुदृढ़ होती है—

इस प्रकार संक्षेप से खगोल का परिचय करते हुये तथा पौर्वात्य पाश्चात्य खगोलीय अधोलिखित शब्द संकेतों की सूची से—मेरा विश्वास है कि इस ग्रन्थ में वर्णित ग्रहगणित के विशेष परिष्कारों के शिखा नामक भाष्य से सर्व साधारण को अवश्य लाभ होगा, जिसे मैं अपना सफल प्रयास समझूंगा।

वस्तुतः प्राचीन परम्परा से ही भारतीय ग्रन्थ भण्डार की ज्ञान प्राप्ति के लिये गुरुमुख होना तो अनिवार्य है। बिना गुरुमुख हुये ग्रन्थ की विशेष फक्किकाएँ समझ में नहीं ही आ सकती हैं। ग्रन्थ का हृदय तो गुरु का हृदय है और उस हृदय को विनीत जिज्ञासु परम गुरु भक्त सुयोग्य शिष्य ही प्राप्त कर सकता है। इसीलिये आचार्यों ने बड़े श्रम साध्य ग्रन्थ के क्लिष्ट स्थलों को समझ कर सरल बनाते हुये शिष्य परम्परा से अनुरोध किया है कि ("नैतद्देयं दुर्विनीताय शिष्याय" तथा दिव्यं ज्ञानमतीन्द्रियमित्यादि) इस पवित्र ज्ञान को सुविनीत शिष्य को समझ कर ही देना चाहिए। (सि० शि०)

गुरुमुख

वर्षों तक स्वयमेव पुस्तकों का अध्ययन करके जो ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उसमें सन्देह, त्रुटियों तथा अधिक समय का व्यर्थ यापन होता है। अतएव इस विषय में प्राचीन आचार्यों का यह मत कि "ज्ञान को गुरु के सान्निध्य में ही उचित रूप में प्राप्त किया जा सकता है" मान्य एवं ग्राह्य है। ग्रन्थ के कठिन एवं सन्दिग्ध स्थल अनुभवी गुरु के सान्निध्य में ही सम्यक् प्रकारेण अवगन्तव्य हो पाते हैं, इसके अतिरिक्त अनेक वर्षों तक अध्यापन कार्य के अनुभव से ग्रन्थ की अपेक्षा कुछ विशेष तथ्यों का अनुसन्धान-योग्य अध्यापक स्वयं कर लेते हैं, उस ज्ञान की प्राप्ति के लिये गुरु के सान्निध्य में रह कर ज्ञान प्राप्त करना विशेष लाभदायक है।

यदि इस विषय में कोई जिज्ञासु प्रगति के लिये चेष्टा करता है तो उसे समुचित ज्ञान देनेवाले गुरुओं का सान्निध्य अवश्य प्राप्त हो जावेगा। उस स्थिति में अपनी मौलिक प्रतिभा का प्रयोग ज्ञातव्य विषय के ज्ञान को अधिक पूर्ण बना देगा।

ज्योतिष-शास्त्र में अंकों के संकेत की शब्द सूची

१. एक, पृथ्वी, चंद्र, रूप तथा पृथ्वीवाचक सभी शब्द ।
२. द्वौ, अश्वि, पक्ष, अक्षि, दो, यम, युग्म ।
३. त्रि, ग्राम, राम, पुर, लोक, गुण, अग्नि ।
४. चतुः, समुद्र, वेद, युग, कृत ।
५. पंच, बाण, वायु, भूत, अक्ष ।
६. षट्, रस, अंग, ऋतु, तर्क, दर्शन ।
७. सप्त, ऋषि, स्वर, तुरग, पर्वत ।
८. अष्ट, वसु, सर्प, गज ।
९. नव, संख्या, नन्द, रंध्र, निधि, गो, अंक, ग्रह ।
१०. दश, दिक् ।
११. एकादश, शिव तथा सभी रुद्रवाचक शब्द ।
१२. द्वादश, सूर्य तथा सूर्यवाचक सभी शब्द ।
१३. त्रयोदश, विश्व, काम ।
१४. चतुर्दश, मनु, इंद्र, भुवन ।
१५. पंचदश, दिन, तिथि मासार्ध ।
१६. षोडश, भूप, अष्टि ।
१७. सप्तदश, अत्यष्टि (अष्टि-षोडश का अतिक्रामक अंक) ।
१८. अष्टादश, धृति ।
१९. एकोनविंशति, अतिधृति ।
२०. विंशति, नख, कृति ।
२१. एकविंशति, प्रकृति, मूर्छना ।
२२. द्वाविंशति, जाति ।
२३. त्रयोविंशति, आकृति, विकृति ।
२४. चतुर्विंशति, सिद्ध, जिन, (जैनियों के देवता २४ है) ।
२५. पंचविंशति, तत्त्व, अतिकृति ।
२६. षड्विंशति, अहोकृति ।
२७. सप्तविंशति, नक्षत्र, भ ।
२८. द्वात्रिंशत्, दाँत ।
३३. त्रयस्त्रिंशत्, सुर देवतावाचक सभी शब्द ।
४९. ऊनपंचाशत्, तान ।
५०. पञ्चाशत ।
५९. एकोनषष्टि ।
६९. एकोन सप्तति ।
८०. अशीति ।
८९. एकोननवति ।
९९. एकोनशत ।
१००. शत ।
१०००. सहस्र ।
१०००० अयुत दश सहस्र ।
१०००००. लक्ष-लाख ।

उक्त सभी शब्दों के, अन्य पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग भी उन उन अङ्कों के लिये किया जा सकता है ।

इसी प्रकार एक-एक शून्य बढ़ाने से प्रयुत-दश लाख, कोटि-करोड़, अर्बुद-अरब, अब्ज-दश अरब, खर्व-खरव, निखर्व-दश खरव, महापद्म-पद्म, शङ्कु-शंकु जलधि-अन्त्य—ये प्रत्येक की दशगुणित आगे के अंको की संज्ञाएँ हैं ।

ज्यौतिष के प्रसिद्ध पारिभाषिक शब्दों के आंङ्ग्ल भाषा में पर्याय-शब्द

नक्षत्रचक्र Zodiac
नतकाल Hour angle
नतांश Zenith distance
नति Parallax in latitude
नीच Parhelion; but नीच of the moon is called Perigee

पद Quadrant
परमक्रांति Obliquity of the ecliptic
परमलंबन Horizontal Parallax
पात Node of an orbit
प्रतिवृत्त Eccentric circle
भगण Sidereal revolution
भेदयुति Occultation
भोग Longitude
मार्गी (गति) Direct motion
मंदकर्ण Radius vector
मंदकेन्द्र Anomaly
मंदफल Equation of the centre
मंदस्पष्टग्रह True heliscentric planet
युति Conjunction
राहु Ascending Node of Moon's orbit
वक्रगति Retrograde motion
वरुण Neptune
वसंतसंपात Vernal equinox
विषुववृत्त Equator
विषुवांश Right Ascension
वेलांतर Equation of time
शर Latitude
शीघ्रकर्ण Distance of a planet from the earth
शीघ्रफल Annual parallax
समवृत्त Prime Vertical
स्पष्टग्रह Geocentric Longitude of a planet
पाटी–गणित, व्यक्त–गणित, अङ्क–गणित Arithmetic
संख्या Number
सम Even
विषम Odd
शून्य Zero, Ciphor
संकलन Addition
व्यवकलन Substraction
„ फल Balance
गुण्य Multiplican
गुणक Multiplier
गुणनयुल Product
गुणन Multiplication
भाज्य Divided
भाजक Divisor
भजन फल Quotient
शेष Remainder
भजन Division
वर्ग Square
वर्गमूल Square root
घन Cube
घनमूल Cube root
घातक्रिया Involution
घात मापक Coefficient of power
महत्तमापवर्तन Greatest common Measure
लघुतमापवर्त्य Least common multiple
अपवर्तन (नांक) Common Factor
भिन्न Fraction
„ अंश Numerater
„ हर, छेद Dinominator
भाग जाति Simple fraction
प्रभाग जाति Compound Fraction
भागानुबन्ध Mixed Fraction
विततभिन्न-Continued Fraction
दशमलव Decimal Fraction
„ विन्दु „ Point
„ आवर्त Recurring decimal
व्यस्त (विलोम) विधि Inverse process
वर्ग कर्म Operation Relative to Square
त्रैराशिक Rule of three

व्यस्तत्रैराशिक Inverse Rule of three

पञ्चराशिक Double Rule of three

मूल धन Principal

मिश्रधन Amount Arithmetic

कलान्तर Interest

चक्रवृद्धि कलान्तर Compound interest

भाण्ड प्रतिभाण्ड Barter

श्रेणी योगान्तर Arithmetical Progression

परिधि Circumference

व्यास Diameter

वृत्त Circle

अर्ध वृत्त Semi circle

वृत्त ज्या Chord

क्षेत्र Figure

क्षेत्र फल Area

घनफल Volume

मापन Mensuration

सूचीक्षेत्र Pyramid

छिन्नशिखा Frustum

लंब Perpendicular

आबाधा Segment of the base

त्रिभुज Trilateral

चतुर्भुज Quadrilateral

पञ्चभुज Pentagon

षड्भुज Hexagon

सप्तभुज Heptagon

अष्टभुज Octogon

नवभुज Nonagon

ऋजुभुजक्षेत्र Rectilinear figure Polygon

कुट्टक (गुणक) Inderminate Multiplier

अङ्कपाश Permutation and Combination

उदाहरण Example

बीजगणित, अव्यक्तगणित Algebra

धन Plus

राशि अज्ञात Unknown quantity

ऋण Minus

राशि Negative quantity

उत्थापन Substitution

करणी Surds

वर्गात्मक करणी Quadratic Surds

एकवर्ण समीकरण Simple equation

मध्यमाहरण Adfected quadratic equation

वर्गसमीकरण Quadratic equation

अनेकवर्गसमीकरण Equation Containing more than one unknown quantity

मध्यमाहरण Quadratic equation containing

क्षेत्रमिति रेखागणित Euclids Elements geometry

स्वयं सिद्धार्थ Axioms

अवाध्योपक्रम Postulates

साध्य प्रतिज्ञा Theorem proposition hypothesis

अनुमान Corollary

परिभाषा Definition(first principle

विन्दु Point

विन्दुपथ Locus

रेखा Line

सरल रेखा Straight line

वक्र रेखा Curved line

सम धरातल Plane surface

विषम धरातल Curved surface

घन धरातल Solid surface

कोण Angle
सम कोण Right Angle
अधि कोण Obtuse angle
न्यून कोण Acute Angle
आसन्न कोण Adjacent Angle
एकान्तर कोण Alternate angle
अन्तः कोण Interior angle, Internal angle
वहिः कोण Exterior or External Angle
अन्तर्गत कोण Subtended angle
पूरक कोण Complementary angle
सम्मुख कोण Opposite angle
केन्द्रस्थ कोण Angle at the centre
परिधिस्थ कोण Angle at the circumference
धन कोण Positive angle
ऋण कोण Negative angle
परावर्तन कोण Reflection angle
घनकोण Solid angle
गोलीय कोण Spherical angle
सहायक कोण Subsidiary angle
शीर्ष कोण Vertex angle
उभयनिष्ठ कोण Common angle
भुज Side base
कर्ण Hypotenuse
त्रिभुज समभुज Equilateral Triangle
त्रिभुज समद्विबाहु Isosceles Triangle
त्रिभुज विषम Scalene triangle
त्रिभुज समकोण Right angled triangle
त्रिभुज अधिक कोण Obtuse triangle
त्रिभुज न्यूनकोण Acute triangle
समानान्तर रेखा Parallel straight line
चतुर्भुज Quadrilateral
चतुर्भुज सम्मुखकोण रेखाकर्ण Diagonal
समानान्तर चतुर्भुज Parallelogram
समानान्तर समलम्ब Trapezoid
विषमकोण चतुर्भुज Rhombus
आयत Rectangle
विषमायत Trapezium
वर्गक्षेत्र Square
वृत्तखण्ड Sector
अन्तर्वृत्त Inscribed
बहिर्वृत्त Escribed
उपरिगत वृत्त Circumscribed
गोल Sphere
गोलखण्ड Segment
गोलकोण Spherical angle
गोल धरातल Superfices
गोल क्षेत्रमिति Spherical geometry
त्रिकोणमिति Trigonometry plane
त्रिकोणमिति गोलीय Spherical Trigonometry
प्रघात मापक Logarithm
शङ्कुः Cone.
शंकु कुच्छेद Conic section
चल गणित Differential and integral calculus
गति विद्या Dynamics
स्थिति विद्या Statics
ज्या Sine
कोटिज्या Cosine
स्पर्शरेखा Tangent
कोटिस्पर्श रेखा Co-tangent
छेदन रेखा Secant
कोटिच्छेदन रेखा Cosecant
उत्क्रमज्या Versed sine
कोटयुत्क्रमज्या Co-Versed sine
चाप Arc
चापकोटि Compliment

चापीयमान Circular measure
चापीय भुज युग्म Co-ordinate
मान Value
अनन्त Infinite
अन्तर Difference
परिमाण Magnitude
फल (लब्ध) Resultant
एक (प्रमाण) Unit
पद समह Expression
राशि Term, quantity
द्विसमकोणावशिष्ट Suppliment

नक्षत्र मण्डल

अश्विनी Arietis
भरणी Musca 35 Arietis
कृत्तिका Tauri, Pleides
रोहिणी Tauri, Aldebaran
मृगशीर्ष Orionis
पुनर्वसु Geminorum Pollux
पुष्य Cancri
आश्लेषा Cancri
मघा Leonis, Regulus
पूर्व फाल्गुनी Leonis
उत्तर फाल्गुनी Leonis
हस्त Or S corvi
चित्रा Verginis Spica
स्वाती Bootis, Arcturus
विशाखा Or K Librae,
अनुराधा Scorpionis
ज्येष्ठा Scorpionis, Anteres
मूल Scorpionis
पूर्वाषाढ़ा Sogittarii
उत्तराषाढ़ा Sgettrii
अभिजित् Lyrivega
श्रवण Aquihae, altaire
धनिष्ठा Delphini
शततारका Aquarii
पूर्व भाद्रपद Pegasi, Markale
उत्तर भाद्रपद Andromedo
रेवती Piscuim
अगत्स्य Canopus
मृगव्याध (लुब्धक) Sirius
ब्रह्म हृदय Aurigal (capella)
अग्नि Tauri
प्रजापति Aurigal
अपांवत्स Virginis
आप Virginis
सप्तर्षि Ursa Mojoris

दिशाएँ

पूर्व East
पश्चिम West
उत्तर North
दक्षिण South
अग्निकोण South east
नैर्ऋत्य South west
वायव्य North west
ईशान North east

वार और ग्रह

रवि Sun
चन्द्र Moon
भौम Mars
बुध Murcury
गुरु Jupiter
शुक्र Venus
शनि Saturn
राहु Ascending node
केतु Descending node

१२ राशियाँ

मेष Aries
वृष Taurus

मिथुन Gemini
कर्क Cancer
सिंह Leo
कन्या Virgo
तुला Libra
वृश्चिक Scorpio
धनु Sagittarius
मकर Capricornus
कुंभ Aquarius
मीन Pisces
राशिचक्र Zodiac
आकृति विशिष्ट तारापुञ्ज या त्रिभागात्मक नक्षत्र } Constellation or Asterism
राशि Sign
अंश O degree
कला ,, minutes of arc
विकला ,, seconds on arc
तिथिपत्र Calendar
पंचाङ्ग Almanac
सावन दिन Terestrial
चान्द्र-दिन Lunar day
मध्यम सावन Mean solar day
स्पष्ट सावन Apparent solar day
नाक्षत्र सावन Sidereal day
मास month
मास पक्ष शुक्ल Light part
" " कृष्ण Dark part
सौर मास Solar month
चान्द्र मास Lunar month, lunation
अधिमास Intercalary month or Additive month
क्षयमास Subestractive month
वर्ष Year
वर्ष करणाद Epoch (Epact)
वर्ष सौर Solar or tropical year
वर्ष नाक्षत्र Sidereal year
ऋतु Season
अयनसंधि Solstitial point
उत्तर गोलार्ध Northern hemisphere
दक्षिण गोलार्ध Southern hemisphere
भूमध्य रेखा Standard meridian
भूपरिधि Circumference of the Earth
भूपरिधि स्पष्ट Rectified circumference
अक्ष पल Latitude (terrestrial)
अक्ष Axis
अण्डानुकारिणी Oval
दीर्घवृत्त कक्षा में Elliptical orbits
बृहदक्ष Major axis
लघ्वक्ष minor axis
अक्षकेन्द्र वा नाभि Focus
बृहदक्ष एव ग्रहोच्चरेखा Apsides
अक्ष कर्ण Hypotenuse (of the shadow)
अक्ष क्षेत्राणि Latitudinal Triangles
अक्षभा वा पलभा Gnomonical shadow or Equinoctial shadow
अग्रा Amplitude
अन्त्यफलज्या वा परम फलज्या } Accentricity or the sine of the greatest equation of the centere
अनुपात Proportion
अपम वा क्रान्ति Declination
मध्यमा क्रान्ति Mean declination
स्पष्टा क्रान्ति Apparent declination
परम क्रान्ति Obliquity of the ecliptic
क्रान्तिकोटि (द्युज्या) Cosine of dechination

अयनचलन Precission of the equinoxes
अयनप्रोतिवृत्त Solstitial colure
अहोरात्रवृत्त Diurnal circle
असत्कृत कर्म Successive approximation
बीज कर्म Emperical correction
आलोक Phenomena
इनान्तर Elongation
इनान्तर परम Greatest elongation
इष्टकाल Given time
उच्च (रवि वा भूमि) Aphelion Higher apsis
„ नीच perihelion
„ चन्द्र Appogee
„ नीच perigee
उदय Rising, Heliacal rising
अस्त Setting, Heliacal setting
उदयान्तर (कालसमीकरण) Equation of time
उन्नतांश Attitude
नतांश Zenith distance
नतकाल Hour angle
उन्मण्डल Six O'clock circle
उपकरण Argument (elements)
उपपत्ति Proof
कक्षा orbit
कक्षा नमन Inclination of the Orbit
कक्षा केन्द्र च्युति Eccentricity of an Orbit
कदम्ब Pole of the Ecliptic
कटिबन्ध Zones
किरण Ray
किरण विकिरण Spectrum
किरण परावर्तन (प्रतिफलन) Reflection
कर्ण (मन्द) Radius Vector
कर्ण (शीघ्र) distance of a planet from the Earth
केतु desending node of the moon's orbit
राहु Ascending node of the moon's orbit
केन्द्र Centre of a circle
केन्द्र मध्यम Mean anomaly
केन्द्र स्पष्ट True anomaly
क्रान्तिपात Equinoctial point
क्रान्तिपात (वसंत संपात) Ascending node of the equator, first point of aries, vernal equinox.
क्रान्तिपात (शारद संपात) Descending node of the epuator first point of Libra Autumnal equinox.
क्राति वृत्त Ecliptic
क्रान्ति सूत्र The circle of the deiclnation
क्षितिज Horizon
क्षितिज दृश्य Sensible Horizon
क्षितिज वास्तविक Rational Horizon
क्षेप । विक्षेप । शर. Celestial latitude
स्पष्ट शर Heliocentric latitude
क्षेप सूत्र The circle of celestial latitude
क्षेत्र figure, diagram
खस्वस्तिक Zenith
अधः स्वस्तिक Nadir
गोल Sphere
खगोल Celestial sphere
दृग्गोल Armillary sphere
भगोल चित्र double sphere, Globe (celestīal)

गोल संधि Node of an orbit
गुरुत्व Gravity
गुरुत्वाकर्षण gravitation (universal)
केन्द्राकर्षण शक्ति Centripetal force
केन्द्रोत्सारण शक्ति Centrifugal force
भूम्याकर्षण Attraction of the earth
ग्रह Planet
उपग्रह Satellites
अन्तर्ग्रह Interior planets
बहिर्ग्रह Exterior planets
लघुग्रह Asteroides
लघुग्रह मध्यम Mean heliocentric Position of a planet
" मन्दफल Equation of the centre
" शीघ्रफल (द्वितीय) Annual parallax
" मन्द स्पष्ट True heliocentre Position
" स्पष्ट Geocentric position of a planet
" बिम्ब Disc
" " प्रान्त Limb
" भगण Revolution
" भुजांश Longitude
" भ्रमण (स्वाक्ष) Rotation
ग्रहगति Daily motion, Proper motion.
ग्रहण Eclipse
सूर्य ग्रहण Solar eclipse
चन्द्र ग्रहण Lunar eclipse
पूर्ण खग्रास ग्रहण Total eclipse
खण्ड ग्रहण Partial eclipse
कङ्कण ग्रहण वलय Annular eclipse
ग्रहण घनच्छाया Umbra
" विरलच्छाया Penumbra
ग्रहण बिम्बार्ध Semidiametre
" शृङ्गोन्नति Crescent
" कलावृद्धि Phases
" दृश्यस्थिति Libration
भूभा Earth's shadow
" सूची Conical shadow
" स्पर्श Contact
संमीलन Immersion
उन्मीलन Emersion
परिलेख (छेद्यक) Projection
ग्रहयुति (Inferior or superior) conjnction.
भेदयुति Occultation
त्रिभान्तर Quapdature
षडभान्तर Opposition
चन्द्र युति } Syzygy
" षडभान्तर }
चर Ascentional difference
तात्कालिक गति Intantaneous velocity
वक्रगति Retrograde motion
त्रिज्या Radius
दिगंश Amplitude
दिगंश कोटि AZIMUTH
दृगवृत्त Vertical circle
दृक्सूत्र Line of vison
दृक्क्षेप The sine of the nonagesimal
दृक्क्षेप वृत्त The azimuth circle for the nonagesimal
द्रष्टा Spectator
धूमकेतु Comet
उल्का Meteors
ध्रुवतारा Pole star
ध्रुवयष्टि Polar axis
ध्रुवङ्क (स्थिर गुणक) Constant

नक्षत्र Star
नक्षत्रपुंज Star clusters
नक्षत्र स्थिर fixed star
ग्रह नक्षत्र Heavenly body
सदोदित नक्षत्र Circumpolar star
योगतारा principal star
नीहारिका Nebulae
परम Maximum
परम न्यून Minimum
भूपृष्ठ Earth's surface
परिणत Reduced
पद Quadrant
पदान्त Quadrature
पात Node
प्राकृतिक physical naturl
लग्न Horoscope or ascending point of the Eclipte
लग्न मध्य Culminting point of the Eclipte
लग्न त्रिभोन Nonagesimal point
लम्बन parallax
लम्बन (वार्षिक) शीघ्रफल Annual parallax.
लम्बन दृगमण्डलीय parallax in zenith distances
लम्बन स्पष्ट Parallax in longitude
लम्बन परम Horizontal parallax
विशुवांश लम्बन parallax in Right ascension
क्रान्ति लम्बन parallax in declination
नति शरलंवन Parallax in latitude
विषुवांश Right ascension
विषुव काल Sidereal time
वृत्त Circle
उपवृत्त Secondary circle
विषुवत Equator
समानान्तर Parrallel of latitude
समानान्तर सममण्डल Prime vertical circle
याम्योत्तर Meridian circle
इष्टसमवृत्त The circle of position
कक्षावृत्त Concentric
प्रतिवृत्त Eccentric
नीचोच्चवृत्त Epicycle
दीर्घवृत्त Ellipse
सहायक वृत्त Auxilliary cipcle
परवलय Parebola
अतिपरवलय Hyperbola
वलन Variation of the Ecliptic
वलन आक्ष Latitudinal variation
वलन आयन Solstitial variation
वलन स्पस्ट Rectified variation
वायुमण्डल, भूवायु(आवह) Atmosphere
समय (काल) Time
समीकरण Equation
संस्कार Corrections
संबन्ध (निष्पत्ति) Ratio
सावधिक काल Periodic time
सारणी (ग्रह) Planetary Table
संधिप्रकाश (वैदिक उषाकाल) Twilight
सूत्र Formula
स्थिर विन्दु Stationary point
ग्रहों के नवीन संस्कार
किरणवक्री भवन Refraction
च्युति Evection
भूचलन Aberration
अक्षचलन Nutation
पाक्षिक (तिथिसंस्कार) Veriation
वार्षिक समीकरण Annual equation
ज्योतिष यन्त्र Astronomical Instruments

पलभा यन्त्र Sun-dial
शंकु (१२ अंगुल) Gnoman
घटी यन्त्र Clepsydra प्राचीन पानी की घटी
तुरीय यन्त्र Quadrant
षष्ठ यन्त्र Sextant
दूरदर्शक Telescope
दोलक Pendulum
दोलक आन्दोलन Oscillation
यंत्रराज (यवन) Astrolube
यंत्र विज्ञान Mechanics
यंत्र रचना Mechanism

श्रीमद्भास्कराचार्य्यविरचित

सिद्धान्तशिरोमणेः

वासनाभाष्यसहितः

गणिताध्यायः

मरीच्यभिधया टीकया दीपिकाटीकया सपरिष्कारेण शिखानुवादेन च सहितः

स्पष्टाधिकारः

इदानीं स्पष्टगतिर्व्याख्यायते। तत्रादौ तदारम्भप्रयोजनमाह—

यात्राविवाहोत्सवजातकादौ
खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम्।
स्यात्, प्रोच्यते तेन नभश्चराणां
स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद्या॥ १॥

वासनाभाष्य-स्पष्टार्थम्।

मरीचिः—श्री गणेशाय नमः 8 श्री विष्णवे नमः 8 अथ स्पष्टाधिकारो व्याख्यायते। तत्र पूर्वापर ग्रन्थैकवाक्यता प्रत्तिपत्तये संगतिं प्रदर्शयन्नेव शिष्यावधानार्थं स्पष्टाधिकारनिरूपणमुपजातिकया प्रतिजानीते। यात्राविवाहोत्सव जातकादाविति..................

तेन कारणेन नभश्चराणां मध्याधिकारानीतसूर्यादि-सप्तग्रहाणां सा स्फुट क्रिया स्पष्टत्वसम्पादकेतिकर्त्तव्यता। ग्रहस्पष्टत्वं च यन्त्रवेधेन रेवत्याः सका— शात्क्रान्तिमण्डलावयवे भाद्ये यस्मिन्नवस्थितिः प्रत्यक्षेणातस्तज्ज्ञानं वेधनिरपेक्षणगणितादिना यथा सिद्ध्यति, तथेतिकर्त्तव्यता मया प्रोच्यते। सूक्ष्मत्वेनोच्यते। अत्र हेतुमाह। येति या क्रिया दृग्गणितैक्यकृत्। वेधज्ञातग्रहगणितानीतग्रहयोरैक्यमभेदः। तद्धेतुभूतेत्यर्थः। अन्यथा विसम्वादापत्तेः। एतेन स्पष्टलक्षणमुक्तम्। ननु यदर्थमेतावान्प्रयासस्तदेवेति प्रयोजकम्। नहि

प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि प्रवर्त्तत इत्यतः कारणमाह। यात्रेति, उत्सवः नामकर्मादि-मौञ्जीबन्धनान्तः जातको जन्मकालः। आदिपदाद्वर्षप्रवृत्तिप्रश्नादिषु च। स्फुटैः। एवकारो मध्यमादि स्पष्टादि निरासार्थम्। खेटैः-ग्रहैः। फलस्फुटत्वं फलव्यक्तत्वम्। फलानुभवः स्यात्। यतस्ते दृष्टियोग्या अतश्चारेणौवोक्तफलसंवादः स्यादित्यर्थः। न मध्यचारेण गुरौ ज्ञे बाल्यग्रगते शुक्रे कर्मगते विधौ। आप्यगे जलकार्याणामारम्भः। सिद्धिदः स्मृतः। गुरुरेकोऽपि केन्द्रस्थः शुक्रो वा यदि वा बुधः हरेः स्मृतिर्यथा पापान्हन्तिदोषानकालजान्। काव्ये गुरौ वा सौम्ये वा यदा केन्द्रत्रिकोणगे नाशयत्यखिलान्दोषान्पापानिव हरेः स्मृतिः। ज्ञेज्यशुक्रार्कभौमेषु बन्ध्वस्तादित्रिषुत्रिषु गतस्याग्रे रिपुचमूर्लीयतेऽग्नौ जन्तुर्यथेत्यादिकश्यपादिवचनानां निरवकाशापत्तेः। मध्यमरविबुधशुक्राणां तुल्यत्वात्। न च बुधशुक्रयोः शीघ्रोच्चानयनस्योक्तत्वात्तद्वशेन तच्चारफलमिति वाच्यम्। एवमपि भौमगुरुशनिकृतयोगफलासंभवापत्तेः। सूर्यस्यशीघ्रोच्चत्वात्। ग्रहणादिषु सप्तग्रहाणां क्लृप्तत्वेन तच्चारफलकल्पनेति लाघवाच्च। उच्चस्यावस्तुभूतत्वेन काल्पनिकत्वाच्च। अतएव विवाहवृन्दावने"ऽस्तु किन्तु नहि तन्निवेशितं राहुवद्ग्रहपदे विरञ्चिना कल्पनात्तदियमुच्चमुच्चरन्कोऽपि रोपित—फलं न च श्रुत" इत्यनेन स्पष्टमुच्चस्य चारफलाभावः प्रतिपादितः। तथा च फलादेशार्थं स्पष्टग्रहाणामावश्यकत्वेन निराश्रयेण तत्साधनस्याशक्यत्वात्तदाश्रय हेतुभूतं मध्यगणितप्रतिपादकं मध्यमाधिकारं प्राङ् निरूप्येदानीं तदानीतस्यैव किञ्चित्संस्कारेण स्पष्टत्वं भवतीति निश्चित्य तत्फलानयनप्रक्रियाप्रतिपादकं स्पष्टाधिकारमुपजीव्योपजीव्यकभावसङ्गत्याऽरब्धवानिति तात्पर्यम्।

श्रीमद्भास्कराचार्यविरचितग्रहगणिताध्यायगतस्य ।
स्पष्टाधिकारस्य नवटीका दीपिका शिखेयञ्च ॥१॥
संस्कृतहिन्दीवाण्योः केदारदत्तजोशिना विरचिता ।
'सुधाकर' शिष्यं गुरुं 'बलदेव' पाठकं नन्दयतु ॥२॥

दीपिका—मध्यमाधिकारे ग्रहस्य भगणेनैव संसिद्धिर्भवति। अत्र मध्यम इति पदेन स्फुट इति पदस्य सापेक्षत्वं स्वयमेवाऽऽयाति। अतएव मध्यमाधिकारोक्तमध्यमग्रहस्य स्फुटत्वं यथा स्यात्तथोपायो गवेषणीय इत्येषामुपायानां ज्ञानमस्मिन्नधिकारेऽऽचार्येणोक्तन्तेनास्य स्पष्टाधिकार इति सार्थकं नाम इति दिक्।

वस्तुतः गोलस्थितिदर्शनेन स्फुटग्रहस्यैव वेधविनिगमकत्वमित्युच्यते। तत्रानुदिनं वेधप्रक्रियया तत्साधनस्यासौविध्यादागमोक्त्यात्र ग्रहभगणद्वारा मध्यग्रहज्ञानपुरःसरंमनेकाभिः गणितप्रक्रियाभिस्साधितमन्दशीघ्रादिभिः फलैस्संस्कृतो मध्यएव वेधोपलब्ध स्पष्टग्रहतुल्यो भवतीति ज्ञात्वा स्पष्टाधिकारे तेषां विनियोगस्तु ग्रहस्य स्पष्टतायैराचार्यै कृत इत्यलं प्रसंगागतविचारेण।

शिखा—मध्यम ग्रह का जो स्थान क्रान्ति वृत्त (ECLIPTIC) में है, उस स्थान पर स्पष्ट ग्रह का (जिसे हम खुली आंख से प्रत्यक्ष देखते हैं) विम्ब नहीं है। मध्यम ग्रह विन्दु से

स्पष्ट ग्रह विम्ब, पूर्वापर रूप अन्तरित विन्दु पर है। प्रयोजन स्पष्ट ग्रह से है। क्योंकि सुदूर यात्रा, पुत्रोत्पत्ति जैसे मंगलोत्सव, जीवन की सार्थकता जैसा प्रसिद्ध विवाहादि शुभ कर्म, तथा शरीर धन, वन्धु, गृह, विद्याबुद्धि, जय पराजय, अखण्ड दाम्पत्य, अल्प, मध्य दीर्घ आयु विचार, तीर्थ आदि स्थानों का पर्यटन, पद, मान नेतृत्व, प्रभृति प्रतिष्ठा अनेक प्रकार की धन सम्पत्ति आदि का सञ्चय, जीवन पर्यन्त अनेक प्रकार के सद्व्यय या असद्व्यय का विचार के साथ-साथ परम पद (मोक्ष) प्राप्ति का समग्र विचार ज्योतिशशास्त्र में स्पष्ट ग्रह के आधार पर ही कहा गया है। इसलिये स्पष्ट ग्रह का स्थान क्रान्ति वृत्त (राशि वृत्त) में किस जगह पर है उसका जानना नितान्त आवश्यक है।

मध्यमाधिकार में ग्रह का स्थान मध्यम स्थान जाना जा चुका है। बिना मध्यम स्थान के ज्ञान के स्पष्ट ग्रह का ज्ञान गणित से संभव नहीं है। इसलिये स्पष्ट ग्रह का अनेक युक्तियों से ज्ञान इस अधिकार (स्पष्टाधिकार) में किया जा रहा है।

यहाँ पर एक उदाहरण द्वारा स्पष्ट ग्रह ज्ञान कैसे होता है उसे समझना चाहिए।

कल्पना कीजिये कि एक सुदृढ़ काष्ठ की गेंद है जिसे हमने अपने खड़े हुये स्थान से हाथ से एक बढ़िया सीमेन्ट की सड़क पर फेंका और घड़ी देखते हुये अन्दाज किया कि ३ मिनट में वह गेंद ३०० फीट की दूरी पर रुक कर स्थिर हो गयी। त्रैराशिक गणित से यह अनुमान ठीक होगा कि वह गेंद १ मिनट में १०० फीट ही की गति से गयी है। किन्तु यह १ मि० की १०० फीट की गति गेंद की थी ऐसा कहना ठीक नहीं है। क्योंकि गेंद प्रथम मिनिट के प्रथम क्षण में परम वेग से जा रही थी, उसकी गति प्रत्येक क्षण में विलक्षण थी। घड़ी में १ मिनिट होने पर प्रायः वह १५० फीट तक पहुँची थी, पुनः दूसरे मिनिट की समाप्ति तक वह १५० फी०+१२० फी०=२७० फीट तक गयी अब उसकी गति शीघ्र कम होते होते जब गति की शून्यता हो गई तो तीसरे मिनिट में वह ३०० फीट की दूरी पर रुक गयी, या तीसरे मिनिट के अन्त में वह केवल ३० ही फीट जा सकी। अब देखिये प्रथम मिनिट के आदि में उसकी गति अत्यधिक थी, और तीसरे मिनिट के अन्त में गति शून्य हो गई, और यह भी निश्चित है कि इस गेंद की १ मिनिट के १ सेकेण्ड की गति की अपेक्षा १ मिनिट के दूसरे सेकेण्ड की गति भी विचित्र भिन्न-भिन्न थी, अब बुद्धिमानों ने प्रत्येक सेकेण्ड की गतियों को जानकर एक-एक मिनिट की गतियों का योग करते हुये ६०×३=१८० सेकेण्डों की गतियों का (जो १८० प्रकार की हैं) योग कर यह जाना कि ३ मि० में, ३०० फीट पहुंची। हां मध्यम मान से १ मि० में १०० फीट कहना ठीक है, यहाँ पर यह जानना नितान्त आवश्यक है कि मध्यम मान से १ मि० में १०० फीट जो हम मान रहे हैं वह ठीक नहीं है, वह तो १ मि० में १५० फीट गयी है, इसलिये स्पष्ट मान ही प्रत्यक्ष है, किन्तु इसको हम मध्यम गति के आधार से ही जान सकेंगे। इसे आधुनिक गणित में त्वरित गति (Motion Under Acceleration) कहते हैं। एवं आकाश में भी मध्यम ग्रह से स्पष्ट ग्रह स्थान अवश्य भिन्न समझना चाहिये। क्योंकि कोई भी ग्रह पिण्ड हमारे भू पृष्ठ से ठीक स्थिर ऊंचाई पर नहीं है। वह एक चक्कर पूरा करने में कभी पृथ्वी

के समीप और कभी अत्यन्त दूर होता है, तथा एक ही धरातल में भी नहीं चलते हुये विषुवद् वृत्त के आकाशीय ग्रह गोलीय कक्षा धरातल से उत्तर चलते हुये परम उत्तर जाकर पुनः प्रत्यावर्तित होकर चलित मेषादि विन्दु में पहुंचते हुये दक्षिण की तरफ भी जाता है। और परं दक्षिण गमन के बाद पुनः दक्षिण के अन्तर को ह्रासोन्मुख करते हुये क्रान्ति वृत्त (ECLIPTIC) और नाड़ी वृत्त (EQUATOR) के सम्पात पर पहुंचते हुये अपनी कक्षा का एक भ्रमण पूरा करता है जिसे हम भगण कहते हैं।*

इसी प्रकार मेषादि विन्दु से पूरब की ओर जाते हुये पुनः मेषादि में आने तक के समय में ३६०° अपने कक्षा धरातलीय वृत्त में अर्थात् भ्रमण पूरा करने से $\left(\frac{३६०^{\circ} \times १ \text{ दिन}}{\text{भगण भोग काल}}\right)$ भगण भोग काल में ३६०° चलता है तो १ दिन में कितनी गति होगी इत्यादि एक दिन की गति का ज्ञान हुआ। इस त्रैराशिक अनुपात की जो गति आई, वह एकरूप की गति हुई, किन्तु ग्रह के विलक्षण वेग से चलते रहने से यह गति मध्यमागति नाम की हुई, जिसे स्थूल गति कहेंगें और जिसका विवेचन मध्यमाधिकार में किया गया है। और इसे जानकर ही स्पष्ट गति जो विलक्षण वेग की है उसे जानना है। इसीलिये स्पष्ट गति ज्ञापक अधिकार का नाम स्पष्टाधिकार कहा गया है।

तथा मध्यम ग्रह को स्पष्ट ग्रह बनाने के और भी अनेक माप हैं। चापीय गणित से अनेक समीकरणों के योग और अन्तर से स्पष्ट फल का ज्ञान किया गया है। इन ग्रहों की दीर्घ वर्तुल आकृति की जो कक्षायें हैं, उनकी गणित क्रिया भेदों के ज्ञान से स्पष्ट फल का ज्ञान किया गया है। जैसे समतल भू पृष्ठ से, लम्ब रूप दृङ्मण्डल में फैंके गये एक पाषाण खण्ड का विलक्षण वेग क्षीयमाण देखा गया है। प्रथम क्षण में वेग गुरु है, द्वितीय क्षण में वेग कुछ मन्द है, तृतीय क्षण में मन्दतर एवं आगे मन्दतम। इस प्रकार के मन्दायमान वेग से ऊपर जाता हुआ अन्त में वेग शून्य होने पर इस ऊर्ध्व वेग शून्य विन्दु को उच्च विन्दु एवं धीरे-धीरे नीचे पृथ्वी के आकर्षण वेग और वर्धमान वेग का जहाँ पृथ्वी पर पाषाण खण्ड का संयोग हुआ उसे नीच विन्दु कहना चाहिए। एक सूत्र में पाषाण खण्ड को बांध कर उसे घुमाने से इस हाथ के वेग और ऊर्ध्वाधर के वेग से वर्तुल मार्ग और दीर्घ वर्तुल मार्ग पर पाषाण खण्ड का भ्रमण प्रत्यक्ष सिद्ध है।

ठीक इसी प्रकार, सूर्य विम्ब की विशेष शक्ति रूप केन्द्र से समान गतिक ग्रह वर्त्तुल कक्षा में मध्यम मान से चलने के कारण इसे मध्यम ग्रह कहना उचित है। किन्तु स्पष्ट ग्रह तो दीर्घ वर्त्तुल कक्षा में अनियत स्पष्ट गति से समान काल में विलक्षण वेग से चलता हुआ जहां देखा जायगा उसे ही दृश्य ग्रह कहेंगे। तब मध्यम ग्रह का क्या उपयोग ? ऐसा नहीं कहना चाहिये क्योंकि मध्यम शब्द से ही स्पष्ट की प्रतीति होती है। मध्यम ग्रह स्थान से स्पष्ट ग्रह (दृश्य ग्रह) का स्थान कुछ पीछे या कुछ आगे ही होगा। इसलिये

*भारतीय खगोल विज्ञान की जो प्रगति और उसका क्रमिक विकास ११वीं शताब्दी तक में महत्व प्राप्त कर चुका था १७वीं शताब्दी में कैपलर (KAPLER) ने यूरोप में इस विषय पर लिखा है।

अस्पष्ट मध्यम मान की स्पष्टता जानने के लिये मध्यमाधिकार के बाद स्पष्टाधिकार का होना सर्वथा उचित है।

इस गति गणित परम्परा से स्पष्ट ग्रह का ज्ञान हुआ। बाद में वेध से भी स्पष्ट ग्रह को आकाश में देखकर उसकी भी राशि, अंश और कला आदि आंकनी चाहिए। वेध और गणित में एक वाक्यता देखी गई तो यही ग्रह, दृग्गणितैक्य सिद्ध ग्रह है ऐसा खगोल शास्त्रियों का दृढ़ मत है। वेध से जाने गये और गणित से लाये गये इन दोनों ग्रहों में यदि परस्पर अन्तर पाया गया तो अपने गणित में पुनः अनेक विध, समीकरणों से इसका सूक्ष्म ज्ञान कर अवश्य इस ग्रह को दृग्गणितैक्य ही करना चाहिए। भास्कराचार्य ने दृग्गणितैक्य मत को ही सहर्ष स्वीकार कर उद्घोषणा की है कि, स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद् या इति।

प्राचीन आचार्य भू गर्भाभिप्रायिक ग्रह साधन करते हैं। दृक् प्रत्यय के लिये भू पृष्ठीय ग्रह होना चाहिए। इसलिये गर्भीय पृष्ठीय का अन्तर रूप विशेष संस्कार भी अपेक्षित है। इस प्रकार गणितागत ग्रह आकाश में प्रमाणी भूत होगा। यही दृग्गणितैक्य शब्द का तात्पर्य है।

ग्रह स्पष्टीकरण में, प्राचीन और अर्वाचीन मतों की एकवाक्यता होती हुई भी गणित प्रक्रिया के भेद से ग्रहों में कुछ अन्तर हो ही जाता है, इसलिये सभी आचार्यों ने शृङ्गोन्नत्ति, दृक्कर्म, सूर्य और चन्द्र ग्रहण आदि जिस प्रकार ठीक हों उस प्रकार गणित के संस्कार विशेषों को तत्तत्समय में युक्ति के साथ समझते हुये ग्रहों में देना चाहिए इसी बात की बराबर पुष्टि की है। बहुत समय से सोचते विचारते हुये मैंने भी दृक्प्रात्यय सिद्ध ग्रह को ही स्पष्ट ग्रह सहर्ष स्वीकार किया है। संभवतः इससे फलादेश ठीक हो सकेगा।

इदानीमर्द्धज्याकारणं ताश्चाह।

अर्द्धज्याग्रे खेचरो मध्यसूत्रात्
तिर्य्यक्संस्थो जायते येन तेन।
अर्द्धज्याभिः कर्म्म सर्वं ग्रहाणा-
मर्द्धज्येव ज्याभिधानात्र वेद्या ॥ २ ॥

तत्त्वाश्विनो नन्दसमुद्रवेदा-
श्चन्द्राद्रिषट्का गगनाङ्कनागाः।
पञ्चाभ्ररुद्रास्तिथिविश्वतुल्या
आद्यैर्निरुक्ता नखबाणचन्द्राः ॥ ३ ॥

नन्दावनीशैलभुवो दिगङ्क-
चन्द्रा हुताशग्रहपूर्णदस्राः।
तुरङ्गषट्काकृतयः कुराम-
सिद्धाः शराष्टेषुयमाः क्रमेण ॥ ४ ॥

गजाश्विभान्यङ्कशराष्टदस्रा-
स्तुरङ्गसप्तग्रहलोचनानि ।
अम्भोधिकुम्भाभ्रगुणास्तुरङ्ग-
शैलेन्दुरामा रसभूतदन्ताः ॥ ५ ॥

कुदन्तलोका द्वितुरङ्गदेवा
गोऽश्राब्धिलोकाः कुगुणाब्धिरामाः ।
भुजङ्गलोकाब्धिगुणाः क्रमज्या
अथोत्क्रमज्या मुनयोऽङ्कदस्राः ॥ ६ ॥

रसर्त्तवो भूधरभूमिचन्द्रा
द्व्यष्टेन्दवो भूरसलोचनानि ।
कृतेषुरामाः शशिषट्कवेदा
नन्दाद्रिबाणा गगनेन्दुशैलाः ॥ ७ ॥

गुणेषुनागा नगखाभ्रचन्द्राः
कुशैलरुद्राः शरवेदविश्वे ।
भुजङ्गनेत्रेषुभुवो नवेन्दु-
सप्तेन्दवोऽथो धृतिनन्दचन्द्राः ॥ ८ ॥

त्रिसूर्य्यनेत्राण्यमरत्रिदस्रा
वस्वब्धितत्त्वानि नगर्त्तुभानि ।
गोष्टाङ्कदस्रा दहनेन्दुदन्ता
नागाग्निवेदाज्यभुजत्रिभज्या ॥ ९ ॥

स्याद्व्यासखण्डं खलु खण्डकानि
प्रोक्तानि जीवाविवराणि तज्ज्ञैः ।

वा० भा०—इह हि स्पष्टीकरणप्रभृति सर्वं कर्म्मार्द्धज्याभिः प्रतिपाद्यते; यतो ग्रहवलये कोऽप्यवधिभूतः प्रदेशो मध्यशब्देनोच्यते। तस्मान्मध्याद्वलयगर्भगामि सूत्रं मध्यसूत्रमित्युच्यते। तस्मान्मध्यसूत्रात् तिर्य्यक्स्थो ग्रहो वलयेऽर्द्धज्याग्रे भवति। अतोऽर्द्धज्याभिः सर्व्वं कर्म्म। तत्र भगणकलाङ्कितवृत्तचतुर्थांशे ईदृशान्येव चतुर्विंशतिर्ज्यार्द्धानि भवन्ति। अत एव सूर्य्यसिद्धान्तार्य्यभटतन्त्रेष्वेतान्येव। एषामुपपत्तिर्गोलेऽनेकधा कथिता। तेषां ज्यार्द्धानामन्तराणि ज्याखण्डसंज्ञानि।

क्रमज्याः,—२२५ । ४४९ । ६७१ । ८९० । ११०५ । १३१५ । १५२० । १७१९ । १९१० । २०९३ । २२६७ । २४३१ । २५८५ । २७२८ । २८५९ । २९७७ । ३०८४ । ३१७७ । ३२५६ । ३३२१ । ३३७२ । ३४०९ । ३४३१ । ३३४८ ।

अन्तराणि,—२२४ । २२२ । २१९ । २१५ । २१० । २०५ । १९९ । १९१ । १८३ । १७४ । १६४ । १५४ । १४३ । १३१ । ११८ । १०७ । ९३ । ७९ । ६५ । ५१ । ३७ । २२ । ७ ।

उत्क्रमज्याः,—७ । २९ । ६६ । ११७ । १८२ । २६१ । ३५४ । ४६१ । ५७९ । ७१० । ८५३ । १००७ । ११७१ । १३४५ । १५२८ । १७१९ । १९१८ । २१२३ । २३३३ । २५४८ । २७६७ । २९८९ । ३२१३ । ३४३८ ।

अन्तराणि,—२२ । ३७ । ५१ । ६५ । ७९ । ९३ । १०७ । ११८ । १३१ । १४३ । १५४ । १६४ । १७४ । १८३ । १९१ । ११९ । २०५ । २१० । २१५ । २१९ । २२२ । २२४ । २२५ ।

